RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 6 अंक 118
फरीदाबाद, रविवार, 04 जून, 2023
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



महिला जूनियर एशिया कप में भारत की जीत के साथ आगाज

पेज - 12

ANIL GENERATOR
SILENT GAS GENERATOR
on Hire 62 KVA to 1500 KVA
DUAL FUEL GAS KIT DUNGS GERMANY FITMENT IN 250 KVA TO 1500 KVA
Sale-Purchase of Old Generator
250 KVA Gas Generator Leyland authorised Channel Partner

**मौसम** फरीदाबाद
अधिकतम 37.00°C
न्यूनतम 27.00°C

## क्विक न्यूज

### अमरनाथ गुफा में पूजा के साथ यात्रा की हुई रस्मी शुरुआत



**श्रीनगर।** दक्षिण कश्मीर स्थित अमरनाथ गुफा में शनिवार को 'प्रथम पूजा' के साथ ही वार्षिक अमरनाथ यात्रा की रस्मी शुरुआत हो गई। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए 'प्रथम पूजा' (पहली पूजा) में शामिल हुए। इस साल तीर्थयात्रा एक जुलाई से शुरू होगी और 31 अगस्त को समाप्त होगी। पिछले साल यात्रा में करीब तीन लाख श्रद्धालु शामिल हुए थे।

### मणिपुर: कुकी समुदाय के हमले में 15 लोग घायल

**इंफाल।** मणिपुर के वेस्ट इंफाल जिले के दो गांवों पर शुक्रवार रात को कुकी समुदाय के लोगों ने हमला कर दिया। हमले में 15 लोग घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक, समुदाय के लोगों ने मॉर्डन हथियारों और बमों के साथ अटैक किया। उधर, विष्णुपुर जिले के पोंबिखोक से भी हिंसा की जानकारी मिली है। हालांकि, यहां किसी के घायल होने की पुष्टि नहीं हुई है।

### खेलो इंडिया गेम्स में छाई हरियाणा की रिद्धि



**चंडीगढ़।** करनाल की तीरंदाज रिद्धि फोर ने फिर खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में प्रदेश का नाम चमकाया है। लखनऊ में 27 मई से दो जून तक आयोजित कंपटीशन में एक गोल्ड और एक ब्रॉन्ज मेडल पर निशाना साधा। प्रतियोगिता में देशभर के यूनिवर्सिटियों से तीरंदाज पहुंचे थे। रिद्धि ने सभी को पछाड़कर सीएम द्वारा दिए गए रिकर्ब धनुष से यह उपलब्धि हासिल की।

### डीजीपी पीके अग्रवाल को मिला डेढ़ महीने का एक्टेंशन

**चंडीगढ़।** हरियाणा के डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस (डीजीपी) पीके अग्रवाल को डेढ़ महीने की एक्सटेंशन मिल गई है। अब वह 15 अगस्त तक अपने पद पर बने रहेंगे। वैसे उनका 30 जून को रिटायरमेंट हो रहा है। सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले के अनुसार राज्य के डीजीपी का कार्यकाल न्यूनतम दो वर्ष का होता है, बेशक उनकी रिटायरमेंट कभी भी हो। हाईकोर्ट के एडवोकेट हेमंत कुमार ने डीजीपी के कार्यकाल को लेकर गृह मंत्रालय में एक आरटीआई याचिका लगाई थी, जिसके जवाब में सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का हवाला दिया गया है।

# ओडिशा में ट्रेन हादसा

## नौ सौ से अधिक लोग घायल

# मरने वालों की संख्या तीन सौ के करीब पहुंची





ट्रेनों के बीच टक्कर रोकने वाला कवच सिस्टम इस रूट पर नहीं था मौजूद

विस्तृत खबर पेज-9 पर

**एजेंसी। भुवनेश्वर**

**ओडिशा** के बालासोर में शुक्रवार शाम हुए रेल हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर तीन सौ के करीब हो गई है। 900 से ज्यादा लोग घायल हैं। मरने वालों का आंकड़ा अभी बढ़ सकता है। हादसा बालासोर के बहानगा बाजार स्टेशन के पास शाम करीब सात बजे हुआ। सूत्रों अनुसार ट्रेनों के बीच टक्कर रोकने वाला कवच सिस्टम इस रूट पर मौजूद नहीं था।

हादसे के 21 घंटे बाद यानी शनिवार शाम चार बजे तक रेल मंत्री या रेलवे मिनिस्ट्री ने हादसे की वजहों पर कुछ नहीं कहा। मंत्री से लेकर अफसर तक जांच कराने की बात दोहराते रहे। इधर न्यूज एजेंसी ने सूत्रों के हवाले से खबर दी है कि सिग्नल फेल होना भी हादसे की वजह हो सकता है। हालांकि इसकी अभी पुष्टि नहीं हुई। हादसे के एक घंटे बाद शाम को करीब आठ बजे बालासोर में एक ट्रेन के पटरी से उतरने की खबर आई। इसके बाद दूसरी ट्रेन डिरेल होने की बात पता चली। रात करीब 10 बजे साफ हुआ कि दो यात्री गाड़ियां और एक मालगाड़ी टकराई हैं। शुरुआत में 30 लोगों के मारे जाने की जानकारी थी, लेकिन देर रात यह आंकड़ा 200 के पार पहुंच गया। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि बहानगा बाजार स्टेशन की आउटर लाइन पर एक मालगाड़ी खड़ी थी। हावड़ा से चेन्नई जा रही कोरोमंडल एक्सप्रेस यहां डिरेल होकर मालगाड़ी से टकरा गई।

एक्सप्रेस का इंजन मालगाड़ी पर चढ़ गया और बोगियां तीसरे ट्रैक पर जा गिरीं। टक्कर के बाद कोरोमंडल एक्सप्रेस के 13 डिब्बे बुरी तरह छतिग्रस्त हो गए। इनमें सामान्य, स्लीपर, एसी-3 टियर और एसी-2 टीयर के डिब्बे शामिल थे। कुछ डिब्बे बगल के ट्रैक पर भी जा गिरे। उस वक्त दूसरी ओर से बेंगलुरु-हावड़ा सुपरफास्ट एक्सप्रेस को गुजरना था। बेंगलुरु-हावड़ा एक्सप्रेस के ट्रैक पर कोरोमंडल एक्सप्रेस के डिब्बे गिरे हुए थे। इसकी वजह से बेंगलुरु-हावड़ एक्सप्रेस इन डिब्बों से टकरा गई। टक्कर के चलते बेंगलुरु-हावड़ा एक्सप्रेस के सामान्य श्रेणी के तीन डब्बे पूरी तरह क्षतिग्रस्त होकर पटरी से उतर गए। हादसे के बाद लोगों की चीख-पुकार शुरू हो गई। चारों तरफ खून से सने क्षत-विक्षत और अंगविहीन शव ही दिख रहे थे।

### हादसे को लेकर विपक्ष ने रेल मंत्री पर साधा निशाना

**ओडिशा** में ट्रिपल ट्रेन हादसे में मरने वालों की संख्या दुर्घटना के 15 घंटे बाद तीन सौ के पास पहुंच गई है जबकि घायल होने वालों की संख्या 900 से अधिक है। विपक्ष इस मामले में अब सरकार पर हमलावर हो गई है। विपक्ष ने मामले में रेल मंत्री के इस्तीफे की मांग की है। बता दें रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव हादसे की जांच के लिए एक उच्चस्तरीय समिति का गठन करने का आदेश दे दिया है। विपक्ष के नेताओं ने हादसे के लिए जिम्मेदार सिग्नल फेल्योर के लिए आरोप लगाने शुरू कर दिए हैं। तृणमूल कांग्रेस के प्रवक्ता साकेत गोखले ने कहा कि सिग्नल फेल होने से इतना बड़ा हादसा विश्वास से परे और आश्चर्यजनक है।

### राज्य में राजकीय शोक घोषित

**ओडिशा** के मुख्य सचिव प्रदीप जेना ने बताया कि रेल हादसे में 250 से अधिक लोगों की मौत हुई है और 900 से ज्यादा यात्री घायल हुए हैं। फिलहाल मौके पर राहत बचाव कार्य जारी है। अभी मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। वहीं, भीषण ट्रेन हादसे के बाद ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने आज एक दिन के राजकीय शोक की घोषणा की है।

### गोवा-मुंबई वंदे भारत एक्सप्रेस का उद्घाटन समारोह रद्द

**ओडिशा** रेल हादसे के बाद आज होने वाला गोवा-मुंबई वंदे भारत एक्सप्रेस का उद्घाटन समारोह रद्द कर दिया गया। कोंकण रेलवे के अधिकारियों ने शुक्रवार को कहा कि मडगांव स्टेशन पर गोवा-मुंबई वंदे भारत एक्सप्रेस के उद्घाटन समारोह को ओडिशा में ट्रेन दुर्घटना होने के मद्देनजर रद्द कर दिया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार सुबह वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से गोवा-मुंबई वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाने वाले थे।

## देश में ट्रेनों के पांच सबसे भीषण हादसे

### छह जून 1981: बिहार में 800 की मौत

**पैसेंजर** ट्रेन मानसी से सहरसा की ओर जा रही थी। ट्रेन बागमती नदी के ऊपर बने पुल से गुजर रही थी, तभी अचानक ड्राइवर ने ब्रेक मार दिया। एक झटके में इसके सात डिब्बे नदी में गिर गए। इसमें करीब 800 लोगों की मौत हुई थी। सरकारी आंकड़े में 300 लोगों के मरने की बात कही गई।

### 20 अगस्त 1995: फिरोजाबाद में 350 की मौत

**कालिंदी** एक्सप्रेस दिल्ली जा रही थी, तभी फिरोजाबाद स्टेशन पर एक नीलगाय टकरा गई। इससे कुछ देर के लिए ट्रेन रुक गई। इसी बीच पीछे से पुरुषोत्तम एक्सप्रेस ने उसे टक्कर मार दी। इसमें 350 लोगों की मौत हुई थी। 400 लोग घायल हुए थे।

### दो अगस्त 1999: प. बंगाल में 285 की मौत

**ब्रह्मपुत्र** मेल कटिहार डिवीजन के गैसल स्टेशन पर खड़ी अवध असम एक्सप्रेस से टकरा गई थी। इस हादसे में 285 से ज्यादा लोगों की मौत हुई थी। करीब 300 लोग घायल हुए थे।

### 26 नवंबर 1998: पंजाब में 212 की मौत

**जम्मू** तवी-सियालदह एक्सप्रेस पंजाब के खन्ना में फ्रंटियर गोल्डन टेंपल मेल के पटरी से उतरे तीन डिब्बों से टकरा गई थी, जिसमें 212 लोगों की मौत हो गई थी।

### 20 नवंबर 2016: कानपुर में 153 की मौत

**पटना** इंदौर एक्सप्रेस पटना की ओर जा रही थी। सुबह 3 बजे के करीब कानपुर के पुखरायां के पास इसके 14 डिब्बे पटरी से उतर गए। इसमें 153 लोगों की जान चली गई थी।

## सवाल हादसे का जिम्मेदार कौन है, अब तक पता नहीं

### दुर्घटना के लिए जिम्मेदार लोगों को बख्शा नहीं जाएगा: पीएम मोदी



**प्रधानमंत्री** मोदी ओडिशा के बालासोर में हुई ट्रेन दुर्घटना में घायल लोगों से मिलने अस्पताल पहुंच गए, पीएम ने अस्पताल में घायल लोगों से बातचीत की और उनका हालचाल जाना।



अस्पताल जाने से पहले दुर्घटना स्थल पर भी गए थे, जहां उन्होंने स्थिति का जायजा लिया। इस बीच उनके साथ तमाम अधिकारियों के समेत केंद्रीय रेल मंत्री भी थे। घटना को लेकर पीएम ने कहा कि इस दुर्घटना के लिए जिम्मेदार लोगों को बक्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा, हादसा विचलित करने वाली है। इस दुख के समय में सरकार परिवार के साथ खड़ी है। मेरे पास शब्द नहीं हैं, इस वेदना में बोलने के लिए। दुख की घड़ी है। हम सब प्रार्थना करें उन परिजनों के लिए जिन्होंने अपनो को खोया है। सरकार हर स्तर पर जांच करा रही है।

### कहीं किसी का कटा हाथ पड़ा था तो कहीं पैर



**अंधेरा** होने के कारण रोते-बिलखते लोग अपनों को तलाशते रहे। कुछ को धड़ मिला, तो सिर नहीं। लोग चीखते हुए अपनों के टुकड़े बटोरते दिखे। हालात ऐसे थे कि बोगियों में फंसे बच्चों और महिलाओं को कोच से बाहर निकालने के लिए सीढ़ी का सहारा लेना पड़ा। ट्रेन में फंसे हुए लोगों को बाहर निकालने के स्थानीय लोग भी देर रात तक जी-जान से जुटे दिखे। अस्पताल में भी घायलों की मदद के लिए कई लोग खड़े थे। इस हादसे में अब तक करीब तीन सौ की मौत हो चुकी है। वहीं, 900 से ज्यादा लोग घायल हैं। ऐसे में मरने वालों का आंकड़ा और भी बढ़ सकता है। एक्सीडेंट में घायल हुए लोगों ने इस हादसे का जो आंखों-देखा हाल बताया, उससे समझा जा सकता है कि हादसा कितना भयावह था।

### मृतक के लिए दस लाख, गंभीर घायलों को दो लाख

**रेल मंत्री** अश्विनी वैष्णव सुबह बालासोर पहुंचे और हादसे की जांच के आदेश दिए। उन्होंने मृतकों के परिवार को 10 लाख रुपये, गंभीर रूप से घायल लोगों के लिए दो लाख रुपये और चोट लगने वाले लोगों के लिए 50,000 रुपये देने की घोषणा की है। राहुल और प्रियंका गांधी ने हादसे पर दुख जताते हुए पार्टी कार्यकर्ताओं से लोगों की मदद करने की अपील की है।

## मणिपुर: सेना-पुलिस मिलकर हिंसा में लूटे हथियार जब्त करेगी

**इंफाल।** सेना और असम राइफल्स ने शनिवार को पुलिस और सीआरपीएफ के साथ मिलकर मणिपुर के पहाड़ी और घाटी क्षेत्र में एरिया डोमिनेशन ऑपरेशन शुरू किया। यह ऑपरेशन राज्य में हिंसा के दौरान लूटे गए हथियारों को बरामद करने के लिए चलाया गया है। राज्य में तीन मई को हिंसा भड़की थी। इसके बाद सुरक्षाबलों के करीब दो हजार हथियार लूटे गए थे।

उधर, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अपील के बाद दो जून को मणिपुर में उपद्रवियों ने 144 हथियार और 11 मैगजीन सरेंडर किए थे। इनमें एसएलआर 29, कार्बाइन, एके, इंसास राइफल, इंसास एलएमजी, एम16 राइफल जैसी हाईटेक राइफल्स और ग्रेनेड भी शामिल हैं। मणिपुर सुरक्षा सलाहकार कुलदीप सिंह ने इसकी जानकारी दी थी।

## पाकिस्तान ने 200 भारतीय मछुआरे रिहा किए

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने शनिवार को 200 भारतीय मछुआरों को रिहा कर दिया। अटारी-वाघा बॉर्डर पर बीएसएफ को सौंपा गया। मछुआरों की नाव कथित तौर पर अरब सागर के पाकिस्तानी इलाके में चली गई थीं, जिसके चलते गिरफ्तार कर लिया था।

## जमानत के बावजूद बीमार पत्नी से नहीं मिल सके सिसोदिया

**एजेंसी। नई दिल्ली**

**दिल्ली** के पूर्व डिप्टी ष्टरू मनीष सिसोदिया जमानत मिलने के बाद भी बीमार पत्नी से नहीं मिल सके। वे शनिवार सुबह पत्नी सीमा सिसोदिया से मिलने के लिए घर पहुंचे। हालांकि उनके पहुंचने से पहले ही उनकी पत्नी की तबीयत ज्यादा खराब हो गई, जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया गया। कोर्ट ने सिसोदिया को शनिवार सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे के बीच घर जाकर पत्नी से मिलने की इजाजत दी थी, लेकिन कोर्ट ने उन्हें हॉस्पिटल जाने की परमिशन नहीं दी थी। इस वजह से जमानत मिलने के बावजूद सिसोदिया अपनी पत्नी से नहीं मिल सके और 7 घंटे बाद वापस तिहाड़ जेल पहुंच गए।

### पत्नी को पहले ही हॉस्पिटल में भर्ती करना पड़ा

## पश्चिम बंगाल में उगाया गया दुनिया का सबसे महंगा आम

**एजेंसी। कोलकाता**

### एक किलो की कीमत दो लाख 70 हजार रुपये

**पश्चिम** बंगाल के बीरभूम के दुबराजपुर में दुनिया का सबसे महंगा आम 'मियाजाकी' उगाया गया है। स्थानीय मस्जिद में लगे इस आम की शुक्रवार को वहां के अधिकारियों ने नीलामी की। इसमें उन्होंने लाखों रुपये कमाए, जिसका इस्तेमाल मस्जिद के विकास में होगा।

हालांकि, उन्होंने कमाई का आंकड़ा जारी नहीं किया है।आमतौर पर जापान में पाए जाने वाले इस आम का वजन 350 ग्राम होता है और इसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत दो लाख 70 हजार रुपये प्रति किलो होती है।

ऐसे में अगर एक किलो में तीन आम भी चढ़ते हैं तो अंदाजा लगाया जा सकता है कि एक आम की कीमत लगभग 90 हजार रुपये होगी।

### नाराज पहलवानों के मुद्दे को लेकर मुख्यमंत्री का दावा

# कुछ संगठनों की वजह से फैसला नहीं हुआ, खाप पंचायतें आगे आएं

**पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़**



**भारतीय** कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष सांसद बृजभूषण और रेसलर्स विनेश फोगाट, साक्षी मलिक व बजरंग पूनिया के मामले में हरियाणा मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने खाप पंचायतों से मामला हल करने में मदद को कहा है। शनिवार को करनाल पहुंचे सीएम मनोहर ने कहा कि यह मामला काफी समय से चल रहा है। केंद्र सरकार इसे देख रही है। निश्चित रूप से कोई न कोई हल इसमें निकलना चाहिए। हमने अपनी ओर से प्रयत्न किए थे। कुछ लोगों से बातचीत हुई, लेकिन फैसला होते समय छोटी-मोटी कमियां रह जाती हैं। इसके बाद कुछ संगठन खड़े हो गए और फैसला होते-होते रह गया। मुख्यमंत्री ने खाप पंचायतों से निवदेन किया वह मामले को हल करने में आगे आएं और सहयोग करे ताकि असली विवाद पर फैसला हो सकें।

### आईएएस खेमका ने पहलवानों को बताया सच्चा नायक

**हरियाणा** के रेसलर्स और डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष बृजभूषण विवाद में राज्य के एक सीनियर आईएएस की एंट्री हो गई है। हमेशा विवादों में रहने वाले हरियाणा के अशोक खेमका ने इस मामले में अपनी चुप्पी तोड़ी है। खेमका ने बृजभूषण की गिरफ्तारी और इस्तीफे की मांग करने वाले हरियाणा के पहलवानों को सच्चा नायक बताया है। खेमका ने ट्वीट कर लिखा है कि खेल में महिलाओं की गरिमा के संघर्ष में संघर्ष को हमेशा एक मील के पत्थर के रूप में उकेरा जाएगा।

### बृजभूषण सिंह के खिलाफ चार गवाह सामने आए

**सांसद** बृजभूषण शरण सिंह की मुश्किलें बढ़ सकती है। दिल्ली पुलिस को इस मामले में चार गवाह मिले हैं, जिन्होंने बृजभूषण पर लगे आरोपों की पुष्टि की है। इनमें एक-एक ओलिंपियन, कॉमनवेल्थ गोल्ड मेडलिस्ट, इंटरनेशनल रेफरी और स्टेट लेवल कोच शामिल हैं। ये सभी उन 125 गवाहों में शामिल हैं, जिन्हें इस केस में शामिल किया गया है। दिल्ली पुलिस आरोपों वाली जगह यानी चार राज्यों हरियाणा, उत्तर प्रदेश, झारखंड और कर्नाटक में इसकी जांच कर रही है। सूत्रों के मुताबिक, आरोपों की पुष्टि करने वाले गवाह ओलिंपियन और कॉमनवेल्थ गोल्ड मेडलिस्ट, दोनों महिला रेसलर हैं।

# साइकिल दिवस पर सराय स्कूल के विद्यार्थियों ने बनाई पेंटिंग




**फरीदाबाद।** राजकीय मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सराय ख्वाजा फरीदाबाद में जूनियर रेडक्रॉस, सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड और गाइड्स ने प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा की अध्यक्षता में विश्व साइकिल दिवस के उपलक्ष में प्रतिरोधक क्षमता विकसित करने के लिए साइकिल चलाने का सुझाव दिया।

प्राचार्य ने विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई पेंटिंग के माध्यम से विश्व साइकिल दिवस पर पर्यावरण संरक्षण एवं प्रतिरोधक क्षमता बढ़ा कर स्वयं को स्वस्थ रखने के लिए व्यायाम के रूप में प्रतिदिन साइकिल चलाने की आवश्यकता पर बल दिया, ताकि सभी अपने आप को स्वस्थ और निरोगी रख सकें। उन्होंने कहा कि विश्व साइकिल दिवस प्रति वर्ष तीन जून को परिवहन, मनोरंजन और पर्यावरण संरक्षण के लिए साइकिल के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है। मनचंदा ने कहा कि प्रतिरोधक क्षमता सुदृढ़ करने के लिए साइकिल का अधिकाधिक प्रयोग करने की आवश्यकता है, क्योंकि साइकिल के प्रयोग से न प्रदूषण होता है, न ही पैट्रोल या डीजल खर्च। प्रतिरोधक क्षमता दिन प्रतिदिन बूस्ट होती है। साइकिल दिवस परिवहन के एक साधारण, सरल, भरोसेमंद, स्वच्छ और पर्यावरण की दृष्टि से फिट तथा सुगमता से उपलब्ध साधन को प्रोत्साहित करने को मनाया गया।

# नेहरू कॉलेज में आए छह नए कोर्स से छात्रों में खुशी की लहर

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

## एनएसयूआई ने लड्डू बांटकर मनाई खुशी

**एनएसयूआई** फरीदाबाद के कार्यकर्ताओं ने एनएसयूआई हरियाणा के पूर्व प्रदेश महासचिव कृष्ण अत्री के नेतृत्व में कॉलेज में नए कोर्स आने पर खुशी जाहिर करते हुए सरस्वती माता की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। कॉलेज के प्राचार्य महेंद्र कुमार गुप्ता का मुंह मीठा कराया तथा छात्रों को लड्डू खिलाए। इस दौरान प्रोफेसर राजेंद्र सिंह, अंकित कौशिक, देवेंद्र, हरवंश मुख्य रूप से मौजूद रहे।

कृष्ण अत्री ने बताया कि एनएसयूआई फरीदाबाद का दो सालों का संघर्ष रंग लाया है, जिसके चलते कॉलेज में छह नए कोर्स आये हैं। नए कोर्स में बीए ज्योग्राफी ऑनर्स, बीए हिंदी ऑनर्स, एमए ज्योग्राफी, एमएससी फिजिक्स, एमसीए तथा पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन कंप्यूटर एप्पलीकेशन शामिल हैं।

उन्होंने बताया एनएसयूआई ने कुल छह कोर्स की मांग की थी, जिनमें से चार कोर्स को मंजूरी मिली है तथा बाकी दो कोर्स की मांग कॉलेज प्रशासन द्वारा की गई थी। कृष्ण अत्री ने बताया कि इन कोर्स को कॉलेज में लाने के लिए एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने काफी



प्रयास किये। उन्होंने बताया कि इस मांग को लेकर 30 जनवरी 2021 को नेहरू कॉलेज के प्राचार्य महेंद्र गुप्ता को उच्चतर शिक्षा विभाग के डायरेक्टर अजीत बालाजी जोशी के नाम ज्ञापन सौंपा था और इसके बाद 10 फरवरी 2021 को नेहरू कॉलेज के गेट पर हस्ताक्षर अभियान चलाया था। जिसमें 2500-3000 छात्रों ने हस्ताक्षर करके सहमति दर्ज करवाई थी तथा 13 फरवरी 2021 को नेहरू कॉलेज में पहुंचे विधायक राजेश नागर को ज्ञापन सौंपा था। इसी संघर्ष के चलते सत्र 2022-2023 में बीए ज्योग्राफी कोर्स शुरू हुआ था और अब सत्र 2023-2024 की शुरुआत में ही पांच नए कोर्स और शुरू हो रहे हैं।

अत्री ने बताया कि एनएसयूआई एकमात्र ऐसा संगठन है, जो हमेशा छात्रों की मांगों को प्रमुखता के साथ उठाता है और उन्हें पूरा भी करवा कर देता है। उन्होंने बताया कि आने वाले समय में भी कई प्रमुख मांगो को उठाया जाएगा और उन्हें पूरा करवाया जाएगा। इस दौरान युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष आकाश पंडित, एडवोकेट शशांक जैन, आरिफ खान, पुनीत सहरावत, सोनू सिंह, मनीष चौधरी, सुमित तंवर, निपुण गौड़, गौरी तंवर, लक्ष्य ठाकुर, सचिन त्यागी, लवनीष, हर्ष चौधरी, अभिषेक, रिंकेश, अनुज सौरोत आदि छात्र मौजूद थे।

# बल्लभगढ़ में मां की डांट पर बेटी फंदे पर झूली, मौत



शोकाकुल मृतक युवती के परिजन।

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**बल्लभगढ़** में मां की डांट से नाराज नाबालिग बेटी ने कमरे में फंदा लगा जान दे दी। बेटी और बेटे में टूथब्रुश को लेकर झगड़ा हुआ था। जिसमें पड़ी डांट को वह सहन नहीं कर पाई। फंदा लगाने से पहले बेटी ने एक लाइन का सुसाइड नोट लिखा-अब किसी को डांटना नहीं पड़ेगा, आई लव यू। पुलिस ने मृतका के शव का पोस्टमार्टम करवाने के बाद वारिसों को सौंप दिया।

तिरखा कॉलोनी में रहने वाले लड़की के दादा रामेश्वर ने पुलिस को बताया कि उसकी 17 साल की पोती मनीषा के टूथब्रश से छोटे भाई संजू ने

## एक लाइन का सुसाइड नोट लिखा, अब किसी को डांटना नहीं पड़ेगा

दांत साफ कर लिए। मनीषा को इसका पता चला तो वह नाराज हो गई। भाई-बहन में इसी बात पर झगड़ा शुरू हो गया। मनीषा ने तैश में आकर छोटे भाई का ब्रश तोड़ दिया। दोनों को लड़ते देख मां गीता वहां आई। मनीषा बड़ी थी तो पहली डांट उसे पड़ी। मां ने बेटे को भी डांटा कि इतनी छोटी बात पर इस तरह क्यों झगड़ा कर रहे।

भाई-बहन का झगड़ा तो खत्म हो गया, लेकिन इस डांट से मनीषा



मृतक मनीषा का फाइल फोटो।

मानो सदमे में चली गई। इसके बाद मां गीता समेत पूरा परिवार पड़ोस में कीर्तन में चला गया। तब तक किसी ने यह नहीं सोचा था कि मनीषा के मन में क्या चल रहा है। जब वे कीर्तन से वापस लौटे तो घर का दरवाजा अंदर से बंद था। तेज आवाज में टीवी चल रहा था।

उन्होंने दरवाजा खटखटाया तो किसी ने नहीं खोला। उन्होंने अंदर झांककर देखा तो मनीषा फंदे से लटकी हुई थी। दादा ने बताया शायद पोती को लगा कि मुझे बेवजह डांटा गया। हर बार मुझे ही डांट पड़ती है। भाई को ज्यादा कुछ नहीं कहते। इसी वजह से उसने यह कदम उठा लिया। मां गीता भी बेटी की खुदकशी से गम में डूबी है। उसे भी समझ नहीं आ रहा कि बेटी को डांटकर कितनी बड़ी गलती कर दी।

## जेब में रखा मोबाइल फटने से युवती हुई घायल



**फरीदाबाद।** गांव जा रही युवती की जेब में रखा मोबाइल फट गया, जिससे वह घायल हो गई। लड़की बल्लभगढ़ सिविल अस्पताल में उपचाराधीन है। घटना बल्लभगढ़ बस अड्डा चौक के समीप की है। जहां मूल रूप से उत्तर प्रदेश के एटा जिले की रहने वाली और फिलहाल फरीदाबाद जिले के गांव चंदावली में रहने वाली युवती गर्मियों की छुट्टियां पड़ने पर अपने दादा दादी के पास अपने गांव जा रही थी कि तभी जब वह बल्लभगढ़ बस अड्डा चौक के पास पहुंची तो युवती के मुताबिक उसकी पेंट में रखे मोबाइल फोन में अचानक आग लग गई और उसके मोबाइल फोन की बैटरी फट गई। जिससे युवती का दाया पैर बुरी तरह जख्मी हो गया। घटना के बाद घायल युवती युक्ति को बल्लभगढ़ के सिविल अस्पताल लाया गया, जहां इमरजेंसी वार्ड के डॉक्टरों ने घायल युवती को प्राथमिक उपचार दे दिया है। साथ ही मामले की सूचना युवती के परिजनों को दे दी। सूचना मिलने पर युवती के परिजन भी मौके पर अस्पताल पहुंचे।

# ग्रेटर फरीदाबाद के नौ सरकारी स्कूलों के टॉपर्स को किया सम्मानित

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**ग्रेटर** फरीदाबाद स्थित एकॉर्ड अस्पताल में सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले 10वीं के बोर्ड परीक्षा में टॉपर्स को सम्मानित करने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें अस्पताल द्वारा नौ छात्र छात्राओं को पांच-पांच हजार रूपये का नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में ब्लॉक एजुकेशन ऑफिसर डॉ. मनोज मित्तल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

उन्होंने कहा कि होनेहार छात्र छात्राओं को सम्मानित करना बेहद सराहनीय कार्य है। इससे बच्चों को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम में उपस्थित अस्पताल चेयरमैन डॉ. प्रबल रॉय ने बताया कि प्राइवेट स्कूलों के छात्र तो किसी प्रकार आगे बढ़ जाते हैं, लेकिन सरकारी स्कूलों के छात्र छात्राओं को समय-समय पर प्रोत्साहित करना बहुत जरूरी होता है। इससे न केवल उन बच्चों को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है, बल्कि कमजोर बच्चे भी कड़ी मेहनत



कर आगे बढ़ने का प्रयास करते हैं। छात्र भविष्य की नींव होते हैं। उन्हें शुरुआत से ही सही मार्गदशन की जरूरत होती है। पैसों की कमी की वजह से उनकी पढ़ाई न रुके, अस्पताल का यही प्रयास है। इसलिए उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया है। न्यूरोलॉजी डिपार्टमेंट चेयरमैन डॉ. रोहित गुप्ता, नेफ्रोलॉजी डिपार्टमेंट चेयरमैन डॉ. जितेंद्र कुमार तथा हड्डी एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट डिपार्टमेंट चेयरमैन डॉ. युवराज कुमार तथा न्यूरो सर्जन डॉ. हिमांशु अरोड़ा ने छात्र छात्राओं को स्कूल के साथ जिले का नाम रोशन करने के लिए बधाई दी। इस अवसर पर डॉ. दिव्या, डॉ. सविता, पूनम, अपर्णा भी मौजूद रहे।

# साइकिल रैली निकालकर आमजन को पर्यावरण के प्रति किया जागरुक

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**विश्व** साइकिल दिवस पर पर्यावरण को शुद्ध रखने के उद्देश्य से इको क्लब द्वारा इंद्रप्रस्थ कॉलोनी में साइक्लोथोन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग किया और साइकिलिंग की।

इस दौरान करीब 70 बच्चों ने साइकिलिंग के लिए हिस्सा लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में



एसीपी ट्रैफिक विनोद कुमार के साथ-साथ ट्रैफिक ताऊ वीरेंद्र सिंह, देवेंद्र सिंह रोड सेफ्टी सुरक्षा काउंसलर हरियाणा सरकार, सुरेंद्र दहिया मौजूद रहे। कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों का इको क्लब की कोर सदस्य नीता गुप्ता, शालिनी अग्रवाल, ममता श्रीवास्तव, पल्लवी सचान, सोनाली सारस्वत, अंकुर शरन ने स्वागत किया। एसीपी ट्रैफिक विनोद कुमार ने कहा कि आज के दौर में वाहनों के बढ़ने से पर्यावरण प्रदूषण बढ़ रहा है, जिसके चलते लोगों को कई प्रकार की बीमारियां हो रही है। हम पर्यावरण के लिए अपना सहयोग देकर अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाकर और उनकी देखभाल करके पर्यावरण को शुद्ध रखने में अपना योगदान देना होगा।

# समय पर किए गए रक्तदान से लोगों का जीवन बचाया जा सकता है : अजय गौड़

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**शनिवार** को चार्टर्ड अकाउंटेंट इंस्टीट्यूट फरीदाबाद और रेडक्रॉस सोसायटी फरीदाबाद के संयुक्त तत्वावधान मे आईसीएआई में एक स्वेच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अजय गौड़ पूर्व राजनैतिक सचिव मुख्यमंत्री ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।

डॉ. विनय गुप्ता सीएमओ फरीदाबाद तथा राजेश चेची डीएसपी सीएम फ्लाइंग ने विशिष्ट अतिथि के रूप मे उपस्थित होकर रक्तदानियों को प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर अजय गौड़ ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमें रक्तदान मुहिम के साथ जुड़ना चाहिए। रक्तदाता द्वारा दान किए गए रक्त से आपातकालीन स्थिति में किसी जरूरतमंद व्यक्ति की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि व्यक्ति को रक्तदान के महत्व का



अहसास जब होता है, जब कोई उसका अपना नजदीकी रक्त की कमी से जिदंगी और मौत से जुझ रहा होता है। उन्होंने कहा कि रक्तदान से बड़ी कोई मानव सेवा नहीं हो सकती, हमें समय-समय पर अपना रक्तदान करना चाहिए। जिससे रक्तकोष में रक्त का अभाव न रहे और किसी भी व्यक्ति को समय रहते रक्त उपलब्ध करवाया जा सके।

सीएमओ फरीदाबाद ने बताया कि हमें नियमित रक्तदान करने के लिए आमजन को प्रेरित करना चाहिए, जिससे हर युवा इस अभियान से जुड़ सके। संस्थान के चेयरमैन सीए नीतेश पाराशर ने संस्थान सभी प्रशिक्षनार्थियों को रक्तदान के प्रति जागरूक करते हुए ज्यादा से ज्यादा रक्तदान के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर बिजेंद्र सोरौत सचिव रेडक्रॉस फरीदाबाद ने बताया कि रक्तदान के क्षेत्र में फरीदाबाद पिछले कई वर्षों से हरियाणा राज्य में प्रथम पायदान पर है तथा गत वर्ष 2022-23 में भी सभी सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं व रक्तदानियों की बदौलत प्रथम स्थान पर रहा है। रेडक्रॉस संरक्षक विमल खंडेलवाल ने बताया कि हम साल में चार बार रक्तदान कर सकते हैं।

# जींद रैली से बदलेगी हरियाणा की राजनीतिक फिजां : हरेंद्र भाटी

## जिलाध्यक्ष ने युवा विंग के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर तय की रैली की रूपरेखा

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**आठ** जून को जींद में आयोजित रैली एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल व पंजाब मुख्यमंत्री भगवंत मान के रोड शो को लेकर फरीदाबाद के आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं ने तैयारियां तेज कर दी है।

इसी कड़ी में आज आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष हरेंद्र भाटी ने युवा विंग के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर रैली को लेकर रणनीति बनाई और विचार विमर्श किया। बैठक में मुख्य रूप से यूथ विंग हरियाणा के स्टेट वाइस प्रेसीडेंट प्रियदर्शनी सिंह, स्टेट सचिव मनोज फौजी, वाइस प्रेसीडेंट सूरज नेहरा, जिला सचिव यूथ विंग फरीदाबाद रिंकू सिलानी, वाइस प्रेसीडेंट चंचल तंवर, महेश क्रांतिकारी आदि शामिल रहे। बैठक में जिलाध्यक्ष हरेंद्र भाटी ने प्रियदर्शनी सिंह सहित अन्य युवा विंग का फूलों का गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष हरेंद्र भाटी ने कहा कि जींद रैली के बाद हरियाणा की राजनीति फिजा पूरी तरह से बदल जाएगी, क्योंकि इस रैली में पूरे प्रदेश के सभी जिलों से हजारों की संख्या में लोग अपनी उपस्थिति दर्ज करवाकर केजरीवाल और भगवंत मान के ओजस्वी विचारों को सुनेंगे। उन्होंने कहा कि इस रैली को लेकर सत्तापक्ष भाजपा के साथ-साथ विपक्षी दलों की भी नजरें लगी हुई है, क्योंकि इस रैली के बाद प्रदेश में भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार की उल्टी गिनती शुरू हो जाएगी।

# डाकघर में दो पक्षों में जमकर चले लाठी डंडे

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**फतेहपुर** तगा स्थित किराए के कमरे में चल रहे एक डाकघर में शुक्रवार दोपहर दो पक्षों में जमकर लाठी-डंडे चले व चाकूबाजी हुई। इसमें एक पक्ष के दो युवक घायल हो गए। उनका नजदीक के अस्पताल में उपचार कराया गया।

बताया जा रहा है कि दोनों पक्ष डाकघर में अपने परिजन को वृद्धा पेंशन दिलाने में पहुंचे थे और इनमें पहले पेंशन लेने को लेकर विवाद हो गया था। धौज थाना की पुलिस जांच में जुटी है।

फतेहपुर तगा निवासी जावेद ने अपनी शिकायत में पुलिस को बताया है कि एक जून को वह अपनी दादी को लेकन उन्हें वृद्धा पेंशन दिलाने गांव के ही स्थित डाकघर गया था। गांव में डाकघर अजरू नामक व्यक्ति के मकान में किराए पर चल रहा है। डाकिया भी उसी के मकान में किराए पर रह रहा है। पीड़ित ने बताया कि उसकी दादी को जैसे ही डाकिया पेंशन के लिए अंदर बुलाया, बसीर नामक व्यक्ति ने उसकी दादी को रोक दिया और पहले वह पेंशन लेने की बात कहने लगा।

पीड़ित ने बताया कि उसने इसका विरोध किया तो डाकघर का मकान मालिक अजरू गाली-गलौंज शुरू कर दी। वह डाकिया से पेंशन देने से मना कर दिया। आरोप है कि इस बात को लेकर अजरू, बसीर अन्य लोगों ने जोवद व बीच बचाव करने आए उसके भाई पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। आरोपियों ने पीड़ितों को लाठी-डंडो से भी जमकर पिटाई की। धौंज थाना की पुलिस शिकायत मिलने पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्जकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

**पायनियर पाठकों के लिए**

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- मदनलाल, अंबेडकर चौक बल्लभगढ़ 9811477204
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट मोबाइल नंबर- 9255029919
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103




अँधेरों में उठी पल में ध्वनि मृत्यु के गर्जन की
कहानी सैकड़ों बिखरी पड़ी है आज क्रन्दन की
मदारी कौन है जिसके इशारों पर यूँ पटरी से
अचानक ही उतर जाती है चलती ट्रैन जीवन की

# मानव रचना में फिल्म फौजा के प्रमोशन के लिए पहुंची स्टारकास्ट

## छात्रों संग किया संवाद, फिल्म निर्माता और किरदारों ने सांझा किए फिल्म से जुड़े अनुभव

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**मानव** रचना इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ रिसर्च एंड स्टडीज में प्रमोशन के लिए फिल्म फौजा की स्टार कास्ट पहुंची। छात्र कल्याण विभाग की ओर से आयोजित किए गए इस कार्यक्रम में छात्रों और फैकल्टी सदस्यों को फिल्म निर्माण के क्षेत्र की प्रमुख हस्तियों और कलाकारों से सीधे संवाद करने का मौका मिला। कार्यक्रम की अध्यक्षता एमआरईआई के महानिदेशक डॉ. एनसी वाधवा और एमआरआईआईआरएस के डायरेक्टर जनरल डॉ. आरके आनंद ने की।

कार्यक्रम के दौरान फिल्म निर्देशक प्रमोद कुमार पुन्हाना, मुख्य किरदार कार्तिक डम्मू और टीवी व फिल्म जगत के प्रसिद्ध अभिनेता पवन मल्होत्रा मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में संस्थान से आरजे भावना ने अतिथियों का स्वागत किया। इसके बाद फिल्म निर्देशक प्रमोद पुन्हाना ने फिल्म के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि ये फिल्म हरियाणा की पृष्ठभूमि पर तैयार की गई है। सैनिकों और उनके परिवारों के जीवन, त्याग व समपर्ण को फिल्म के माध्यम से जनता तक पहुंचाने की कोशिश की गई है और पूरी उम्मीद है कि ये फिल्म दर्शकों को देशभक्ति और सैनिकों के प्रति गर्व की भावना से जोड़ेगी।

उन्होंने सभी से सिनेमाघरों में फिल्म देखने और हरियाणा फिल्म उद्योग को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया। इसके बाद अभिनेता पवन मल्होत्रा ने सैनिकों के जीवन में बलिदान और चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि देश के नागरिकों को सैनिकों पर गर्व करना चाहिए और उन्हें पूरा सम्मान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि ये फिल्म युवाओं पर सकारात्मक प्रभाव डालने का काम करेगी।

कार्यक्रम के अंत में एक इंटरएक्टिव सत्र आयोजित किया गया, जिसमें छात्रों ने फिल्म निर्माण, विषय के चयन, किरादारों के अनुभवों से जुड़े सवाल पूछे।

# रतन कॉलेज में शॉर्ट टर्म डिप्लोमा कोर्स की शुरुआत हुई




**फरीदाबाद।** रतन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट गांव सेवली पलवल द्वारा शॉर्ट टर्म डिप्लोमा कोर्स की शुरुआत शनिवार से कर गई। इस डिप्लोमा कोर्स में आठवीं से लेकर पोस्ट ग्रेजुएशन कर चुके छात्र-छात्राएं भाग लेंगे।

कॉलेज के चेयरमैन यशवीर डागर और वास्मे कंपनी से डॉक्टर राजेश डॉ. रमेश और डॉक्टर आशुतोष नेबताया की कोर्स पूरा होने के बाद उन्हें प्लेसमेंट भी दी जाएगी। कोर्स को अलग-अलग सेक्टर जैसे वास्मे, यूपी डेस्को, मीडिया एंड एंटरटेनमेंट इलेक्ट्रॉनिक्स आदि के प्रशिक्षित प्रोफेसरों और कंपनी के मैनेजमेंट की निगरानी में कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि उनका कॉलेज हमेशा यहां पढ़ने वाले बच्चों के साथ खड़ा है। साथ ही दूसरे युवाओं के साथ भी हमेशा कंधे से कंधा मिलाकर काम करता रहा है। सेमिनार में कॉलेज प्रिंसिपल, ट्रेंनिंग एंड प्लेसमेंट मार्किटिंग हैड पायल मदान सहित अन्य स्टाफ के लोग मौजूद रहे।

# बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र को मिलेगा भरपूर मीठा पानी : मूलचंद शर्मा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**परिवहन** मंत्री मूलचंद शर्मा ने अधिकारियों के साथ सेक्टर -8 कार्यालय पर रेनीवेल योजना के तहत बल्लभगढ़ विधानसभा को पीने का पर्याप्त पानी उपलब्ध कराने के लिए समीक्षा बैठक की।

बैठक में मूलचंद शर्मा ने कार्यकारी अभियंता अंकित भारद्वाज, एसडीओ जितेंद्र सिंह और एसडीओ नवल सिंह सहित उच्च अधिकारियों को आदेश दिए हैं कि रेनीवेल योजना के तहत आ रहा पानी को पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराएं। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि विभाग यह भी चेक करें कि आखिर पानी यमुना किनारे मोठुका से चलने के बाद बल्लभगढ़ में पूरा क्यों नहीं पहुंच पाता है।

## रेनीवेल लाइन नंबर-1 में पानी की क्षमता बढ़ाने के लिए लगाए जाएंगे पांच नए ट्यूबवेल

उन्होंने बताया कि रेनीवेल की लाइन नंबर-1 में फिलहाल 14 से 15 एमएलडी पानी रह गया है। इस पानी को बढ़ाने के लिए अलग से पांच नए ट्यूबवेल और भी लगाए जाएं, ताकि लोगों को पीने के पानी की समस्या का सामना ना करना पड़े।


अधिकारियों से साथ बैठक लेते हुए मंत्री मूलचंद शर्मा।

शर्मा ने बिजली विभाग के उच्च अधिकारियों से भी फोन पर बात करते हुए मोठुका गांव स्थित रेनीवेल बूस्टिंग स्टेशन तक बिजली की लाइन को भी जमीन के अंदर केवल डालकर शिफ्ट किए जाने के निर्देश दिए, ताकि पावर कट की वजह से मैन बूस्टिंग स्टेशन मोठुका पर कोई असर ना पड़े।

उन्होंने बताया कि आने वाले समय में जल्द ही तीन नए रेनीवेल गांव मोठुका और भीकूका गांव में लगाए जाएंगे। हालांकि विभाग इसके लिए दूसरी जगह भी देखने में लगा हुआ है। कई जगह से मिट्टी और पानी के सैंपल लेकर जांच की जा रही है। जहां ये रेनीवेल लगाए जाएंगे, वह नीचे पानी की कमी तो नहीं रहेगी। ये तीनों रेनीवेल को लाइन नंबर-1 में जोड़ा जाएगा, यमुना नदी के किनारे लगाए जाने वाले तीनो रेनीवेलों का करीब 30 एमएलडी पानी बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र में पहुंचेगा। यह पानी मिल्क प्लांट बूस्टर, ऊंचा गांव, भीम बाग, जैन कॉलोनी, पंचायत भवन, सुभाष कॉलोनी, जेसीबी चौक, सेक्टर 25 सहित अन्य कई स्थानों तक पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि भविष्य में बल्लभगढ़ विधानसभा में पानी से जुड़ी समस्या दूर हो जाएगी। परिवहन मंत्री ने प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल का क्षेत्र के लोगों की तरफ से शुक्रिया अदा कर आभार प्रकट किया है।

# ढाई वर्ष से गांव धतीर के निकट जर्जर अवस्था में है पलवल-सोहना रोड



पलवल सोहना मार्ग पर धतीर के निकट बने गड्ढों में भरा पानी व वहां से निकलते वाहन।

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**रेवाड़ी** गुरुग्राम को जेवर एयरपोर्ट से जोड़ने वाला पलवल सोहना राजमार्ग मेघपुर व धतीर गांव में टूटा होने के कारण लोगों की परेशानी का सबब बना हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि गांव मेघपुर को कमेटी क्षेत्र में शामिल किए जाने के बाद सीवर लाइन डालने के काम के चलते ढाई साल पहले पलवल सोहना मार्ग को ठेकेदार ने जेसीबी मशीन द्वारा उखाड़ दिया गया था।

दो साल से ज्यादा समय बीत जाने के बाद तथा सभी आला अधिकारियों के हालात से वाकिफ होने के बाद भी आज तक सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई है। इसी प्रकार धतीर गांव में कई वर्षों से सड़क टूटी हुई है, थोड़ी सी बारिश होने पर सड़क तालाब का रूप धारण कर लेती है। जिसकी शिकायत कई बार अधिकारियों से की गई है, लेकिन अधिकारी सब कुछ जानते हुए भी मौन धारण किए हुए हैं। इस सड़क के

## आए दिन मोटरसाइकिल चालक हो रहे हादसों का शिकार

## समस्या का समाधान न होने पर ग्रामीण करेंगे रोष प्रदर्शन

बदहाल होने से जनता को आवागमन में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क में बड़े बड़े गड्ढों के कारण कई बार दुर्घटनाएं भी हो चुकी हैं।

उन्होंने मांग की कि पलवल सोहना मार्ग को मेघपुर व धतीर में जल्द बनाया जाए, ताकि लोगों को परेशानी से निजात मिल सके। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क पर लगभग डेढ़ से दो फीट गहरे गड्ढों में हमेशा जलभराव रहता है, जिससे वाहन चालकों को पता ही नहीं कि किस तरफ से निकलकर अपने गंतव्य तक पहुंचें। इस रोड से प्रतिदिन हजारों की संख्या में हल्के व भारी वाहन निकलते हैं।

> **सड़क** पर गहरे गड्ढे हैं, जिनमें हमेशा ही जल भरा रहता है। यहां से पैदल निकलना भी बड़ा जोखिम भरा है। सबसे अधिक परेशानी छोटे बच्चों व बुजुर्गों को होती है।
>
> **-कमल, निवासी धतीर**



> **छोटे-छोटे** स्कूली बच्चे जर्जर सड़क पर गिरकर चोटिल भी हो जाते हैं। वहीं बाइक सवार इन गड्ढों में गिरकर घायल हो चुके हैं। जलभराव से हर समय बदबू आती है और बीमारियां फैलने का भय बना हुआ है।
>
> **-संदीप, निवासी धतीर**



बता दें कि एनएच-19 गांव के बीचों-बीच से गुजरता है। जिससे गांव की आधी आबादी मार्ग के एक तरफ है तो आधी दूसरी तरफ है। सड़क खराब होने से ग्रामीणों का जीना दुश्वार है। सड़क की मरम्मत न होने से ग्रामीणों में अधिकारियों व सरकार के जनप्रतिनिधियों के प्रति रोष व्याप्त है। ग्रामीण कई बार अधिकारियों को समस्या से अवगत करा चुके हैं और सीएम विंडो सहित सोशल मिडिया पर शिकायत लगा चुके हैं, लेकिन सिवाय आश्वासन के कार्रवाई के नाम पर वही ढाक के तीन पात नजर आ रहे हैं।

आखिर सवाल उठता है कि सड़क की मरम्मत का पैसा आता है, वह कहां जा रहा है। ग्रामीण ने आरोप लगाया है कि विभागीय अधिकारी और ठेकेदार मरम्मत के बजट को डकार रहे हैं।

# पहलवानों के मामले में दो एजेंसियां कर रहीं हैं जांच : अजय चौटाला

**फरीदाबाद।** जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर अजय सिंह चौटाला ने फरीदाबाद से दुष्यंत मिशन 2024 अभियान की शुरुआत की। शनिवार को सेक्टर-15 स्थित सामुदायिक भवन में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में पहुंचे अजय चौटाला का कार्यकर्ताओं ने गर्माजोशी से स्वागत किया। कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए डॉ. अजय चौटाला ने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की रीड की हड्डी होती है, कार्यकर्ता के दम पर है जननायक जनता पार्टी प्रदेश की सत्ता में काबिज है। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता मिशन 2024 की तैयारियों में जुट जाएं। जननायक जनता पार्टी का नारा है, जिसको लेकर जनता के बीच में जाना है और संगठन को मजबूत करना है।


कार्यकर्ता सम्मेलन में मंचासीन डॉक्टर अजय सिंह चौटाला, प्रदेशाध्यक्ष सरदार निशान सिंह, जिलाध्यक्ष कृष्ण जाखड़ व अन्य।

उन्होंने कहा कि फरीदाबाद जिले में जल्द नगर निगम के चुनाव होंगे, जिले में पार्टी को मजबूती मिलेगी। प्रदेश में अंबाला लोकसभा का उपचुनाव प्रदेश में लोकसभा चुनाव एवं विधानसभा के चुनाव अगले वर्ष तक होंगे इसलिए संगठन को मजबूत करें कि प्रदेश की कमान उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के हाथ में होगी और यह तभी संभव है जब हरियाणा प्रदेश में जन नायक जनता पार्टी के विधायकों की संख्या 46 होगी। डॉक्टर अजय सिंह चौटाला ने धरने पर बैठे पहलवानों का समर्थन करते हुए कहा कि हमारी पार्टी पहलवानों के साथ है और पहलवानों ने जिसके ऊपर आरोप लगाए हैं, उसके खिलाफ केंद्र सरकार ने दो जांच एजेंसियां जांच करने को लगा दी है। वहीं पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सरदार निशान सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि संगठन को प्रदेश में मजबूत करने का काम करेंगे कि भविष्य में प्रदेश की कमान दुष्यंत चौटाला के हाथ होगी और वह प्रदेश में उपमुख्यमंत्री की जगह मुख्यमंत्री के रूप में काम करेंगे। फरीदाबाद के जिला अध्यक्ष कृष्ण जाखड़ ने कार्यकर्ता सम्मेलन में पहुंचने पर सभी कार्यकर्ताओं को धन्यवाद करते हुए कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी उनको सौंपी है, वह उसको बखूबी निभाने का काम करेंगे पार्टी का हर एक बड़े से बड़े छोटे से छोटा कार्यकर्ता जिला अध्यक्ष के रूप में ही काम करें। इस मौके पर वरिष्ठ जजपा नेता एवं पूर्व प्रत्याशी बडखल अजय भड़ाना, प्रेम कृष्ण आर्य पप्पी, आशुतोष गर्ग, विजय पाल तेवतिया, नंदराम पाहिल, युवा जिला अध्यक्ष नलिन हुड्डा, महिला जिला अध्यक्ष हरमीत कौर, अनिल खुटेला, अमर सिंह दलाल सहित अनेक पार्टी पदाधिकारीगण व कार्यकर्ता मौजूद थे।

# मुख्यमंत्री उड़नदस्ता ने सेक्टर-19 में अवैध पार्किंग पर की कार्रवाई

**फरीदाबाद।** मुख्यमंत्री उड़नदस्ता ने सेक्टर-19 में अवैध पार्किंग पर छापेमार कार्रवाई की है। सूचना के आधार पर महेंद्र सिंह सहायक उप निरीक्षक, मुख्य सिपाही बृजेश कुमार व मुख्य सिपाही प्रभु दयाल द्वारा योगेश कुमार जेई एचएसवीपी फरीदाबाद व स्थानीय पुलिस के साथ की संयुक्त रूप से मथुरा हाईवे बड़खल मोड मेट्रो स्टेशन के पीछे व वर्धमान मॉल के साथ एचएसवीपी हुडा की खाली जमीन पर चल रही अवैध पार्किंग का मौके पर निरीक्षण किया।



निरीक्षण पर ओम देव पुत्र सकलदेव निवासी गांव जसाना फरीदाबाद, चांद आलम पुत्र फरीद खान निवासी प्लॉट नंबर-3 निकट विपुल प्लाजा सेक्टर-81 फरीदाबाद व अवधेश सिंह पुत्र जय किशन सिंह निवासी वर्धमान मॉल सेक्टर-19 अवैध रूप से गाडियां खड़ी करवाकर पार्किंग के नाम पर गाड़ियों की पर्ची काटते हुए पाये गये। इस संबंध में योगेश कुमार जेई की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ संबंधित थाना में अभियोग अंकित कराये जाने की कार्रवाई की गई है।

# होमगार्ड की सड़क दुर्घटना में मौत

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**विश्वकर्मा** यूनिवर्सिटी के होमगार्ड की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। बघौला गांव के पास अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। मृतक के भाई की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है और शव पोस्टमार्टम कराकर उसके परिजनों को सौंप दिया।

गदपुरी थाना प्रभारी राजबीर के अनुसार, सिहोल गांव निवासी ओम प्रकाश ने शिकायत दी। इसमें उसने बताया कि उसका बड़ा भाई दयानंद दुधौला स्थित विश्वकर्मा यूनिवर्सिटी में होमगार्ड था। वह खुद सब्जी मंडी में दुकान करता है। दयानंद शुक्रवार सुबह कहकर गया कि शाम को बाइक से उसे यूनिवर्सिटी लेने आ जाना। ओम प्रकाश के अनुसार, वह साढ़े नौ बजे यूनिवर्सिटी पहुंच गया और 10 बजे दयानंद की छुट्टी हुई। वह दोनों बाइक पर निकले। बघौला गांव से थोड़ा आगे सती दादी के मंदिर के पास पानी पीने के लिए रुके। उसने बाइक को सड़क किनारे खड़ा कर दिया। दयानंद बाइक के पास खड़ा हो गया और वह मंदिर पर पानी पीने चला गया। ओम के अनुसार, जब वह पानी पी रहा था तो उसे जोरदार आवाज सुनाई दी। उसने मुड़कर देखा तो दयानंद सड़क पर गिरा पड़ा था। एक वाहन गुजर रहा था, लेकिन अंधेरा होने के कारण वह उसे पहचान नहीं पाया। उसने भाई को संभाला। उसी समय साथी कर्मचारी कैराका गांव निवासी विजय सिंह व घोड़ी गांव निवासी सुरेश वहां से गुजरे। ओम ने बताया कि उसने दोनों की मदद से दयानंद को उपचार के लिए जिला नागरिक अस्पताल पहुंचाया, लेकिन बचा न सका। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे में लगी चोटों के कारण उसकी जान गई। हादसे की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर आकर शव को कब्जे में लिया और केस दर्ज करके जांच शुरू की।

# पैसों के विवाद में चाकू मारा

**फरीदाबाद।** तिलपत में रेहड़ी संचालकों ने अंडे के पैसों को लेकर हुए विवाद में एक ग्राहक को गले पर चाकू मारकर घायल कर दिया। उसे इलाज के लए दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पल्ला थाना की पुलिस ने परिजन की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। पुलिस के अनुसार घायल के बहनोई नन्हे लाल ने अपनी शिकायत में बताया है कि वह तिलपत में सब्जी की रेहड़ी लगाता है। गुरुवार रात करीब 10 बजे उसका साला भगवान दास उसकी रेहड़ी पर आया।

# मुक्केबाज तनीषा लांबा ने खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में जीता स्वर्ण पदक

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**सेक्टर-12** स्पोर्ट्स कांपलेक्स स्थित द्रोणाचार्य बॉक्सिंग क्लब की बॉक्सर तनीषा लंबा ने 25 मई से तीन जून तक यूपी में आयोजित खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में बॉक्सिंग प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता है।

ग्रेटर नोएडा के एसबीएसपी स्पोर्ट्स कांपलेक्स में आयोजित यूनिवर्सिटी खेलो इंडिया गेम्स में मैच में तनिषा ने भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय सोनीपत की आरजू को 52 से 54 किग्रा भारवर्ग में 5-0 के स्कोर से हराकर स्वर्ण पदक जीता। तनिषा ने जीत का श्रेय मां राजबाला, चाचा रविंद्र व अपने कोच ओलंपियन बॉक्सर व हरियाणा पुलिस में कार्यगर्त डीएसपी जय भगवान और अंतर्राष्ट्रीय बॉक्सर डॉ. राजीव गोदारा को दिया है। तनीषा लांबा के पिता का निधन वर्ष 2009 में कैंसर से हुआ था। पिता के निधन के बाद उन्होंने खुद को टूटने नहीं दिया। पिता के सपने को पूरा करने के लिए चाचा रविंद्र के कहने पर बॉक्सिंग चुनी। फिर बॉक्सिंग कोच अंतरराष्ट्रीय बॉक्सर राजीव गोदारा की देखरेख में अभ्यास कर पंच मजबूत किए और अब खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में सोना जीतकर न सिर्फ फरीदाबाद जिले, अपितु अपने राज्य का भी नाम रोशन किया है। तनीषा लांबा ने राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बहुत पदक हासिल किए हैं व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत देश का प्रतिनिधित्व करते हुए 2021 मे जॉर्डन में हुई एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप में भी कांस्य पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया था।




तनीषा लांबा राष्ट्रीय स्तर की कई प्रतियोगिताओं में पदक हासिल कर चुकी हैं। जिसमें 2022 दिसंबर में आयोजित ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में रजत पदक के साथ-साथ बेस्ट परफॉर्मिंग बॉक्सर का अवार्ड में हासिल किया था। इसी के साथ साथ 2021 में आयोजित यूथ नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक, 2020 में गुवाहाटी में खेलो इंडिया यूथ गेम्स में प्रतिभाग किया। 2019 में दिल्ली में हुए स्कूल नेशनल प्रतियोगिता में रजत पदक जीता। 2019 में पानीपत में डीएवी नेशनल यूथ गेम्स में स्वर्ण पदक जीता।

2018 में बंगलूरू में जूनियर स्कूल नेशनल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता। उनके कोच ने बताया कि तनीषा कानपुर छत्रपति शाहूजी महाराज विवि में स्नातक द्वितीय वर्ष की छात्रा है। द्रोणाचार्य बॉक्सिंग क्लब की स्थापना ओलंपियन व अर्जुन अवॉर्डी हरियाणा पुलिस में कार्यगर्त डीएसपी जय भगवान व अंतरराष्ट्रीय बॉक्सर डॉ. राजीव गोदारा द्वारा 2013 में की गई थी।

## अतिथि अध्यापक संघ ने किया महिमा का सम्मान

**फरीदाबाद।** संघ लोक सेवा आयोग की यूपीएससी/2023 के फाइनल परिणाम में 141वीं रैंक प्राप्त करने वाली महिमा कसाना ने जिला फरीदाबाद का नाम देश में रोशन किया। जिस कारण उनको बधाई देने वालों की लाइन लगी हुई है।

इस क्रम में अतिथि अध्यापक संघ, फरीदाबाद ने महिमा के घर पहुंच कर उन्हें पगड़ी बांधकर और प्रशस्ति-पत्र भेंट कर सम्मानित किया। बताया जाता है कि महिमा की माता गीता आर्या फरीदाबाद के राजकीय माध्यमिक विद्यालय, ऐतमादपुर में संस्कृत अध्यापिका के रूप में कार्यरत हैं और पिता कृष्ण पाल कसाना नोएड़ा में अध्यापक कार्यरत हैं। महिमा ने दिन-रात अध्ययन कर यह परिणाम प्राप्त किया है। इस मौके पर अतिथि अध्यापक संघ ने महिमा के घर पहुंच कर उनका सम्मान किया। संघ के जिला प्रधान रघु वत्स ने बताया कि संस्कृत अध्यापिका गीता आर्या के संस्कारों की बदौलत आज उनके बच्चे जग में अध्यापक समाज को गौरवान्वित करा रहे हैं। इस अवसर पर अतिथि अध्यापक संघ की तरफ महासचिव भागीरथ शास्त्री, बल्लभगढ़ ब्लॉक प्रधान ललित शर्मा, फरीदाबाद ब्लॉक प्रधान सुन्दर भडाना, सिंह राज छाबड़ी, वीरेंद्र कुमार, ऋतु राज बैंसला, संतोष तेवतिया और शकुंतला भाकर विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# शिविर में 40 ने किया रक्तदान व सैकड़ों की हुई हीमोग्लोबिन जांच

**पलवल।** भारत विकास परिषद शाखा पलवल और पलवल डोनर्स क्लब ज्योतिपुंज के संयुक्त तत्वावधान में होली चिल्ड्रन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में एक हीमोग्लोबिन जांच एवं स्वैच्छिक रक्तदान शिविर लगाया गया। शिविर की अध्यक्षता भारत विकास परिषद शाखा पलवल के अध्यक्ष स्वतंत्र गोयल और पलवल डोनर्स क्लब ज्योतिपुंज के संयोजक विकास मित्तल ने की। शिविर का संयोजन परिषद की महिला संयोजक अल्पना मित्तल और स्कूल के प्रबंधक और शाखा महासचिव रविदत्त शर्मा ने किया। शिविर का शुभारंभ भारत विकास परिषद के पूर्व प्रांतीय अधिकारी अनिल मोहन मंगला, परिषद के जिलाध्यक्ष सतीश कौशिष, शाखा के उपाध्यक्ष भगवत सिंगला, राजेंद्र बंसल, समाजसेवी हेमराज डागर ने किया। अनिल मंगला और सतीश कौशिष ने रक्तदाताओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि रक्तदान वक्त की जरूरत है, हम सभी को रक्तदान जरूर करना चाहिए। एक यूनिट रक्त से तीन लोगों की जिंदगी को बचाया जा सकता है। रक्तदान वास्तव में ही महादान है। शिविर में दो महिलाओं सहित 40 लोगों ने रक्तदान किया और साथ ही सैकडों महिलाओं और युवतियों के हीमोग्लोबिन की जांच की गई। इस अवसर पर शाखा के सचिव व स्कूल के प्रबंधक रविदत्त शर्मा और प्रधानाचार्य मीनाक्षी शर्मा, पूनम गोयल, डॉ. नरेश डागर, ममता, राकेश, श्वेता रानी, कुसुमलता, मोनिका, जय सिंह, हेमलता तिवारी, पूजा शर्मा, चमन शर्मा, नेपाल, संजीव, मनीषा, पूजा, कमलेश, भूषण, मनोज आदि उपस्थित थे।



## संक्षिप्त समाचार

### योग हमारे ऋषि-मुनियों की देन है : राजेश भाटी



**फरीदाबाद।** गांव अटाली स्थित शहीद संदीप सिंह खेल परिसर में पतंजलि किसान सेवा समिति हरियाणा के तत्वावधान में सात दिवसीय निशुल्क योग शिविर का आयोजन किया गया। योग शिविर के तीसरे दिन राज्य प्रभारी राजेश भाटी ने ग्रामीणों को ताड़ासन, वृक्षासन, पादहस्तासन, अर्ध चक्रासन, त्रिकोणासन, भद्रासन, वज्रासन, उत्तान मंडूकासन, वक्रासन, संस्कासन, पवनमुक्तासन, हलासन, भुजंगासन, मकरासन, शलभासन, सेतुबंध आसन, उत्तानपादासन, धनुरासन, चक्रासन, शवासन के अलावा कपालभाति, नाड़ीशोधन अथवा अनुलोम-विलोम, शीतली, शीतकारी, ब्राह्मी प्राणायाम व विशेष ध्यान योग कराया गया। राजेश भाटी ने योग करने से होने वाले लाभ एवं एक्यूप्रेशर द्वारा अनेक बीमारियों का उपचार बताया। उन्होंने कहा कि योग हमारे ऋषि-मुनियों की देन है। योग मनुष्य की दिशा व दशा को बदल देता है और मनुष्य पुरुष से महापुरुष हो जाता है। उन्होंने कहा कि करो योग, रहो निरोग। प्रतिदिन योग करने से असाध्य बीमारियों को दूर किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि योग हमारे शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है। योग हमें शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रखता है।

### सो रही महिला को बेहोश कर किया दुष्कर्म

**पलवल।** घर में बच्चों के साथ सो रही महिला से नशीला पदार्थ सुंघाकर बेहोशी की हालत में दुष्कर्म किया। परिजनों को पता चलने पर आरोपी को पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन वह पिस्तौल दिखा मौके से फरार हो गया। महिला थाना पुलिस ने महिला की शिकायत पर गांव के ही युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। अभी तक पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया है। महिला थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सुशीला देवी के अनुसार हथीन थाना अंतर्गत एक गांव निवासी महिला ने शिकायत दर्ज कराई है कि उसका पति ट्रक ड्राइवर है, इसलिए अक्सर घर से बाहर रहता है। एक जून की रात को वह बच्चों के साथ घर के अंदर सोई हुई थी। रात करीब ढाई बजे गांव निवासी खालिद ने हाथ डालकर दरवाजे की कुंडी खोल दी और उसे नशीला पदार्थ सुंघाकर बेहोश कर दिया। महिला का कहना है कि आरोपी ने बेहोशी की हालत में उसके साथ दुष्कर्म किया। उसी समय उसका देवर पानी की टूटी देखने के लिए उठा तो उसने खालिद को घर के अंदर आता देख लिया। उसने खिड़की से देखा तो खालिद दुष्कर्म कर रहा था। उसने अन्य परिजनों को मौके पर बुलाकर उसकी वीडियो बना ली। इसमें दोनों नग्न अवस्था में दिख रहे हैं। महिला के परिजनों ने आरोपी को पकड़ने का प्रयास किया तो हथियार दिखा मौके से फरार हो गया। उसने पूरे परिवार को खत्म करने की धमकी भी दी। परिजनों ने उसे होश में लाने का प्रयास किया, तो उसे काफी देर बाद होश आया। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म, जान से मारने की धमकी देने सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।

### पलवल से झज्जर के लिए रवारना हुई वूशू की टीम



**पलवल।** हरियाणा राज्यस्तरीय जूनियर व यूथ वूशू प्रतियोगिता के लिए पलवल की टीम झज्जर के लिए रवाना हुई। प्रतियोगिता चार जून तक आयोजित की जा रही है। जिला वूशू संघ के सचिव देवेंद्र चौहान ने बताया कि प्रतियोगिता में पलवल से नौ लड़कियां व 12 लड़के भाग ले रहे हैं। जिला वूशू संघ पलवल के प्रधान अनिल गौड़ ने सभी खिलाड़ियों को आशीर्वाद देकर टीम को रवाना किया। टीम कोच सुरेंद्र चौहान, टीम मैनेजर नरसिंह चौहान व महिला टीम कोच मोनिका गौड़ आदि मौजूद थे।

### मोबाइल की दुकान में घुसा तेज रफ्तार ऑटो




**फरीदाबाद।** बल्लभगढ़ में एक ऑटो अनियंत्रित होकर मोबाइल की दुकान में जा घुसा। जिससे दुकान का काउंटर व अन्य सामान टूट गए। सुभाष कॉलोनी स्थित लाल कोठी के समीप ऑटो स्टैंड है। जहां राजकुमार नाम के मोबाइल शॉपकीपर की दुकान में अचानक तेज रफ्तार ऑटो जा घुसा। बताया जाता है कि ऑटो चालक ने शराब पी हुई थी। मामले की सूचना दुकानदार ने 112 नंबर पर कॉल करके पुलिस को दे दी है। दुकान में ऑटो घुसने की घटना के बाद मौके पर तमाशबीन लोगों की अच्छी खासी भीड़ दिखाई दी।

### जीवन ज्योति स्कूल में आयुष विभाग ने कराया योग प्रशिक्षण



**पलवल।** जिला योगासन स्पोट्र्स एसोसिएशन पलवल व आयुष विभाग हरियाणा के संयुक्त तत्वावधान में 21 जून को होने वाला अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में योगाचार्य गुरमेश सिंह के सानिध्य में पांच दिवसीय योग अभ्यास शिविर का आयोजन जीवन ज्योति ग्लोबल स्कूल में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता एडवोकेट वीरेंद्र सिंह गहलोत स्कूल एमडी ने की तथा संयोजन बलजीत गहलोत स्कूल डायरेक्टर ने किया। प्रदीप गहलोत ने मंच संचालन किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य रचना तेवतिया, शारीरिक प्रशिक्षक कमल, पिंकी चौधरी, भावना, अंजू कौशिक, राजेश, सुभाष तेवतिया विशेष रूप से मौजूद रहे। गुरमेश सिंह, राजबाला योगा कोच, विधि और कोमल योगिनी ने प्रार्थना के साथ ग्रीवा चालन, स्कंद संचालन, कटी चालन, घुटना संचालन के साथ ताड़ासन, वृक्षासन, पादहस्तासन, अर्ध चक्रासन, त्रिकोणासन, भद्रासन, वज्रासन, उत्तान मंडूकासन, वक्रासन, संस्कासन, पवनमुक्तासन, हलासन, भुजंगासन, मकरासन, शलभासन, सेतुबंध आसन, उत्तानपादासन, धनुरासन, चक्रासन, शवासन के अलावा कपालभाति, नाड़ीशोधन अथवा अनुलोम-विलोम, शीतली, शीतकारी, ब्राह्मी प्राणायाम व विशेष ध्यान योग कराया गया। शिविर के उपरांत प्रतिभाशाली व अनुशासित छात्रों को उनके कठिन आकर्षक योगासन प्रदर्शन से मंत्रमुग्ध होकर अतिथिगणों ने सम्मानित किया।

# समाजहित में काम करना ही सामाजिक संस्थाओं का उद्देश्य : रितु कटारिया

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

## गुड़गांव गांव में चिकित्सा जांच शिविर का किया शुभारंभ

**परिवर्तन** एक प्रयास संस्था के सानिध्य में शनिवार को गुड़गांव गांव के वृद्ध आश्रम में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर लगाया गया। सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक चले इस शिविर में काफी लोगों ने स्वास्थ्य लाभ लिया। शिविर का शुभारंभ जननायक जनता पार्टी की महिला विंग की जिला अध्यक्ष रितु कटारिया ने किया।

अपने संबोधन में रितु कटारिया ने कहा कि परिवर्तन एक प्रयास संस्था अपने सामाजिक सरोकारों का बखूबी पालन करती है। शहर में अनेक कार्यों को संस्था की ओर से कराया गया है।

यातायात नियमों के प्रति जागरुकता, चौक-चौराहों का सौंदर्यीकरण, दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट का वितरण समेत कई काम संस्था करती रही है। अब लोगों की सेहत का भी ख्याल रखते हुए संस्था ने यह नि:शुल्क चिकित्सा शिविर लगाया है। उन्होंने कहा कि सामाजिक संस्थाओं का गठन भी इसी उद्देश्य के साथ होता है कि वे समाज के हित में काम करती रहें। उन्होंने कहा कि गरीब, जरूरतमंदों के लिए ऐसे शिविर समय-समय पर लगाए जाने चाहिए।



नि:शुल्क चिकित्सा जांच शिविर में शिविर का शुभारंभ करती जेजेपी की महिला विंग की जिला अध्यक्ष रितु कटारिया।

सीताराम मल्टीस्पेशियलिटी अस्पताल के सौजन्य से लगाए गए इस शिविर में मैनेजिंग डायरेक्टर रोहित शर्मा, जनरल फिजिशियन डा. सौरभ पांडेय, डा. अंजलि, डा. प्रतिभा, डा. अतुल गुलिया ने लोगों की स्वास्थ्य जांच की। इस अवसर पर पार्षद दिनेश सैनी, भगत सिंह कटारिया, रणबीर सिंह, किरण, हरिदत्त भार्गव समेत गुड़गांव गांव के काफी लोग मौजूद रहे। टीम मैनेजर मोहन नाफरिया ने भी व्यवस्थाएं देखी।

ओटी तकनीशियन दिनेश, नर्सिंग दीपक, नर्सिंग नीतू, संजय मेडिकल, गौरव पांडेय आरएमओ, राधिक जीएनएम, सीमा जीएनएम आदि ने शिविर में सेवाएं दी। शिविर में स्त्री रोग, सामान्य रोग, दंत रोग, नेत्र रोग, त्वचा रोग की अनुभवी चिकित्सकों द्वारा जांच करके उचित परामर्श दिया गया। इसके अलावा बीपी, शुगर, पल्स, ईसीजी, सीबीसी, यूरिन आदि जांच भी यहां की गई।

# पेड़ों की संख्या बढ़ाएं जल का सीमित मात्रा में उपयोग करें : नवीन गोयल

## ओम नगर में आयोजित जनसभा में पर्यावरण संरक्षण के लिए किया प्रेरित

## नवीन गोयल ने कहा मांग को मुख्यमंत्री मनोहर लाल तक पहुंचाकर इस बारे में अनुरोध करेंगे

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम के ओमनगर में आयोजित जनसभा में नवीन गोयल का स्वागत करते क्षेत्रवासी।

**पर्यावरण** संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने कहा कि हमें पर्यावरण का संरक्षण करने के लिए पेड़ों की संख्या बढ़ानी चाहिए। जल का सीमित मात्रा में उपयोग करना चाहिए। तभी हम अपने इस उद्देश्य में कामयाब हो सकते हैं। ये बात उन्होंने यहां ओमनगर में आयोजित जनसभा में बोलते हुए कही।

इस अवसर पर पंडित गिरिवर नारायण, देवराज, राम अदलखा, जग्गू, जान मोहम्मद, चांद बघेल, महेश सांगवान, सुरेंद्र कुंडू, नरेश गोयल, जीएन शर्मा, राजेन्द्र सिंह, मोहनलाल शास्त्री, अमित, बलजीत, सुभाष, चुन्नीलाल, रिंकी, अमर सिंह फौजी, गोविन्दर, कर्मवीर कटारिया समेत अन्य सम्मानित जन उपस्थित रहे। ओमनगर वासियों की ओर से उनके समक्ष कम्युनिटी सेंटर की मांग को रखा गया। नवीन गोयल ने कहा कि वे इस मांग को मुख्यमंत्री मनोहर लाल तक पहुंचाकर इस संबंध में अनुरोध करेंगे।

नवीन गोयल ने कहा कि गुरुग्राम के बढ़ते प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए पेड़-पौधे लगाकर उनका पालन पोषण हमें करना चाहिए। यह हमारे जीवन का उद्देश्य होना चाहिए। समय बहुत बदल चुका है।

पहले शहरों के आसपास भी बाग-बगीचे हुआ करते थे। समय के साथ यह सब खत्म से हो चुके हैं। ग्रामीण अंचल में भी अब बाग-बगीचे नजर नहीं आते। विकास की आंधी में हमने बहुत कुछ खोया भी है। इस अवसर पर नवीन गोयल ने कैनविन फाउंडेशन के पॉलीक्लिनिक व कैनविन आरोग्य धाम की सेवाओं के बारे में भी बताया।

उन्होंने कहा कि गुरुग्राम की जनता के लिए ही कैनविन आरोग्य धाम में उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधाओं की व्यवस्था की गई है। यहां डायलिसिस, एमआरआई, सीटी स्कैन, डेंटल सहित अन्य महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं न्यूनतम दरों पर उपलब्ध हैं। आमजन वहां पर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ ले।

# भारत व स्वीडन ने छोटे किसानों के लिए सौर ऊर्जा संचालित स्मार्ट खेती का किया अनावरण

**गुरुग्राम।** छोटी जोत वाले खेत हमारे वैश्विक भोजन का एक तिहाई उत्पादन करते हैं, फिर भी वे जलवायु परिवर्तन और घटते जल स्तर से सबसे पहले प्रभावित होते हैं। भारत और स्वीडन स्थायी खाद्य उत्पादन प्रणाली को बढ़ावा देने के लिए स्मार्ट फार्म का अनावरण करने के लिए एक साथ आए। स्मार्ट खेती का शुभारंभ भारत और स्वीडन के अधिकारियों द्वारा हस्ताक्षरित द्विपक्षीय ऊर्जा और पर्यावरण समझौता ज्ञापन के तत्वाधान में किया गया।



छोटे किसानों के लिए सौर ऊर्जा संचालित स्मार्ट खेती का अनावरण करते भारत व स्वीडन अधिकारी।

स्वीडन के राजदूत मार्कस लुंडग्रेन ने कहा कि हाल के वर्षों में स्वीडन और भारत दोनों में पानी की कमी एक प्रमुख चिंता का विषय बन गई है। जैसे-जैसे वैश्विक तापमान बढ़ता है, इसके और तेज होने की उम्मीद है। आधुनिक प्रौद्योगिकियों का लाभ उठाना आगे आने वाली चुनौतियों को दूर करने का एकमात्र तरीका है। स्वीडन की व्यापार और निवेश आयुक्त और दक्षिण एशिया में स्वीडन की व्यापार प्रमुख सेसिलिया ऑस्करसन ने कहा कि वर्ष 2023 भारत और स्वीडन के लिए एक जयंती वर्ष है। क्योंकि हम द्विपक्षीय संबंधों के 75 वर्ष मना रहे हैं। स्वीडन जलवायु संबंधी मुद्दों को संयुक्त रूप से हल करने के लिए भारत के साथ काम करने के लिए प्रतिबद्ध है। एनआईएसई परिसर में स्पौडी का स्मार्ट फार्म इस बात का एक उत्कृष्ट उदाहरण है कि कैसे दोनों देशों के अलग-अलग काम करने वाले एक साथ मिलकर अगली पीढ़ी के लिए स्थायी समाधान तैयार कर रहे हैं। इसमें न केवल कीमती जल संसाधनों के संरक्षण की क्षमता है, बल्कि पिरामिड स्तर के निचले स्तर पर लोगों के उत्थान करने की भी क्षमता है। ललित बोहरा संयुक्त सचिव, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) भारत सरकार ने कहा कि कि सतत खेती कृषि का भविष्य है। अब इस दिशा में कार्य करने का समय आ गया है। अति-आधुनिक तकनीकों और पर्यावरण के अनुकूल प्रथाओं को अपनाकर हम कृषि परिदृश्य में क्रांति ला सकते हैं।

# संक्षिप्त समाचार

## खेलों की सुविधा में नहीं आएगी आर्थिक तंगी : उपायुक्त



**सोहना।** जिला उपायुक्त निशांत यादव ने कहा कि खेलों की सुविधा में आर्थिक तंगी नहीं आने दी जाएगी। खिलाड़ियों को सभी प्रकार की सुविधाएं समय पर मिलेंगी। शनिवार को जिला उपायुक्त निशांत यादव ने दमदमा झील के किनारे नाव के रखरखाव के लिए तैयार किया जा रहे शैड की आधारशिला रखी। इस अवसर पर जिला खेल अधिकारी इंदू बाला, एसडीएम प्रदीप मलिक, बीडीपीओ हितेश कुमार समेत आदि कियाकिंग एण्ड क्लोइंग एसोसिएशन के जन्मदाता ॠषि ढांगी आदि मौजूद रहे। निशांत यादव ने कहा कि दमदमा झील फर बनी नौकायान नर्सरी को आर्थिक तंगी की कमी नहीं होगी। यहां पर स्थापित खिलाड़ी ही नहीं देश के अन्य कौने से भी खिलाड़ी नौकायान का अभ्यास करने आएंगे। उन्होंने कहा आने वाले समय में यह नर्सरी प्रदेश ही देश में पहचान बनाएगी। उपायुक्त ने नर्सरी को चलाने वाली एसोसिएशन का भी आभार जताया। ग्राम पंचायत दमदमा की तरफ से गांव के राजकीय प्राथमिक पाठशाला और व्यायाम शाला का नाम शहीद कंवरपाल और करतार के नाम पर रखने का प्रस्ताव दिए गए। जिनको उपायुक्त ने मंजूरी दे दी। व्यायाम शाला में जिम लगाने के आदेश जारी कर दिए हैं।

## ज्ञानेन्द्र उर्फ भोला हत्याकांड का चौथा आरोपी गिरफ्तार

**सोहना।** शहर के पलवल रोड स्थित फार्म हाऊस के बाहर युवक की हत्या करने के मामले में पुलिस ने चौथा आरोपी गिरफ्तार किया। इस मामले में आठ नामजद समेत करीब 25 के खिलाफ शहर थाना पुलिस ने मामला दर्ज किया था। सोहना अपराध शाखा पांच पुलिस ने ज्ञानेन्द्र उर्फ भोला हत्याकांड में संलिप्त चौथा आरोपी को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। जिसकी पहचान ललित उर्फ ललती के रूप में हुई है। इससे पहले पुलिस तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने के बाद अदालत के माध्यम से जेल भेज चुकी है। 13 अप्रैल को पलवल रोड पर स्थित एक फार्म हाऊस के सामने ज्ञानेन्द्र (भोला) निवासी गांव असावटा जिला पलवल घूम रहा था। कुछ लोगों ने लाठी डंडों उसे पीटकर हत्या कर दी थी। ज्ञानेन्द्र उर्फ भोला की हत्या आपसी झगड़ा के दौरान की गई मारपीट और आरोपियों पर मृतक द्वारा फायरिंग करके जान लेवा हमला किया था। इसी रंजिश के चलते ज्ञानेन्द्र उर्फ भोला को अपनी जान से हाथ धोना पड़ गया था।

## घर के बाहर नशीला पदार्थ बेचते आरोपी गिरफ्तार

**सोहना।** शहर चौकी पुलिस प्रभारी ने नगर के वार्ड-18 में अपने ही घर के बाहर नशीला पदार्थ बेचने वाले को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से 195 ग्राम गांजा बरामद किया। पुलिस ने ड्यूटी मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में मामला दर्ज करते हुए गिरफ्तार कर लिया। शुक्रवार को शहर चौकी प्रभारी एसआई अपनी टीम के साथ गश्त कर रहा था। गश्त के दौरान सूचना मिली कि वार्ड-18 निवासी संदीप अपने घर के बाहर बैठकर नशीला पदार्थ बेचता है। यह कारोबार संदीप पिछले कई माह से करता आ रहा है। पुलिस ने नशीला पदार्थ बिक्री करने के आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट की नियुक्ति कराई। सोहना नायब तहसीलदार लछीराम की ड्यूटी मजिस्ट्रेट के तौर पर मौके पर पहुंचे। जिनकी मौजूदगी में आरोपी संदीप को पकड़ा गया। तलाशी के दौरान संदीप के पास से प्लास्टिक की थैली में से 195 ग्राम नशीला पदार्थ बरामद किया। आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए गिरफ्तार कर लिया।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**फरीदाबाद।** दिल्ली-आगरा हाईवे पर बाटा मेट्रो स्टेशन के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान रामनगर बस्ती निवासी 19 वर्षीय दीपक के रूप में हुई है। मामले की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया है। सेंट्रल थाना की पुलिस पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्जकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार मृतक के पिता सुभाष ने बताया कि दीपक खेड़ीकला गांव में अपने मामा के यहां रहा था। शुक्रवार को वह अपनी बाइक से मुलाकात करने रामनगर बसती में आ रहा था। इस दौरान बाटा मेट्रो स्टेशन के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। उसे तुरंत बीके अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस हादसे के बाद फरार अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्जकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

## दो स्थानों से स्कूटी समेत लाखों रुपये के जेवरात व नकदी चोरी

**सोहना।** भोंडसी थाना क्षेत्र में हुई दो अलग-अलग चौरियों में लाखों रुपये के जेवरात व 42 हजार रुपये की नकदी चोरी हो गई। स्कूटी मालिक और मकान मालिक द्वारा दी गई शिकायतों के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए चोरों की खोज शुरू कर दी है। उत्तर प्रदेश के शहर मेरठ के मूल निवासी ज्ञानेन्द्र ने पुलिस को बताया कि गुरुवार को वह और उसके परिजन रात को अपने-अपने बेड पर सौ गए थे। करीब तीन घंटा बाद अगले दिन की सुबह तीन बजे के लगभग उसकी आंखें खुली। उसने देखा कि एक कमरा खुला था। जिसके अंदर का सामान बिखरा पड़ा हुआ था। जांच करने पर कमरे में रखे सोना, चांद के जेवरात से लेकर दो हाथ में बांधने वाली घड़ी और 42 हजार रुपये की नकदी गायब थी। जेवरात, कीमती सामान और नकदी को गायब थी। जेवरात में सोने के कानों कुंडल, अंगूठी, मंगलसूत्र, पेंडल तथा चांदी के जेवरातों में पाजेब, तगड़ी समेत अन्य आभूषण शामिल है। दूसरी घटना मारुति कुंज कॉलोनी की है। यहां के निवासी कर्ण मल्होत्रा ने पुलिस को बताया कि गुरुवार की रात 10 बजे उसने अपनी स्कूटी को घर के बाहर खड़ा कर दिया था। शुक्रवार की सुबह देखा तो स्कूटी मौके से गायब मिली।

# डीएलएसए व कृषि विभाग लगाएगा एक महीने तक कानूनी जागरुकता कैम्प

**गुरुग्राम।** जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण गुरुग्राम ने कृषि विभाग के सहयोग से किसानों को उनके अधिकारों और कानूनों से अवगत कराने के लिए एक महीने का विशेष अभियान शुरू किया। आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में आयोजित यह अभियान 30 जून तक चलेगा।

कानूनी साक्षरता अभियान के तहत गुरुग्राम के चारों ब्लॉक के गांवों में किसानों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जाएगा। अभियान के तहत उन्हें बताया जाएगा कि अगर उन्हें किसी भी प्रकार की कानूनी मदद चाहिए तो उन्हें कहां जाना है और कहां अपनी दरख्वास्त लगानी है। आईएसएसए बारे में जानकारी दी जाएगी। इसके लिए विशेष बैनर भी तैयार किया गया है। जिस पर इससे संबंधित जानकारी दी हुई है।

जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी ललिता पटवर्धन ने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से संबंधित कोई भी ग्रीवंस हो तो वह डीएलएसए में संपर्क कर सकते हैं। इस अभियान में डीएलएसए के पैनल अधिवक्ता और पैरा लीगल वॉलंटियर्स कृषि विभाग के कर्मचारियों के साथ मिलकर गुरुग्राम के सभी गांवों में जून के पूरे माह कैंप लगाएंगे और किसानों को जागरूक करेंगे।

अगर किसी किसान का किसी कोर्ट में केस लंबित है और उन्हें कानूनी मदद की जरूरत है। वो वकील करने में असमर्थ हैं। वे लीगल सर्विसेज अथॉरिटी एक्ट 1987 के अनुसार लीगल ऐड लेने के हकदार हैं तो जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण में 0124-2221501 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

# फरीदाबाद नगर निगम का काम स्लो इंदिरा गांधी कालोनी का सीवर ओवरफ्लो

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**शहर** के पॉश एवं वीआईपी सेक्टर 21-बी स्थित इंदिरा गांधी कालोनी में नगर निगम ने लापरवाही की हद पार कर दी है। कालोनी की गली नं-3 व 4 स्थित सीवर लाइन से गंदा पानी ओवर फ्लो हो रहा है। जिससे राहगीरों, वाहन चालकों एवं खासकर स्कूल आने वाले छात्र-छात्राओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

इंदिरा गांधी कालोनी सेक्टर 21-बी के निवासी शिव कुमार का कहना है कि काफी साल पूर्व सेक्टर-21 में सीवर लाइन डाली गई, वह समय के साथ आबादी बढ़ने से दबाव में है। कम मोटी सीवर लाइन अक्सर भरी रहती है। जिससे समय-समय पर ओवरफ्लो होता रहता है। नीति निर्धारकों की लचर कार्यप्रणाली से शहर में सीवर संबंधी परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है।

यहां रह रहे सोनू का कहना है कि सीवर ओवरफ्लो से संक्रामक रोगों के उत्पन्न होने का खतरा बढ़ने से लोगों में भय व्याप्त है। जाता है। कालोनी निवासी परविन्द्र और राजू का कहना है कि लोगों की मांग है कि निगमायुक्त अधिकारियों की ड्यूटी लगाकर समस्या का समाधान प्राथमिकता से कराए। जो स्लो गति से काम चल रहा है सुपर सौकर मशीन से सीवर ओवरफ्लो खुलवाया जाए। जिससे यहां रह रहे लोगों को नारकीय जीवन जीने से राहत मिल सके।



इंदिरा गांधी कॉलोनी सेक्टर-21 बी में सीवर ओवरफ्लो के बाद का दृश्य।









## उड़ीसा में हुई रेल दुर्घटना बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण

**गुरुग्राम।** उड़ीसा के बालासोर में हुई रेल दुर्घटना पर भाजपा जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ ने अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि यह रेल दुर्घटना बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण और दुखदाई है। भाजपा परिवार मृतकों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट करता है व दुर्घटना में घायल हुए यात्रियों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता है।

सरकार उनके परिवारों की हर संभव मदद करेगी। गार्गी कक्कड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हादसे की पल-पल की जानकारी ली है। हादसे को लेकर प्रधानमंत्री मोदी ने दिल्ली में हाई लेवल मीटिंग भी बुलाई है। हादसे पर केंद्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव ने दुख जताते हुए कहा है कि इस हादसे की हाई लेवल जांच होगी। यह जांच की जाएगी कि हादसा मानवीय खामी से हुआ है या कोई तकनीकी खामी से। वही इस हादसे को देखते हुए बीजेपी ने आज के अपने सारे कार्यक्रम भी रद्द कर दिये हैं।

# मेले में 22 लार्थियों को मिला रोजगार

## मेले में 154 में से मात्र 71 लाभार्थी पहुंचे, शहर से बाहर मेला लगने से लौटे कुछ अभ्यर्थी

## मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान मेला मात्र दो घंटे में सिमटा

पायनियर समाचार सेवा। सोहना



शनिवार को सोहना के अग्रसेन भवन में लगा मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान मेले में लाभार्थियों का इंतजार करते हुए कर्मचारी व अधिकारी।

**शहर** में लगे मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान मेला मात्र दो घंटा में ही समाप्त हो गया। मेले में 154 में से मात्र 71 लाभार्थी पहुंचे। जिनमें से 22 को अलग-अलग प्रकार के रोजगार उपलब्ध कराएं जाएंगे। मेला शहर के बाहर होने के कारण लाभार्थी नहीं पहुंचे तो कुछ लाभार्थी की मेले तलाश में भटकने के बाद अपने घरों को लौट गए है।

शनिवार को नगर के पलवल मार्ग पर स्थित अग्रसेन भवन परिसर में मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान मेले का आयोजन किया गया, लेकिन अग्रसैन भवन के बाहर से लेकर पलवल मार्ग पर न तो मेले की जानकारी के लिए कोई बैनर लगा था और न ही कोई होर्डिंग। जिसके चलते कुछ लाभार्थी तो मेले की तलाश में काफी भटकने के बाद बरैंग अपने घरों को लौट गए। अधिकारियों ने मेले को मात्र दो ही घंटा में समाप्त करके इतिश्री कर दी। मेला सुबह 10 बजे शुरू हुआ और दोपहर 12 बजे तो मेले में लगी कुर्सियों को हटाने का कार्य शुरू हो गया।

**22 लाभार्थियों को मिलेगा लाभ:** मेले में खंड की 35 ग्राम पंचायतों में से 87 बीपीएल कार्ड धारकों को रोजगार उपलब्धता के लिए बुलाया गया था। जिनमें से 64 नागरिक ही मेले में पहुंचे। ग्रामीण क्षेत्र के 21 लाभार्थियों ने रोजगार करने की इच्छा जाते हुए अपनी सहमति दी। जबकि 43 नागरिक बिना रोजगार लिए अपने घरों को चले गए। जबकि नगर परिषद के 21 वार्डों में से 67 बीपीएल कार्डधारकों को बुलाया था, लेकिन मेला शहर के बाहर और पैदल का रास्ता होने के कारण मात्र 7 ही लााभार्थी पहुंचे। जिनमें से एक मात्र वार्ड-7 के गांव लाखूवास निवासी महिला ने मिन्नी डेरी चलाने के लिए सहायता राशि मांगी।

> **गर्मी** होने के कारण लाभार्थी सुबह जल्दी मेले में पहुंच गए थे। दोपहर 12 बजे के बाद एक भी लाभार्थी नहीं पहुंचा। लार्थियों का इंतजार करने के बाद मेले को समाप्त किया गया।
>
> **हितेश कुमार**
> **(बीडीपीओ सोहना)**

# महिला सरपंच ने अपने पद से दिया त्याग पत्र

## अधिकारियों की मंजूरी मिलने का इंतजार है जनता को

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**खंड** की ग्राम पंचायत रानी का सिंघौला की महिला सरपंच ने अपने पद से त्याग पत्र दे दिया। पंचायत विभाग के स्थानीय अधिकारी ने महिला सरपंच के त्याग पत्र को उच्चाधिकारियों को मंजूरी के लिए भेज दिया।

महिला सरपंच के खिलाफ गांव के ही निवासी ने सरपंच पद का चुनाव में फर्जी शैक्षिणिक स्कूल प्रमाण पत्र का उपयोग करने का आरोप लगाया था।

ग्राम पंचायत रानी का सिंघौला की नवनियुक्त सरपंच रेखा ने अपने पद से त्याग पत्र दे दिया है। रेखा के खिलाफ गांव के ही निवासी ने चुनाव लड़के के दौरान रेखा द्वारा फर्जी स्कूल प्रमाण पत्र का उपयोग करने का आरोप लगाया था। जिसकी शिकायत पंचायत विभाग, उपायुक्त और प्रदेश चुनाव आयोग को की गई थी। शिकायतकर्ता ने चुनाव के दौरान नॉडल अधिकारी रहे एसडीएम के कार्यालय में भी अपनी आरोप याचिका दायर की थी।

**ग्राम पंचायत में भी मांगा त्याग पत्र :** जानकारी के अनुसार इस मामले को सामाजिक स्तर पर निपटाने के लिए ग्रामीणों की कई बार पंचायत भी हुई थी, लेकिन शिकायतकर्ता ने पंचायत में सरपंच से त्याग पत्र मांगा था। जिसको लेकिन सरपंच रेखा ने अपने पद से त्याग पत्र देते हुए पंचायत विभाग के बीडीपीओ को सौंपा था।

> **ग्राम** पंचायत रानी का सिंघौला महिला सरपंच रेखा द्वारा अपने पद से दिया त्याग पत्र को उच्चाधिकारियों के पास मंजूरी के लिए भेज दिया है। जैसे ही उच्चाधिकारियों के आदेश होगा। वैसे ही कार्रवाई की जाएगी।
>
> **हितेश कुमार**
> **(बीडीपीओ सोहना)**

# मोदी-मनोहर सरकार बनने के बाद प्रदेश में बढ़ा बेटियों का मान : सरपंच सुंदर लाल

## कासन गांव की प्रेम नगर की ढाणी में बेटी जन्म पर किया कुंआ पूजन

प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम

**मानेसर** नगर निगम क्षेत्र के गांव कासन की प्रेम नगर की ढाणी में बेटी जन्म पर कुआं पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर परिवार, रिश्तेदारों के अलावा काफी सामाजिक, राजनीतिक लोगों ने शिरकत करके परिवार को इस नेक कार्य के लिए बधाई व शुभकामनाएं दीं।

पंचायती राज प्रकोष्ठ भाजपा के जिला संयोजक सरपंच सुंदर लाल यादव ने भी गांव में पूजा और देवेंद्र के घर बेटी जियाना के कुआं पूजन पर पहुंचकर नवजात को अपना आशीर्वाद देते हुए परिवार को कन्या जन्म पर बधाई दी। सुंदर लाल यदव ने कहा कि देश में नरेंद्र मोदी और प्रदेश में मनोहर लाल की सरकार बनने के बाद बेटियों का मान बढ़ा है।




गांव कासन की प्रेम नगर की ढाणी में बेटी जन्म पर कुंआ पूजन करने जाती महिलाएं।

इनके जन्म पर खुशियां मनाई जाती हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरियाणा की धरती से ही देश में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान शुरू किया। उन्होंने कहा कि बेटियों को कोख में मारने का जघन्य अपराध करने वालों को बेटियों की उपलब्धियों की तरफ भी देखना चाहिए।

कुंआ पूजन कार्यक्रम में सभी ग्रामीणों को मिठाई खिलाई गई। ढोल बजाकर कुंआ पूजन की रस्म निभाई गई। इस अवसर पर दादा मीर सिंह और दादी लाली देवी ने कहा कि बेटियां और बेटों में कोई फर्क नहीं है। समाज को अपनी सोच बदलनी चाहिए और बेटियों को भी बराबरी के अधिकार मिलने चाहिए।

उन्होंने कहा कि हमारे घर में आई बेटी हमारे लिए बेटे से कम नहीं है। बेटियां आज हर क्षेत्र में आगे बढ़कर माता पिता का नाम रोशन कर रही हैं। हर जिम्मेदारी को बहुत अच्छे तरीके से निभा रही हैं। उन्होंने लोगों से भी अपील की कि बेटियां हमारे घर की लक्ष्मी होती हैं। उन्हें भी बेटों की तरह सभी अधिकार देने चाहिए। इस दौरान गांव के गांव और आसपास के क्षेत्र से काफी लोग मौजूद रहे।

# रासायन युक्त ड्रम जलाकर कबाड़ी अब भी फैला रहा है प्रदूषण

## सीएम विंडों पर की शिकायत के बाद प्रदूषण विभाग के अफसर बंद कराने का दे चुके आदेश

## आबादी क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित कबाड़ खानों में जलाए जाते हैं रसायन युक्त ड्रम





**पायनियर समाचार सेवा।** तावडू

**उपमंडल** के गांव खोरी खुर्द के आबादी क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित कबाड़खानों में बड़ी संख्या में रसायन युक्त ड्रम जलाए जा रहे हैं। जो वातावरण को प्रदूषित कर कर रहे हैं। पूर्व में सीएम विंडो पर की शिकायत पर पहुंचे प्रदूषण विभाग के अफसरों के बंद करने के आदेश को आरोपी धता बता रहे है। प्लास्टिक और केमिकल जलने से पैदा होने वाले धुंए से ग्रामीण बेहद परेशान हैं।

बीते फरवरी माह में एक जागरूक ग्रामीण द्वारा आबादी क्षेत्र और कृषि योग्य भूमि में अवैध रूप से कबाड़े का कारोबार करने वाले आठ कारोबारियों के खिलाफ के प्रशासनिक अधिकारियों सहित सीएम विंडो में शिकायत दर्ज कराई गई थी। जिसके बाद प्रदूषण विभाग के अधिकारियों ने मौके पर पहुंच निरीक्षण कर इन कबाड़ खाने को बंद कराने का आदेश दिया, लेकिन आदेशों को धता बताते हुए कबाड़ी कारोबारियों ने प्रदूषण फैला कर वातावरण को दूषित करने का काम जारी रखा। शिकायतकर्ता का आरोप है कि स्थानीय अधिकारियों एवं सीएम विंडो एमिनेंट सिटीजन अवैध रूप से कबाड़ कारोबार करने वालों के साथ मिलीभगत कर मामले को दबाने में लगे हैं।

खोरीखुर्द निवासी उस्मान ने बताया कि कृषि योग्य भूमि में आबादी क्षेत्र के साथ एक ही परिवार के कुछ लोगों ने अवैध रूप से कबाड़े के कारखाने बनाए हुए हैं। जिनसे भारी मात्रा में ध्वनि व वायु प्रदूषण होता है।साथ ही जनजीवन पर भी इसका बुरा प्रभाव पड़ रहा है तो आमजन बीमारियों की चपेट में हैं।

उस्मान के मुताबिक अवैध रूप से कबाड़ कारोबार करने वालों ने किसी भी विभाग से कोई एनओसी या अनुमति नहीं ली है। यह कबाड़ ग्रामीणों को खेती-बाड़ी करने में भी भारी परेशानियों उत्पन्न कर रहे हैं। इस मामले को लेकर उन्होंने बीते 17 फरवरी को तावडू एसडीएम और सीएम विंडो के माध्यम से मुख्यमंत्री को करीब 8 नामजद लोगों के खिलाफ शिकायत दी। शिकायत पर प्रदूषण विभाग ने संज्ञान लेते हुए निरीक्षण कर इन्हें बंद कराने का आदेश दिया, लेकिन इन कबाड़ खानों में अभी भी रात के समय में भारी मात्रा में रसायन युक्त ड्रमों को जलाया जा रहा है।

वहीं उन्होंने एमिनेंट सिटीजन पर भी आरोप लगाया कि सीएम विंडो शिकायत को बगैर हस्ताक्षर करा कर उन्होंने दफ्तर दाखिल कराने की कोशिश की। शिकायतकर्ता का कहना है कि सीएम विंडो एमिनेंट सिटीजन की भी स्थानीय अधिकारियों के साथ अवैध रूप से कबाड़ का कारोबार करने वाले के मिलीभगत है।

**प्रदूषण करने वालों पर होगी कार्रवाई :** क्षेत्रीय प्रदूषण अधिकारी विजय चौधरी का इस बारे में कहना है कि मामले में शिकायत आई हुई है। जिस पर कार्रवाई की जा रही है। अवैध रूप से कारोबार कर प्रदूषण फैलाने वाले कारोबारियों के खिलाफ विभाग की ओर से उचित कार्रवाई की जाएगी।

**जमीन की उर्वरा शक्ति कम हुई :** कबाड़ कारखाने में रसायन युक्त लोहे के ड्रम और प्लास्टिक के सामान को जलाया जाता है। इसके अलावा केमिकल को 20 से 30 फुट गहरे गड्ढे में डाला जाता है। इससे जमीन की उर्वरा शक्ति कम हो गई है।

**केमिकल युक्त पानी पीने से मर जाते हैं जानवर** गड्ढ़ों में केमिकल युक्त प्लास्टिक के ड्रम साथ ही आसपास का पानी भी पीने के योग्य नहीं रहा। बरसाती मौसम के दौरान गड्ढों में भारी पानी भर जाता है। जानवर इसको पीते ही मर जाता है।

# साइकिल चलाने से होते हैं सेहत के कई फायदे

## डीएसपी सतीश वत्स ने शहर के लोगों के साथ मनाया विश्व साइकिल दिवस

## शहर के मौजिज लोगों के साथ साइकिल चलाकर लोगों को किया स्वास्थ्य के लिए प्रेरित





शहर के मौजीज लोग के साथ साइकिल दौड़ करते डीएसपी सतीश वत्स।

**चिराग गोयल।** फिरोजपुर झिरका

**भारत** के कई जगहों पर विश्व साइकिल दिवस भारतवासी बड़े धूमधाम के साथ मना रहे हैं और लोगों को अच्छी स्वास्थ्य प्रणाली के प्रति जागरूक कर रहे हैं। इसका उद्देश्य साइकिल के महत्व को समझाते हुए स्वास्थ्य और पर्यावरण को होने वाले फायदों को लेकर जागरूक करना है।

साइकिल चलाने से सेहत के कई फायदे होते हैं। इसे नियमित तौर पर चलाने से शरीर स्वस्थ और तंदुरुस्त रहता है। इसी क्रम में फिरोजपुर झिरका के उप पुलिस अधीक्षक सतीश वत्स शहर के कुछ मौजिज लोगों के साथ विश्व साइकिल दिवस के बैनर तले (झिर) तिजारा रोड पर साइकिल चलाते नजर आए और शहर के लोगों को रोजाना प्रात: जल्दी उठकर साइकिल चलाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि साइकिल से दौड़ करने पर मानव का शरीर तंदुरुस्त और तरोताजा रहता है। इससे लोगों के शरीर में स्फूर्ति का संचार होता है। यही कारण है कि संयुक्त राष्ट्र महासभा ने जागरूकता फैलाने के लिए 2018 में 'विश्व साइकिल दिवस' मनाने की शुरूआत की। डीएसपी सतीश वत्स ने आगे बताया कि लोगों को अपने रोजमर्रा के जीवन में सुबह के समय एक से डेढ़ घंटे का समय निकालकर साइकिल से दौड़ करना चाहिए और अपने शरीर को स्वस्थ एवं तंदुरुस्त रखना चाहिए। ताकि समाज में फैल रही जानलेवा बीमारियों का खतरा कम हो सके। इस मौके पर पूर्व पार्षद दिनेश बंसल, राजेश बंसल, सीटू जैन, कमल जैन, मास्टर इकराम, सुधीर जैन सहित काफी संख्या में शहर के मौजीज लोग मौजूद रहे।

### कालियाका:पर्यावरण बचाओ अभियान में साइकिल रैली निकाली

### प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कालियाका में विश्व साइकिल दिवस पर हुआ कार्यक्रम

**नूह।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कालियाका में विश्व साइकिल दिवस के उपलक्ष में पर्यावरण बचाओ के तहत साइकिल रैली का आयोजन किया गया। जिससे चिकित्सा अधिकारी डॉ नवीन अग्रवाल अन्य स्टाफ सहित ग्रामीणों ने बढ़चढ़कर भाग लिया। जिसमें साइकिल निकालकर लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया। लोगों को स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने के लिए पेड़ लगाओ पर्यावरण बचाओ के बारे में भी जानकारी दी। साइकिल से लोगों को स्वास्थ्य के प्रति व पर्यावरण के लिए साइकल जरूर चलाएं जिससे धन की बचत तो होती है साथ साथ पर्यावरण भी साफ सुथरा होगा।

# महिला चिकित्सा अधिकारी पर फोन पर धमकाने का आरोप

**तावडू।** उपमंडल के प्राथमिक सेवा केंद्र पढ़ेनी में नियुक्त महिला चिकित्सा अधिकारी द्वारा प्रसव पीड़ा महिला और उसके पति से बीते शुक्रवार को हुए हंगामे की खबर छपने से एक पत्रकार को फोन कर धमकी देने का मामला सामने आया है। वहीं इसको लेकर पत्रकार संघ में महिला चिकित्सा अधिकारी के व्यवहार को लेकर काफी रोष है। मामले को सीएमओ मेवात के संज्ञान में लाया गया है।

एक दैनिक समाचार के पीड़ित पत्रकार के मुताबिक बीते शुक्रवार दोपहर बाद उन्हें सूचना मिली कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पढ़ेनी में प्रसव पीड़ा होने पर पति महिला को लेकर पीएचसी पहुंचा था। जिनके साथ महिला चिकित्सा अधिकारी एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मियों सहित दुर्व्यवहार कर पीएचसी से बाहर निकाल कर बाहर बैठा दिया गया। पत्रकार जानकारी लेने के लिए मौके पर पहुंचा तो वहां पर काफी लोग एकत्रित होकर हंगामा कर रहे थे, जहां पुलिस पीसीआर सहित दो वाहन और कई पुलिस जवान भी थे। इस दौरान पीड़ित महिला के पति ने महिला चिकित्सा अधिकारी पर दुर्व्यवहार और उपचार नहीं करने का आरोप लगाते हुए पुलिस के समक्ष अपना रखा था। पीड़ित परिजनों का पक्ष सुनने के बाद पत्रकार ने महिला चिकित्सा अधिकारी से उसका पक्ष भी जाना। इस संबंध में शनिवार को खबर प्रकाशित की गई। खबर पढ़ने से झल्लाई महिला चिकित्सा अधिकारी ने पत्रकार को फोन कर देख लेने की धमकी दी। आरोप है कि एक महिला स्वास्थ्य कर्मी ने भी सोशल मीडिया पर भी पत्रकार की फेसबुक आईडी पर खबर को लेकर अपमानित करने की टिप्पणी की। मामले को हरियाणा पत्रकार संघ पदाधिकारियों के माध्यम से नूह सिविल सर्जन के संज्ञान में लाया गया है तो पत्रकार ने भी पुलिस व स्वास्थ्य विभाग में शिकायत भेज आरोपी महिला चिकित्सा अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। इस मामले में सीएमओ सर्वजीत कुमार ने जांच कर उचित संज्ञान लेने की बात कही है।

# अवैध जच्चा-बच्चा केन्द्र व झोलाछाप डॉक्टरों कर रहे जीवन से खिलवाड़

**पुन्हाना।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की टीम द्वारा लगातार छापेमारी के बावजूद भी शहर में दर्जनों की संख्या में अवैध जच्चा-बच्चा केन्द्र व झोलाछाप ड़ाक्टरों की दुकानें खुली हुई है। अवैध जच्चा-बच्चा केन्द्रों व झोलाछाप डाक्टरों की दुकानों पर बिना डिग्री वाले डाक्टर यहां की भोली-भाली जनता के जीवन के साथ खिलवाड़ करते हुए उन्हें लुटने में लगे हुए है।

बताया जाता है कि अवैध रूप से खुले हुए जच्चा-बच्चा केन्द्र अधिकांश सभी तरह के गलत कार्यों के लिए खुले हुए हैं। इन जच्चा-बच्चा केन्द्रों व झोलाछाप डॉक्टरों की दुकानों पर कोई भी मान्य चिकित्सक हो या ना हो लेकिन यहां बड़े-बडे ऑपरेशन करने से भी पीछे नहीं हटते है। दर्जनों मामले प्रशासन के सामने भी आ चुके है, बड़ी-बड़ी छापेमारी भी यहां होती आई है, लेकिन खानापूर्ति की कार्यवाहीं करके यह जच्चा बच्चा केन्द्र व झोलाछाप डॉक्टर अपने कार्य में बदस्तूर जारी है।

आपको बता दें कि बीतें दो दिनों से स्वास्थ्य विभाग पुन्हाना की टीम ऐसे अवैध जच्चा-बच्चा केन्द्रों व झोलाछाप डॉक्टरों पर कायवाहीं कर रही है। जिसमें फैमिली हैल्थ केयर व सहारा हैल्थ केयर नामक अस्पतालों पर छापेमारी की गई। चिकित्सकों की टीम के मुताबिक वहां भारी संख्या में एक्सपाईरी दवाईयां, गन्दे बैड, बीएमडब्ल्यू वेस्ट वीन, ऑथोराईज्ड़ लेटर व एग्रीमेन्ट इत्यादि एक्सपायर मिले।

# आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता का सम्मेलन आयोजित

### हजारों की संख्या में कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर कार्यक्रम में लिया भाग



**शौकीन कोटला।** नूह

**आगामी** विधानसभा चुनाव को लेकर आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एडवोकेट फखरुद्दीन चंदेनी के निवास स्थान पर आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं की मीटिंग का आयोजन हुआ। जिसमें विधानसभा से लगभग हजारों की संख्या में कार्यकर्ताओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। आपको बता दें कि नूह विधानसभा से आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एडवोकेट फखरुद्दीन चंदेनी विधानसभा चुनाव लड़ने का पहले ही ऐलान कर चुके हैं। जबसे उन्होंने चुनाव लड़ने का ऐलान किया है कि विपक्षियों में खलबली मची हुई है। नूंह विधानसभा से वर्तमान विधायक व पूर्व विधायक और कई नेता चुनाव की तैयारी कर रहे हैं, लेकिन एडवोकेट फखरुद्दीन चंदेनी एक ऐसा नेता है। जिन्होंने कभी विधानसभा का चुनाव नही लड़ा है और कई दशकों से विधानसभा ही नहीं बल्कि जिले के लोगों की हर सुख-दुख में शामिल होते हैं। उनके पिताजी ने भी जनता की नि:स्वार्थ काफी लंबे समय तक सेवा की थी। उसी के तर्ज पर उनकी विरासत को देख रहे हैं एडवोकेट चंदेनी भी लोगों की इसी तरह सेवा कर रहा है। एडवोकेट फखरुद्दीन चंदेनी ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि देश व प्रदेश का केवल आम आदमी पार्टी ही विकास कर सकती है, दिल्ली में पंजाब की तर्ज पर हरियाणा की जनता बदलाव चाहती है जैसे दिल्ली में पंजाब सरकार ने मुफ्त में शिक्षा स्वास्थ्य और पानी पर गरीबों के लिए काम किया है। उसी की तर्ज पर आम आदमी पार्टी की सरकार हरियाणा प्रदेश में बनने पर सभी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने कहा कि नूह क्षेत्र की जनता के लिए कोई तीसरा विकल्प नहीं था लेकिन अब जनता को आम आदमी पार्टी का उम्मीदवार विकल्प मिल चुका है। मेवात क्षेत्र और प्रदेश की जनता आम आदमी पार्टी की सरकार प्रदेश में देखना चाहती है। उन्होंने कहा कि नूह विधानसभा में लगातार मेहनत जारी है। इंशाल्लाह विधानसभा चुनाव में मिलेगी। इस अवसर पर चौधरी साहब खां पटवारी जिलाध्यक्ष आप पार्टी मेवात, जफरुद्दीन गूमल उपाध्यक्ष गुरुग्राम लोकसभा, फजल मास्टर बाबूपुर, जुबेर खान टेरकपुर, आमीन अड़बर, अख्तर चंदेनी, एडवोकेट जुल्फिकार, जमील सरपंच चंदेनी, आसू नंगली सहित हजारों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# ...इस सड़क के गड्ढे भरने के लिए निगम के पास पैसे नहीं

## उमंग भारद्वाज चौक से गाड़ौली खुर्द तक सड़क पर लगाए होर्डिंग

## एक साल से भी ज्यादा समय से टूटी है यह सड़क



गुरुग्राम के सेक्टर-10 स्थित उमंग भारद्वाज चौक से गाड़ौली गांव के बीच टूटी सड़क व सड़क के खंभों पर लगाए होर्डिंग।

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**गुरुग्राम** के सेक्टर-10 स्थित उमंग भारद्वाज चौक से लेकर गाड़ौली गांव तक सड़क का बुरा हाल है। एक साल से भी अधिक समय हो गया इस सड़क को क्षतिग्रस्त हुए, लेकिन अभी तक सड़क को बनाने की जेहमत नहीं उठाई गई है। शनिवार को इस सड़क पर लगे स्ट्रीट लाइट के खंभों पर किसी ने होर्डिंग लगाकर नगर निगम पर सवाल उठाए हैं।

खंभों पर लगाए गए हॉर्डिंग पर लिखा है। इस सड़क के गड्ढे भरने के लिए निगम के पास पैसे नहीं। नोट-निगम कमिश्नर गुरुग्राम। साथ में मोबाइल नंबर-9650246677 भी लिखा है। भले ही इन हॉर्डिंग को लगाने वालों ने अपनी पहचान नहीं उजागर की हो, लेकिन सड़क की हालत काफी दयनीय हो चुकी है। यह कड़वा सच है।

एक साल से अधिक समय से इस सड़क पर वाहन रेंगते हुए निकलते हैं। सड़क में गहरे गड्ढों के कारण अक्सर यहां किसी न किसी वाहन को नुकसान होता है। दुपहिया वाहन चालक भी यहां पर चोटिल होते रहते हैं। जब बरसात होती है तो यह सड़क नरक से कम नजर नहीं आती। पानी भरने से सड़क में गड्ढे नहीं दिखते और वाहनों को नुकसान पहुंचता है। ऐसा लगता है नगर निगम ने यह सड़क लावारिस छोड़ दी है। यहां से गाड़ी लेकर निकल रहे समाजसेवी रितु राज ने बताया कि इन गड्ढों में उनकी गाड़ी भी फंस गई थी और साइड में नुकसान हो गया। यह है मिलेनियम सिटी गुरुग्राम की तस्वीर है।

उन्होंने कहा कि नगर निगम के अधिकारियों पर इस सड़क को लेकर ना केवल जवाबदेही तय होनी चाहिए, बल्कि इस सड़क का निर्माण ना करने में हुई देरी पर उनके खिलाफ कड़ी कार्यवाही होनी चाहिए। गुरुग्राम से रेवाड़ी इस सड़क से लोग जाते हैं। रेवाड़ी का यह पुराना मुख्य मार्ग है। इसके बावजूद इसकी हालत इतनी खराब है। उन्होंने कहा कि नगर निगम को कई बार इसकी शिकायत की गई। सांसद राव इंद्रजीत सिंह भी इस क्षेत्र में आए हैं, लेकिन उनकी नजरों में भी सड़क की यह समस्या नहीं आई।

### नगर निगम गुरुग्राम जल्द शुरू कराएगा पटौदी रोड का निर्माण

**गुरुग्राम।** उमंग भारद्वाज चौक से गाड़ौली गांव तक सड़क निर्माण नहीं होने को लेकर लगाए गए हॉर्डिंग के संदर्भ में नगर निगम गुरुग्राम की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा यह काम किया गया है। पटौदी रोड के बारे में आमजन में भ्रांति फैलाने तथा अपनी राजनीति चमकाने के उद्देश्य से झूठे बोर्ड लगाए गए, जिन्हें नगर निगम गुरुग्राम की इनफोर्समेंट टीम द्वारा हटा दिया गया है। निगम अधिकारी अब संबंधित असामाजिक तत्वों की जानकारी हासिल करने में लगे हुए हैं, ताकि उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जा सके। साथ ही कहा गया है कि नगर निगम द्वारा गाड़ौली पुलिया का निर्माण कार्य तेजी से किया जा रहा है, जिस पर 4.58 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। उमंग भारद्वाज चौक से गाड़ौली तक सड़क निर्माण के लिए 96 लाख रुपये का टेंडर किया गया है। यहां पर स्ट्रॉम वाटर ड्रेनेज कार्य के लिए भी 1.71 करोड़ रुपये की लागत से कार्य जल्द ही शुरू कर दिया जाएगा।

# जमीनी विवाद में एक पक्ष के साथ मारपीट, दो घायल

**तावडू।** उपमंडल के गांव चुंधिका में जमीनी विवाद के चलते एक पक्ष के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया। मारपीट में दो के घायल होने की खबर है। पुलिस ने पन्द्रह नामजद आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

सदर थाना पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक बीते 28 मई दोपहर के समय चुंधिका गांव में एक पक्ष के लोग ट्रैक्टर से जमीन जोत रहे थे तभी दूसरे पक्ष से कुछ लोग आकर ट्रैक्टर के सामने खड़े हो गए। दोनों में जमीन के हिस्से को लेकर विवाद शुरू हो गया। इसी दौरान एक पक्ष के लोगों ने ट्रैक्टर चला रहे हैं इमामुद्दीन पर फरसा, लाठी, डंडा आदि हथियारों से हमला कर दिया। बचाओ में परिवार के अन्य लोग आए तो उनके साथ भी मारपीट की गई। इस दौरान ट्रैक्टर को भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया गया। हमले में इमामुद्दीन सहित एक महिला घायल हो गई। शोर-शराबा सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे।

## संक्षिप्त समाचार

### आशीष गोयल बने भाजपा चुनाव आयोग जिला संपर्क प्रमुख



**पुन्हाना।** अग्रवाल समाज के युवा नेता आशीष गोयल को भाजपा की प्रदेश चुनाव आयोग सम्पर्क प्रमुख प्रमोद कौशिक द्वारा जिला नूह को चुनाव आयोग संपर्क प्रमुख नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति से जहां युवा कार्यकर्ताओं में प्रशंसा है, वहीं नियुक्ति पर आशीष गोयल ने पार्टी के आला पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया है। आशीष गोयल को पद मिलने को लेकर अंशुल सैनी जिला संयोजक अन्न योजना, चिन्टू जांगिड़, मोनू साकरसिया, मनीष गोयल, नरेश सैनी, बन्टी गर्ग, विक्की गोयल, कैलाश सोनी, संजय कुमार इत्यादि सैकड़ो युवाओं ने खुशी का इजहार करते हुए कहा कि आशीष गोयल समाज के लिए मेहनती और नि:स्वार्थ कार्य करने वाले युवा कार्यकर्ता है। जो हर समय समाज के लोगों के कार्यों के लिए तैयार रहते है। उन्होंने भाजपा सरकार की जनहित योजनाओं को भी घर-घर पहुंचाने का काम किया है। लोगों को सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाने में सहायता करते है। पार्टी के प्रचार-प्रसार में उन्होंने कभी भी कोई कसर नहीं छोड़ी। वे पार्टी के मजबूत कार्यकर्ताओं में गिने जाने वाले कार्यकर्ता है। पार्टी द्वारा उन्हें जो जिम्मेदारी दी गई है, उससे ना केवल आशीष गोयल में हौंसला बढ़ेगा, बल्कि युवा कार्यकर्ताओं में पूरा जोश और खुशी है। नवनियुक्त पदाधिकारी आशीष गोयल ने बताया कि जिस उम्मीद से पार्टी पदाधिकारियों ने उन्हें जिम्मेवारी सौंपी है, वे उस पर पूरी मेहनत और निष्ठा के साथ खरा उतरेंगे और पार्टी के कार्य के लिए हर समय तैयार रहेंगे। उन्होंने भाजपा के प्रदेश चुनाव आयोग सम्पर्क प्रमुख प्रमोद कौशिक, जिलाध्यक्ष नरेन्द्र पटेल, जिला प्रभारी समय सिंह भाटी, महामंत्री बलवीर, शिव कुमार आर्य इत्यादि पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया है।

### खेत से पेड़ों के काटने का विरोध करना पड़ा भारी

**तावडू।** उपमंडल के गांव सुनारी में एक पक्ष को खेत से हरे पेड़ों को काटने का विरोध करना भारी पड़ गया। विरोध करने से गुस्साए दबंगों ने एक पक्ष के साथ मारपीट कर तीन लोगों को घायल कर दिया। जिनमें एक की हालत गंभीर बताई गई है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष के बयान पर नौ आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव सुनारी निवासी मामनदीन ने बताया कि बीते 31 मई शाम के समय में गांव के ही दबंग किस्म के लोग उनके खेत से हरे पेड़ों को काट रहे थे। विरोध किया तो झगड़े पर उतारू हो गए। आरोप है कि इसी से रंजिश बनाकर बाद में सभी मशविरा कर उनके घर पर आए। सभी के हाथों में लाठी-डंडे कुल्हाड़ी आदि हथियार थे। जिन्होंने आते ही परिवार के लोगों पर धावा बोल दिया, बचाव में परिवार के अन्य सदस्य आए तो उनके साथ भी मारपीट की गई। हमले में बेटे सहित परिवार के तीन लोग घायल हो गए। शोर शराबा होने पर अन्य ग्रामीण मौके पर पहुंचे। जिन्होंने किसी तरह हमलावरों से बचाया। जिसके बाद सभी उन्हें जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। घायलों को नूंह अस्पताल में लाया गया। जहां से हमले में गंभीर रूप से घायल एक व्यक्ति को रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया जो अभी भी उपचाराधीन है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने सुनारी निवासी आरोपी सद्दाम, रहीस, बशीर, भुल्लू, सीमा, वजीदा, सकुनत, साजिदा और जल्लू के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

### यासीन मेव कॉलेज के छात्र ने जीता खेलो इंडिया में कांस्य पदक



**नूह।** बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय में आयोजित खेलो इंडिया के तहत कुश्ती प्रतियोगिता के 65 किलो भार वर्ग में यासीन मेव डिग्री कॉलेज का स्नातक प्रथम वर्ष का छात्र दीपक ने कांस्य पदक जीत कर कालेज को गौरवान्वित किया। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ मो. इम्तियाज खान ने दीपक को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। शारीरिक शिक्षा के प्रवक्ता डॉ. मो. खालिद खान तथा अन्य प्रवक्ताओं ने भी छात्र दीपक को बधाई दी। कॉलेज के प्रबंध समिति के अध्यक्ष चौधरी जाकिर हुसैन तथा सचिव हाजी इसराइल खां तथा अन्य सदस्यों ने छात्र के इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी।

### संयुक्त आयुक्त ने जोन-3 क्षेत्र के अधिकारियों के साथ की बैठक

**गुरुग्राम।** नगर निगम गुरुग्राम के जोन-3 क्षेत्र के संयुक्त आयुक्त डा. नरेश कुमार ने इंजीनियरिंग अधिकारियों के साथ बैठक की तथा जोन में किए जाने वाले कार्यों पर विचार-विमर्श किया। बैठक में उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ताओं द्वारा की जाने वाली शिकायतों का समाधान जल्द किया जाए। उन्होंने कहा कि नगर निगम गुरुग्राम का मुख्य कार्य नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मुहैया करवाने का है। नागरिकों को इस सुविधाओं के लिए किसी भी प्रकार की समस्या ना हो, इसके लिए सभी अधिकारी गंभीरता से कार्य करें। उन्होंने क्षेत्र से प्राप्त होने वाली शिकायतों के बारे में भी अधिकारियों से जानकारी ली तथा त्वरित समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लोगों की समस्याओं पर विशेष ध्यान दिया जाए। सभी कनिष्ठ अभियंता आमजन के द्वारा किए जाने वाले फोन कॉल को अटैंड करें और समय पर समस्याओं का समाधान करवाएं।

### सड़क पर वाहन और रेहड़ी के खिलाफ पुलिस ने चलाया अभियान

**पुन्हाना।** शहर के मुख्य मार्गो पर वाहनों को खड़ा करने व सडक़ पर रेहडी व दुकानों को सामान लगाने वालों के खिलाफ सिटी चौकी पुलिस अभियान चलाए हुए है। दिन-रात पुलिस चौकी प्रभारी सुनील कुमार मार्गो पर गश्त करके ऐसे लोगों को पहले चेतावनी देते है, ना मानने पर उनका चालान काटकर कार्यवाहीं करते है। इसके अलावा बस अड्डा प्रांगण में खड़े होने वाले निजि वाहनों पर भी पूरी तरह नकेल कस दी है। पुलिस की इस कार्यवाहीं से काफी हद तक मार्गो पर आमजन को राहत मिलने लगी है। चौकी प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि देखने में आया कि शहर के मुख्य मार्गों पर वाहन चालक मनमाने ढ़ंग से अपने वाहनों को खड़ा करके सामान खरीदने लग जाते है, दुकानदार अपनी दुकानों से कई-कई फुट आगे अपना सामान लगाए रखते है, कई दुकानदार अपनी दुकानों के आगे अन्य दुकान या फड़ व रेहड़ी इत्यादि लगवाकर मार्ग को बांधित करते हैं, जिससे मार्ग पर जाम की समस्या पैदा होती है और आम नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। ऐसे लोगों के खिलाफ सिटी चौकी पुलिस की टीम पूरे दिन गश्त मारकर कार्यवाही कर रही है। चौकी प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि पहले लोगों को समझा-बुझाकर आईन्दा मार्ग पर अतिक्रमण नहीं करने की चेतावनी दी जा रही है।

पायनियर
क्लासीफाइड

NAME CHANGE

I, Surbhi W/o Anurag Bansal R/o F-71, Sector-10, Faridabad have changed my name to Surbhi Gupta for all future purposes.


नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं, कि जुआ डिस्ट्री ब्यूट्री पर खड़े 12 आम के वृक्षों के फलों की नीलामी खुले आम दिनांक: 6.06.2023 को प्रात: 11.00 बजे वनराजिक अधिकारी, सोनीपत के कार्यालय (पंचायत भवन के सामने, गोहाना रोड) पर मेरे द्वारा की जाएगी। इच्छुक बोली दाता नियत समय व विधि को उपस्थित होकर बोली में भाग ले। शर्तें मौके पर सुना दी जाएंगी। वनराजिक अधिकारी, सोनीपत

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद (हरियाणा) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, जिला- गौतमबुद्ध नगर - 201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक : विजय प्रकाश सिंह, स्थानीय संपादक : प्रवीण मोहंती। दूरभाष नंबर : (0129) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

## भारतीय अर्थव्यवस्था
### मार्गन स्टैनले रिपोर्ट

**भारतीय** अर्थव्यवस्था के बारे में मार्गन स्टैनले की रिपोर्ट अर्थव्यवस्था की आशाजनक तस्वीर पेश करती है, हालांकि आलोचकों का कहना है कि उसने कुछ महत्वपूर्ण संकेतकों को छोड़ दिया है। सरकार तथा भारतीय जनता पार्टी समर्थक स्वाभाविक रूप से वैश्विक वित्तीय सेवा फर्म मार्गन स्टैनले की हालिया रिपोर्ट से बहुत प्रसन्न हैं। इसमें कहा गया है, 'यह भारत 2013 के भारत से अलग है। 10 साल की छोटी सी अवधि में भारत ने विश्व व्यवस्था में अपना मजबूत स्थान बनाया है जिसके मैक्रो व बाजार दृष्टिकोण पर महत्वपूर्ण सकारात्मक नतीजे होंगे।' उसके अनुसार, 'भारत एक दशक से भी कम समय में बदल गया है।' यह निश्चित रूप से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा उनकी आर्थिक नीतियों के प्रति विश्वास मत की तरह है। रिपोर्ट ने उन बड़े दस परिवर्तनों को रेखांकित किया है जो 2014 के बाद से हो रहे हैं। मार्गन स्टैनले के अनुसार, कार्पोरेट टैक्स को घटा कर कुछ बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के समान कर देना तथा ढांचागत संरचना में भारी निवेश सप्लाई पक्ष के सर्वोच्च नीतिगत सुधार हैं। वस्तु एवं सेवाकर-जीएसटी का बढ़ता हुआ संग्रह तथा जीडीपी के प्रतिशत के रूप में डिजिटल लेनदेन का बढ़ता हिस्सा भारतीय अर्थव्यवस्था के औपचारीकरण का संकेत देता है। मार्गन स्टैनले के अनुसार अन्य सकारात्मक चीजों में लाभार्थियों के खातों में सब्सिडी का सीधे हस्तांतरण, इन्साल्वेंसी एंड बैंकरप्टसी कोड, मुद्रास्फीति का लचीला लक्ष्य, प्रत्यक्ष विदेशी निवेश-एफडीआई पर ध्यान देना, कार्पोरेट मुनाफों के लिए सरकारी सहायता, रियलिटी क्षेत्र के लिए नया कानून तथा बहुराष्ट्रीय निगमों-एमएनसी के भीतर सोच का अनेक वर्षों में उच्च स्थान पर होना इनमें शामिल हैं। मार्गन स्टैनले ने कहा है कि जीडीपी प्रतिशत के रूप में विनिर्माण व पूंजीगत खर्च लगातार बढ़ रहा है तथा निर्यात बाजार में भारत का हिस्सा 2031 तक 4.5 प्रतिशत बढ़ कर पहले की तुलना में दूने से अधिक हो जाएगा।



मार्गन स्टैनले की रिपोर्ट में कही गई ज्यादातर बातें सही हैं, लेकिन कई स्थानों पर आशावाद थोड़ा अतिरंजित लगता है। उदाहरणार्थ, पिछले वित्त वर्ष में देश में एफडीआई का प्रवाह 16 प्रतिशत घट कर 71 बिलियन डालर रह गया, हालांकि यह कमी अनेक वैश्विक आयामों के कारण है। इसी प्रकार विनिर्माण क्षेत्र में गतिरोध बना हुआ है और यह देश की जीडीपी के 16-17 प्रतिशत पर बना हुआ है। सरकार ने औद्योगिक विकास संभावना के बड़े-बड़े दावे किए हैं तथा उसने 'मेक इन इंडिया' को बढ़ावा देने के लिए उत्पादन-संबद्ध प्रोत्साहन या पीएलआई योजना कई क्षेत्रों के लिए घोषित की है। इसके बावजूद जीडीपी में विनिर्माण का हिस्सा 2011 से अधिक नहीं बढ़ा है। इसी साल घोषित राष्ट्रीय विनिर्माण नीति में 2022 तक यह हिस्सा बढ़ने की घोषणा की गई थी। इसके साथ ही रोजगारों का मुद्दा भी है क्योंकि अर्थव्यवस्था समुचित संख्या में गुणवत्तापूर्ण रोजगार सृजित नहीं कर पा रही है। इससे उपभोग पैटर्नों का पता चलता है। विलासिता की वस्तुओं की बिक्री बढ़ रही है, जबकि आम लोगों द्वारा प्रयोग किए जाने वाले रसोई उपकरणों की बिक्री अच्छी नहीं है। भारत की आर्थिक वृद्धि दर 2022-23 की चौथी तिमाही में बढ़ कर 6.1 प्रतिशत हो गई है, जबकि पूरे वित्त वर्ष के लिए इसके बढ़ कर 7.2 प्रतिशत होने का अनुमान है। 2023-24 में भी भारत की वृद्धि दर 6 प्रतिशत से अधिक होने की आशा है और इस प्रकार यह दुनिया की सबसे तेज बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था होगी। सरकार को ऐसे में आर्थिक सुधार लगातार जारी रखने चाहिए तथा सप्लाई पक्ष की बाधायें दूर करनी चाहिए ताकि आर्थिक वृद्धि व विकास के लाभ देश की सारी जनता तक समान रूप से पहुंच सकें।

# राजदंड के साथ राजतंत्र की ओर बढ़ता भारत

**सन 1947 में भारत देश की जनसंख्या एक अनुमान के मुताबिक 33 करोड़ थी, लेकिन देश की आजादी के बाद जो आधिकारिक रूप से भारत की जनगणना की गई थी, वह वर्ष 1951 में की गई थी।**

**निशिकांत ठाकुर**
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार और राजनीतिक विश्लेषक हैं)





**सत्ता** के लिए कुछ भी असंभव नहीं है, इसलिए हम कुछ भी करेंगे, पर सत्ता हासिल करके रहेंगे, राजनीतिज्ञों की सदैव यही लालसा रहती थी, और आगे भी रहेगी, हमेशा रहेगी। चुनाव के समय में जो आश्वासन दिए जाते हैं और जिसके लिए वे प्रतिबद्ध दिखाई देते हैं, क्या कभी उसे पूरा होते हुए देखा गया है? हो सकता है कि कुछ सुलझे हुए राजनीतिज्ञ अपने द्वारा किए गए वादों को पूरा करते हों, लेकिन अमूमन ऐसा होता नहीं है। यदि ऐसा हुआ होता तो आजादी के बाद से आज 75 वर्ष पूरे होने पर भारत, अमेरिका के बराबर खड़ा होता और आज भारतीयों को उन विकसित राष्ट्रों में अपनी जीविकोपार्जन के लिए नहीं जाना पड़ता। यह कहना ठीक है कि अपनी रोजी-रोटी के लिए हम कहीं भी जाने के लिए स्वतंत्र हैं, लेकिन यह हम भारतीय मानसिकता से ही सोचते हैं, क्योंकि यदि सच में ऐसा हुआ होता, तो अमेरिकी भी भारत में रोजगार ढूंढने आते हमें दिखते। ऐसा भी नहीं है कि भारत का विकास नहीं हुआ है। भारत खूब विकसित हुआ है। सच तो यह है कि आजादी के बाद हमारे पास था ही क्या! सब कुछ लूटकर अंग्रेजों ने भारत को खोखला कर दिया था, इसलिए तो तत्कालीन ब्रिटिश प्रधानमंत्री चर्चिल ने कहा था कि यदि भारत अयोग्य राजनीतिज्ञों के हाथों में चला गया, तो वह खण्ड—खण्ड में विभाजित होकर स्वयं नष्ट हो जाएगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ और यदि चर्चिल आज जीवित होता, तो भारत की एकजुटता और उसके विकास को देखकर शायद आत्महत्या कर लेता।

देश के विकास को पंख लग गए होते यदि हमारे राजनीतिज्ञ आपसी कलह से ऊपर उठकर देश के विकास को ऊपर उठाना चाहते। अब तक यही माना जाता है कि स्वतंत्रता की लड़ाई में कई ज्ञात—अज्ञात क्रांतिकारियों ने अपनी भूमिका का नि:स्वार्थभाव से निर्वहन किया और उनके योगदान को अज्ञात होने के कारण सराहा नहीं जा सका। इसलिए उन्हें हम भूल गए, लेकिन आज स्वतंत्रता संग्राम में जिनके योगदान को सबसे महत्वपूर्ण माना जाता है वह कांग्रेस ही है। हां, यह बात ठीक है कि 1925 में विजयादशमी के दिन डॉ. हेडेगवार ने एक संस्था को स्थापित किया तथा जिसका नाम राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ रखा गया। डॉ. हेडगेवार का उद्देश्य राष्ट्रीय स्वाधीनता ही था। संघ के स्वयंसेवकों को जो प्रतिज्ञा दिलाई जाती थी, उसमें राष्ट्र की स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए तन-मन-धन से आजन्म और प्रामाणिकता से प्रयत्नरत रहने का संकल्प होता था। संघ स्थापना के तुरन्त बाद से ही स्वयंसेवक स्वतंत्रता संग्राम में अपनी भूमिका निभाने लगे थे। लेकिन, इसके साथ ही जिसकी देशभक्ति पर हमेशा से सवाल उठता आया है, वह आरएसएस ही है। उससे हमेशा से एक सवाल पूछा गया कि आपका देश की आजादी में क्या योगदान था? जी हां, यहां बात राष्ट्रीय स्वयंसवेक संघ की ही हो रही है। वही आरएसएस, जिससे हमेशा यह पूछा जाता है कि आपने 52 साल तक नागपुर मुख्यालय में तिरंगा क्यों नहीं फहराया? क्या वाकई संघ ने देश की आजादी में हिस्सा नहीं लिया था? डॉ. हेडगेवार ने जब इस संस्था की स्थापना की, तब भारत आजादी के लिए अपनी लड़ाई लड़ रहा था। भारत को पूर्ण आजादी की बात सबसे पहले कांग्रेस अधिवेशन में संघ के संस्थापक ने ही की थी। जो भी हो, यह गहन शोध का विषय है कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने स्वतंत्रता की लड़ाई में भाग लिया या नहीं, लेकिन आज यदि विशेषज्ञों की बात करें तो उनका कहना यही है कि आजादी की लड़ाई में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का कोई योगदान नहीं था और उसी कुंठा का परिणाम है कि आज उसके संगठन के सहयोगी भारतीय जनता पार्टी द्वारा कांग्रेसविहीन भारत की बात की जाती है। काश, इस प्रकार के भ्रम को दूर कर मजबूती से गरीबी हटाओ, बेरोजगारी हटाओ, महंगाई कम करो का नारा दोनो पक्षों द्वारा दिया जाता।

सन 1947 में भारत देश की जनसंख्या एक अनुमान के मुताबिक 33 करोड़ थी, लेकिन देश की आजादी के बाद जो आधिकारिक रूप से भारत की जनगणना की गई थी, वह वर्ष 1951 में की गई थी। तब भारत की जनसंख्या लगभग 36 करोड़ थी। ब्रिटिश राज में भारत में जनगणना 10 वर्ष में होती थी। आज भी उसी परंपरा को हमारे देश में निभाया जाता है और हर 10 साल के बाद जनगणना की जाती है। शिक्षा के मामलों में सभी राजकीय और राजकीय सहायता प्राप्त संस्थानों में विश्वविद्यालय स्तर तक शिक्षा नि:शुल्क थी। हालांकि, शुल्क लेने वाले कुछ निजी संस्थान भी थे, शिक्षा का प्रबंधन मुख्य रूप से राज्य की जिम्मेदारी थी। आजादी के समय साल 1947 में प्रति ०?यक्ति आय केवल 249.6 रुपये सालाना थी। अब यदि आज से हम इन सभी मामलों में देश के विकास को देखें तो और वर्ल्ड पॉपुलेशन रिव्यू की एक ताजा रिपोर्ट को मानें तो भारत की जनसंख्या पहले ही चीन की जनसंख्या को पार कर चुकी है। वर्ल्ड पॉपुलेशन रिव्यू ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि 2022 के अंत तक भारत की जनसंख्या 1.417 बिलियन (लगभग 10 बिलियन) हो चुकी थी। भारतीय शिक्षा प्रणाली के पास के मुद्दे और खण्ड का अपना हिस्सा है जिसे हल करने की आवश्यकता है, ताकि बच्चों को बेहतरीन शिक्षा प्रदान की जा सके, जो देश का भविष्य हैं। पिछले कुछ वर्षों में, भारतीय शिक्षा प्रणाली में बहुत कुछ बदल गया है, लेकिन फिर भी, कई खामियाँ हैं जिन्हें हल करने की आवश्यकता है। एनएसओ के हालिया आए डाटा के मुताबिक भारत की प्रति व्यक्ति आय 1,72,000 रुपये प्रतिवर्ष हो गई है।

आजादी के वर्ष के बाद से आज की तुलना इसलिए, क्योंकि हम यह देखना चाहते हैं कि क्या सच में भारत का विकास हुआ हैं? विश्व की सबसे बड़ी जनसंख्या इतने उतार चढ़ाव के बाद भी प्रगति के पथ पर आगे बढ़ा है। लेकिन, कुछ कमियां निश्चित रूप से रही है। ऐसा इसलिए, क्योंकि जब भारत आजाद हुआ था, उस समय एक रुपये मूल्य के बराबर डॉलर हुआ करता था। आज यदि उससे अपने देश के मुद्रा का मूल्यांकन करें तो डॉलर 80 रुपये के ऊपर हो गया है। सोना 80 रुपये प्रति दस ग्राम के स्थान पर आज छह हजार से ऊपर चला गया है। इतना अवमूल्यन हमारे रुपये का कैसे हो गया? इस मामले में निश्चित रूप से हमारे वित्तीय व्यवस्था की कमी रही है, सरकार की कमी रही है। इस अवमूल्यन के कई कारणों में अचानक नोट बंदी, कोरोना काल में समस्त व्यावसायिक कार्यों और उद्योगों का रुक जाना शामिल है। अर्थशास्त्रियों ने तो यहां तक कहा है कि सरकार की विफलता और अज्ञानता ही इसके मूल कारण रहे हैं। इसके साथ ही देश में जातिगत द्वेष फैलाना, जैसे—हिंदू—मुस्लिम में समाज को बांट देना, अगड़ी-पिछड़ी जातियों में बांट देना, अमीरों को प्रोत्साहित करना और गरीबों में पांच किलो चावल और गेहूं बांटना भी समाज को ही नहीं, देश को कमजोर करने में अव्वल रहा है। इतना ही नहीं, अंतरिक कलह, सत्ता की कुर्सी पर बने रहने की जिद, एकछत्र राज कायम करने की ख्वाहिश ने भी हमारे विकास को वह गति नहीं दे सका, जैसा कि भारत के साथ आजाद हुए अन्य राष्ट्रों का हो चुका है। वर्तमान सत्तारूढ़ दल ने समाज के मन में विश्वास पैदा करने के स्थान पर एक भय पैदा कर दिया।

पिछली सरकार पर तरह—तरह के आरोप लगाना, विशेषरूप से सारा ध्यान पं. जवाहरलाल नेहरू की तरफ भटकाकर उनके जैसा बनने का प्रयास करना भी, सामान्य जनता को अप्रिय लगने लगा। जिस उम्मीद से वर्तमान सरकार को लोगों ने चुना था, उसमें वे निराश हुए। युवा पढ़—लिखकर रोजी—रोटी की तलाश में भटक रहा है, महंगाई इतनी बढ़ गई है कि लोगों का हाल बेहाल है और देश का शीर्ष नेतृत्व अपनी छवि बनाने में लगा हुआ है। पिछले सप्ताह नए संसद भवन के उद्घाटन समारोह का जो दृश्य लोगों ने देखा, उससे महसूस किया होगा कि देश में अब संवैधानिक अवधारणा को समाप्त किया जा रहा है, उसे नकारा जा रहा है। जिस प्रकार राजदंड लेकर प्रधानमंत्री नमन कर रहे थे, उसके बाद लोगों में भ्रम हो गया है कि लोकतंत्र की जिस अवधारणा का उल्लेख हमारे संविधान में किया गया है, उसमें इस प्रकार के दंड का क्या औचित्य ? यह तो राजतंत्र का प्रतीक है। अब ऐसा लगने लगा है कि विपक्ष ने जिस प्रकार एकजुट होने का प्रयास शुरू किया है, उससे सत्तारूढ़ डर गया है और उसके परिणामस्वरूप वह अपना कर्तव्य आमलोगों के प्रति नजरंदाज कर दिया है। अब कुछ दिन में पांच राज्यों में चुनाव और फिर लोकसभा का चुनाव होने वाला है। देखना यह होगा कि इसमें सत्तारूढ़ या विपक्ष किसको आगे देश के विकास का जिम्मा जनता सौंपती है।

# पीएम मोदी की अमेरिकी यात्रा का महत्व

> घरेलू राजनीति एक तरफ, पीएम मोदी की अमेरिका की आगामी राजकीय यात्रा के लिए बहुत कुछ दांव पर लगा है

**कुमारदीप बनर्जी**
(लेखक, विदेशी मामलों पर टिप्पणीकार हैं)



**प्र**धानमंत्री नरेंद्र मोदी इस महीने के अंत में संयुक्त राज्य अमेरिका की एक हाई-प्रोफाइल यात्रा पर होंगे। राजकीय यात्रा प्रधान मंत्री के लिए पहली और संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति के लिए और दूसरी मेजबान के रूप में उनके वर्तमान कार्यकाल के दौरान होगी। यह यात्रा भारतीय और अमेरिकी राजनयिकों, सचिवों और मंत्रियों की कई हाई-प्रोफाइल यात्राओं की पृष्ठभूमि में हो रही है, जो भारत-अमेरिका द्विपक्षीय संबंधों में सबसे महत्वपूर्ण मील के पत्थर में से एक हो सकती है। रिश्ते को आखिरी बार 2005 से 2009 तक की अवधि में बढ़ावा मिला जब भारत परमाणु हो गया और अमेरिका ने अपने घरेलू राजनीतिक संदेहों और सहयोगी चिंताओं (पाकिस्तान पढ़ें) को अलग रखते हुए, भारत को परमाणु क्लब में शामिल कर लिया, अंत में तत्कालीन प्रधान मंत्री में समाप्त हो गया। मनमोहन सिंह की अमेरिका की राजकीय यात्रा। एक राजकीय यात्रा द्विपक्षीय रूप से दिए जाने वाले सम्मान और प्रतिष्ठा का उच्चतम स्तर है, और इसे राजनयिक संबंधों में शीर्ष स्तर का माना जाता है।

माना जाता है कि प्रधान मंत्री मोदी की निर्धारित राजकीय यात्रा अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन के साथ एक महीने से भी कम समय में कम से कम तीन बार हुई थी। इनमें त्7 के दौरान द्विपक्षीय बैठकें शामिल थीं, जिसमें भारत को आमंत्रित किया गया था, पापुआ न्यू गिनी में एक बैठक और राजकीय यात्रा के समापन से पहले क्त्रष्ठ नेताओं का शिखर सम्मेलन। हालाँकि, घरेलू मुद्दों के कारण, राष्ट्रपति बिडेन को प्रशांत महासागर द्वीप राष्ट्र और ऑस्ट्रेलिया की अपनी यात्रा में कटौती करनी पड़ी, जिसके कारण जापान में जी-7 के मौके पर कुछ हड़बड़ी में बैठकें हुईं।



भारत और अमेरिका दोनों के लिए घरेलू माहौल अभी गर्म हो रहा है, जो दुनिया के सबसे पुराने और सबसे बड़े लोकतंत्र के लिए बेहद गर्म और शोरगुल वाला स्थान होगा। भारत और अमेरिका में अगले साल आम चुनाव होने हैं और घरेलू राजनीतिक माहौल, यदि डेसिबल नहीं है, पहले से ही सहनीय सीमा से अधिक है। आगे बढ़ना असहनीय और खुरदरा होगा। यह इन नेताओं के लिए पासा डालता है, जो दोनों फिर से चुनाव की मांग कर रहे हैं (तीसरे कार्यकाल के लिए पीएम मोदी और राष्ट्रपति बिडेन दूसरे कार्यकाल के लिए), इसे अपने संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों के लिए सार्थक बनाने के लिए, जो उन्हें शीर्ष पदों पर वापस भेज देंगे।

अमेरिकी राष्ट्रपति को यह सुनिश्चित करना होगा कि उनके मतदाता, यदि कांग्रेस और उनके कुछ सहयोगी नहीं, यूक्रेन पर भारत की विशिष्ट चुप्पी के बावजूद भारत-अमेरिका द्विपक्षीय संबंधों को उन्नत करने के मूल्य को देखते हैं (सिवाय इसके कि यह युद्ध का समय नहीं है) बयान), रूस पर घनिष्ठ संबंध और निर्भरता और मानवाधिकार, धार्मिक स्वतंत्रता आदि के संबंध में कुछ असहज प्रश्न। भारतीय प्रधान मंत्री अपनी ओर से हाउडी मोदी, ग्रैंड कॉन्सर्ट इवेंट, जब पीएम मॉड और तत्कालीन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने संयुक्त रूप से ह्यूस्टन में हजारों भारतीय अमेरिकियों को संबोधित किया, की तुलना में तमाशा भागफल को थोड़ा अधिक लेना चाहेंगे। पीएम राजकीय यात्रा से एक महत्वपूर्ण परिणाम की उम्मीद करेंगे, हालांकि उत्साही भीड़, सार्वजनिक कार्यक्रम निश्चित रूप से पैकेज का हिस्सा होंगे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जो हाल ही में ऑस्ट्रेलिया और प्रशांत द्वीप देशों की यात्रा पर भी गए थे, जहां उनका रॉक स्टार स्वागत किया गया था, खचाखच भरे मैदानों में बड़ी संख्या में भीड़ को उन्होंने संबोधित किया और उन्हें ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री द्वारा बॉस भी कहा गया। भारतीय अमेरिकी समूह भी प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा के लिए तैयारी कर रहे हैं, क्योंकि उनमें से कई के व्हाइट हाउस में कुछ प्रमुख आधिकारिक समारोहों में भाग लेने की उम्मीद है, जिसमें 21 तोपों की सलामी और शायद भारतीय पीएम के नेतृत्व में अंतरराष्ट्रीय विश्व योग पर योग सत्र शामिल हैं। 21 जून को दिन।

यह भी याद रखने योग्य होगा कि पीएम की यात्रा विपक्ष के नेता राहुल गांधी की अमेरिका की दस दिवसीय यात्रा के बाद भी होगी, जहां उन्होंने भारतीय लोकतंत्र से जुड़े सवालों पर विभिन्न हितधारकों, नागरिक समाज, थिंक टैंक आदि के साथ बातचीत की। भारत में लोकतांत्रिक पैंतरेबाज़ी और राजनीतिक विरोध के लिए सिकुड़ते स्थान के बारे में बड़े सवाल, जो विपक्षी नेता द्वारा यूके आदि की अपनी पिछली यात्राओं के दौरान सामने लाए गए हैं और जिसके कारण कुछ प्रभावशाली समूहों को भारतीय लोकतांत्रिक साख पर संदेह हुआ है, को नियंत्रित किया जा सकता था। जिस समय पीएम मोदी अमेरिका में लैंड करते हैं। घरेलू राजनीति एक तरफ पीएम मोदी की अमेरिका की आगामी राजकीय यात्रा के लिए बहुत कुछ दांव पर लगा है।

## आप की **बात**

### संघर्षरत जेलेंस्की

**यूक्रेनी राष्ट्रपति** वोलोदिमिर जेलेंस्की ने दूसरे यूरोपीय राजनीतिक समुदाय शिखर सम्मेलन के भाग के रूप में यूरोपीय नेताओं के साथ बैठक के लिए मोल्दोवा की यात्रा की। आज कल नाटो व यूरोपीय संघ की लगभग हर बैठक में यूक्रेन के राष्ट्रपति ज़ेलेन्स्की जरूर उपस्थित रहते हैं। ऐसा करना इनकी मज़बूरी भी है क्योंकि पिछले 16 महीनों से अगर वे रूस से संघर्ष करने की स्थिति में हैं तो उसके पीछे निश्चित रूप में यूरोपियन यूनियन एवं नाटो का महत्वपूर्ण योगदान है। 1 जून को जेलेंस्की और वॉन डेर लेयेन ने यूक्रेन के शांति फार्मूले पर गौर किया। उन्होंने नाटो की पूर्ण सदस्यता से पहले यूक्रेन के लिए सुरक्षा गारंटी और उसे यूरोपीय संघ में शामिल होने की प्रक्रिया पर भी चर्चा की। लेकिन सिर्फ ऐसी चर्चा से काम नहीं चलेगा। रूस-यूक्रेन युद्ध समाप्त करने के लिए विश्वस्तर पर व्यापक प्रयासों की जरूरत है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यूक्रेन पर संकट को मुख्यत: मानवता पर संकट माना था, लेकिन दुनिया के अधिकांश देश इसे रूस पर प्रभुत्व स्थापित करने के रूप में देख रहे हैं। दूसरी ओर रूस, चीन तथा उसके सहयोगी इसे अमेरिका व नाटो से मुकाबले की तरह देखते हैं। ऐसे में जेलेन्स्की का संघर्ष और जटिल होता जा रहा है।

– **जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

### मोदी सरकार

**अपने** कार्यकाल के नौ वर्ष पूरा होने पर यदि मोदी सरकार अपनी उपलब्धियों को जोर-शोर से रेखांकित कर रही है तो इसलिए कि उसने इस अवधि में बहुत कुछ कर दिखाया है। इन नौ वर्षों में विकास की विभिन्न योजनाओं में जहां देश की तस्वीर बदलने का काम किया है वही जनकल्याणकारी कदमों ने जनता को लाभान्वित करने के साथ अपनी छाप भी छोड़ी है। विपक्षी दल व मोदी सरकार की रीति-नीति से असहमत लोग कुछ भी दावा करें, इससे कोई इनकार नहीं कर सकता कि उसने अपनी योजनाओं का क्रियान्वयन भी बेहतर तरीके से किया है। उज्ज्वला गैस सिलेंडर और जन-धन जैसी योजनाओं ने करोड़ों लोगों के जीवन को बदलने का काम किया। इन नौ वर्षों में देश में आधारभूत ढांचे का उल्लेखनीय और कुछ क्षेत्रों में तो अभूतपूर्व विकास हुआ है। देश के प्रत्येक हिस्से में आधारभूत ढांचे के विकास की कोई भी अनदेखी नहीं कर सकता है। सड़क, पुल, हवाई अड्डे, रेल मार्ग आदि बहुत तेज गति से निर्मित हो रहे हैं। वे देश की तस्वीर बदलने का काम करने के साथ लोगों का दैनिक जीवन भी सुगम बना रहे हैं।

– **सदन जी,** पटना

### जल संरक्षण

**देश** में गर्मी के मौसम मे जितना लोग परेशान नहीं, उससे कहीं ज्यादा देश के अनेक हिस्से जल संकट से गुजर रहे है। जहां तक जल की उपयोगिता का सवाल है, कहीं न कहीं हम सभी जवाबदेह हैं। पानी की बर्बादी को हम मूकदर्शक की भांति निहारते रहते हैं। जल सरक्षण की सोच आम लोगों से दूर नजर आती है। सामान्य तौर हर व्यक्ति 45 लीटर पानी उपयोग करता है। गर्मी के दिनों मे यह थोड़ा बढ़ सकता है। लेकिन अक्सर घरो मे पानी की बर्बादी के नजारे देखने को मिल जायेंगे। घर आँगन धोना, गाड़ी, वाहन धोना, शेविंग करते समय नल खुला रखना, पानी की टंकी ओवर फ्लो होना, आदि ऐसे कई कारण इस समस्या के अंग हैं। कहीं कहीं गावों-शहरों मे नलों में टोटी गायब मिलेंगी। लोग वाहनों को धोने मे सैकड़ों लीटर पानी बहा देते है। आखिर हम क्यों नहीं जागरूकता लाना चाहते हैं। जल है तो कल हैए, जल है तो जीवन है, आदि नारे केवल प्रदर्शन की वस्तु क्यों बन गए हैं? यदि यही हाल रहा तो वो दिन दूर नहीं कि लोगों को एक एक बूंद पानी के लिए तरसना पड़े। जल संरक्षण को आम जीवन का हिस्सा बनाना होगा।

–**योगेश जोशी,** बड़वाह

### सड़क सुरक्षा

**ज्यादातर** सड़क दुर्घटना अंधेरे के कारण सड़क पर खड़े पशुओं व वाहनों के न दिखाई देने के कारण होती है। कई स्थानों पर चिन्हों के संकेत जो कि रेडियम के पेंट से बने होते हैं जो रौशनी गिरने से वो अँधेरे में ज्यादा साफ़ दिखाई देते हैं। ये संकेत कई स्थानों पर सड़कों के किनारे लगे होते हैं किंतु सड़कों पर खड़े, बैठे पशु या वाहन दिखाई न देने से दुर्घटना घटित होती है। कई क्षेत्रों में बैलगाड़ी के धुरों यानी जहाँ बैलों को बैलगाड़ी में बांधा जाता है, वहां पर मध्य में एवं बैलगाड़ी के पीछे की और रेडियम संकेत लगाए जाने चाहिए। साइकिल के अलावा अन्य वाहनों में भी रेडियम के इंडीकेटर लगे होते हैं। जिन पर नहीं लगे हों उन्हें लगवाना लगाना चाहिए। साथ ही पशुओं के गले में भी रेडियम बेल्ट बाँधा जाना एवं सींग पर रेडियम पेंट लगाने से अँधेरे में उनकी जान के साथ खुद की जान बचाई जा सकती है। राजमार्गों पर अवैध कट तथा अवैध रूप से उल्टी दिशा में या धीमी गति से चलने वाले वाहनों का प्रयोग भी दुर्घटनाओं को न्योता देता है। सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन सबको करना चाहिए।

– **संजय वर्मा,** मनावर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

रेलवे कॉरिडोर के तहत बनाए जाएगे जिले में तीन स्टेशन

# जिले से 700 कंटेनर का आयात व 600 कंटेनर का होता है निर्यात : संजीव कौशल

## मुख्य सचिव ने की अधिकारियों के साथ जिले में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा

**पायनियर समाचार सेवा।** यमुनानगर




**मुख्य** सचिव हरियाणा सरकार संजीव कौशल ने कहा कि रेलवे कॉरिडोर के तहत यमुनानगर जिले में तीन स्टेशन बनाए गए हैं। इन स्टेशनों से उद्योगपतियों को कैसे लाभ मिले इसके लिए उपायुक्त द्वारा एक कमेटी बनाई जाएगी। यह कमेटी इस क्षेत्र के उद्योगपतियों से जानकारी लेकर स्टेशनों पर सुविधा मुहैया करवाएगी। इन रेलवे कॉरिडोर बनने से इस क्षेत्र के व्यापारियों के साथ-साथ पौंटासाहिब तक के उद्योगपतियों को भी लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि यमुनानगर से 700 कंटेनर का आयात होता है और 600 कंटेनर का निर्यात होता है।

मुख्य सचिव संजीव कौशल शनिवार को जिला सचिवालय के सभागार में जिले में चल रहे विकास कार्यो की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों के साथ एक्सप्रैस हाई-वे, रेलवे कॉरिडोर व मेडिकल कॉलेज के निर्माण कार्य के बारे में अधिकारियों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि जो भी विकास कार्य होना है वह विजन के साथ होना चाहिए। उन्होंने कहा कि रेलवे कॉरिडोर में तीन स्टेशन बनाए जाएगे जिनमें न्यू कलानौर, दराजपुर, न्यू जगाधरी रेलवे स्टेशन शामिल है।

रेलवे अधिकारियों ने जानकारी दी कि रेलवे कॉरिडोर का कार्य अंतिम चरणों में है। न्यू कलानौर जंक्शन, न्यू जगाधरी रेलवे जंक्शन हाई-वे से जुड़े है इससे व्यापारियों को काफी लाभ मिलेगा। इस अवसर पर रेलवे अधिकारियों ने मुख्य सचिव के सामने अपनी समस्या रखते हुए कहा कि सरस्वती शुगर मिल के पास ड्रैन ऑवर फ्लो हो जाती है जिससे पानी रेलवे ट्रैक पर खड़ा हो जाता है, इस समस्या के कारण रेलवे स्टेशन बनाने में दिक्कत आ रही है। मुख्य सचिव ने तुरंत नगर निगम व जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह इस कार्य का स्थाई समाधान करे, जुगाड़ से काम नहीं चलेगा।

मुख्य सचिव ने उपायुक्त से कहा कि जिले में जो तीन स्टेशन बनाए गए है इनका प्रयोग कैसे हो इसके लिए व्यापारियों, चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों से मिलकर प्लान बनाए जाए और सेमिनार आयोजित करके इस सुविधा के बारे में जानकारी दे ताकि सभी को इस सुविधा का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि कलानौर रेलवे स्टेशन पर लोडिंग-अनलोडिंग का कार्य होगा। यह रेलवे स्टेशन हाई-वे के काफी नजदीक है इससे इस क्षेत्र की जनता को लाभ होगा।

मुख्य सचिव ने कहा कि यमुनानगर-जगाधरी शहर को जोडने के लिए छोटी सडक नहीं बल्कि हाई-वे से फॉरलेन सडक होनी चाहिए। बैठक में मुख्य सचिव ने जिलें में बन रही सड़कों के बारे में जानकारी ली और कहा कि सभी सडको को निर्धारित समय पर बनाया जाए। उन्होंने कहा कि थर्मल पॉवर प्लांट को जोडने के लिए सड़क को चौड़ा व मजबूत बनाया जाए। उन्होंने जिले के पांजूपुर में बनने वाले करीब एक हजार करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले मेडिकल कॉलेज के बारे में भी जानकारी मांगी। सीएमओ ने बताया कि मेडिकल कॉलेज के निर्माण कार्य की सभी कार्यवाही पूरी कर ली गई है और इसका निर्माण कार्य शीघ्र ही शुरू होगा।

इस मौके पर उपायुक्त राहुल हुड्डा, सीटीएम अशोक कुमार, नगर निगम के अतिरिक्त आयुक्त धीरज कुमार, डीडीपीओ शंकर लाल गोयल सहित रेलवे, पीडब्लयूडी के अधिकारी उपस्थित रहे।


राठधाना गांव में कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे दुष्यंत चौटाला।

# मिशन 2024 के लिए जेजेपी पार्टी पूरी तरह तैयार : दुष्यंत चौटाला

**पायनियर समाचार सेवा।** सोनीपत

### दुष्यंत चौटाला ने कहा मिशन 2024 को लेकर जेजेपी पूरी तरह से तैयार

**उपमुख्यमंत्री** दुष्यंत चौटाला शनिवार को सोनीपत में दो दर्जन से अधिक कार्यक्रमों में शिरकत करने पहुंचे। जहां उन्होंने कहा कि मिशन 2024 के लिए जेजेपी पार्टी पूरी तरह से तैयार है और संगठन को मजबूती के लिए काम किया जा रहा है। वही पहलवानों के समर्थन में बोलते हुए उन्होंने कहा कि पुलिस जांच जल्द पूरी हो और दोषी को सजा मिले। हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला आज सोनीपत में पहुंचे, जहां राठधना गांव से अपने कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए उन्होंने दो दर्जन से अधिक सार्वजनिक और निजी कार्यक्रमों में हिस्सा लिया।

इस दौरान पत्रकारों से बातचीत में दुष्यंत चौटाला ने कहा कि चुनाव बेहद नजदीक है और मिशन 2024 को लेकर जननायक जनता पार्टी पूरी तरह से तैयार है। पार्टी सुप्रीमो अजय चौटाला के निर्देश पर संगठन को लगातार मजबूत किया जा रहा है। यही वजह है कि लगभग चार साल के कार्यकाल में नए साथी हमारे साथ जुड़े हैं। उन्होंने कहा कि लगातार लोगों से संपर्क साधा जा रहा है।

साथ ही पहलवानों के मुद्दे पर हो रही महापंचायत पर उन्होंने कहा कि पहलवानों की मांग पर पुलिस जांच कर रही है, लेकिन पुलिस की जांच जल्द पूरी होनी चाहिए और जो भी दोषी हो उसे कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। वही भूपेंद्र हुड्डा के ठाठ लेने के लिए बीजेपी को समर्थन देने के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि जननायक जनता पार्टी ने अपने सुख के लिए नहीं बल्कि प्रदेश की तरक्की और उन्नति के लिए बीजेपी को समर्थन दिया था।

## संक्षिप्त समाचार

### रणदीप सुरजेवाला के जन्मदिन पर हवन कर मांगी लंबी आयु


रणदीप सुरजेवाला के जन्मदिन पर हवन यज्ञ करते कांग्रेसजन।

**कुरुक्षेत्र।** कांग्रेस वरिष्ठ नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला राष्ट्रीय महासचिव, एआईसीसी राज्यसभा सांसद एवं कर्नाटक राज्य प्रभारी के जन्मदिन पर उनकी लंबी आयु व उज्जवल भविष्य के लिए प्रवेश राणा पूर्व सदस्य महिला आयोग हरियाणा और पूर्व जिला अध्यक्ष महिला कांग्रेस कुरुक्षेत्र की अगुवाई में पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं द्वारा श्रीजय राम विद्यापीठ ब्रह्मसरोवर कुरुक्षेत्र में हवन यज्ञ किया गया। उनके साथ वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं में श्रीप्रकाश मिश्रा, पार्थ तंवर, अमर, यशपाल राणा, दीपू मिश्रा, सत्य शर्मा, कमलेश धीमान, मुन्नी देवी, रेणु बाला, सोनिया शर्मा आदि कार्यकर्ता मौजूद रही।

### जाट कॉलेज में नया कोर्स बीएससी स्पोर्ट्स सत्र शुरू


समिति सदस्यों को मिठाई खिलाते हुए प्रधानाचार्य।

**कैथल।** जाट कॉलेज के प्राचार्य डॉ भीम सिंह चहल ने बताया कि जाट कॉलेज में नया कोर्स बीएससी स्पोर्ट्स 2023 से दाखिला प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। बीएससी स्पोर्ट्स में 50 सीटें सीमित हैं। प्राचार्य ने जाट हाई स्कूल सोसाइटी प्रबंधक समिति के संयोजक सतवीर मलिक, पूर्व प्रधान जाट शिक्षा समिति बलवान कोटड़ा, एडवोकेट जयप्रकाश जागलान, अवतार सिंह, सूरज सहारण, राजेंद्र ढुल पाई को मिठाई खिलाकर बधाई दी। इस अवसर पर जाट हाई स्कूल सोसायटी के संयोजक सतवीर मलिक ने कहा कि जाट हाई स्कूल सोसाइटी प्रबंधक समिति निरंतर जाट कॉलेज के उन्नति एवं विकास के कार्यों के लिए कार्य कर रही है। हम आगे भी और नए कोर्स कॉलेज में लेकर आएंगे जिससे समाज के सभी वर्ग के छात्र एवं छात्राओं को लाभ मिलेगा एवं रोजगार के अवसर खुलेंगे। मौके पर प्रो सुखबीर, प्रो राजेश चहल, प्रोफेसर अजीत सिंह, प्रोफेसर बलराज, डॉक्टर संदीप धालीवाल, कुलबीर चहल, रामफल, सुरेंद्र सिंह, मनोज गोयत आदि मौजूद रहे।

### राष्ट्र स्तरीय फोटोग्राफी में आईजी कॉलेज की निकिता रही द्वितीय


निकिता को सम्मानित करने के बाद साथ बैठी आरबी खुरानिया।

**कैथल।** इंदिरा गांधी महिला महाविद्यालय की छात्रा ने राष्ट्र स्तरीय ऑन लाइन फोटोग्राफी प्रतियोगिता में दूसरे स्थान पर कब्जा कर अपनी प्रतिभा का जौहर दिखाया। कॉलेज प्रबंधक समिति के प्रधान राम बहादुर खुरानिया ने कहा कि दयाल सिंह कॉलेज, करनाल में ईको क्लब एवं बायोलॉजी एसोसिएशन द्वारा नेशनल लेवल ऑनलाइन फोटोग्राफी कंपटीशन का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का विषय वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफी रहा। फोटोग्राफी प्रतियोगिता में कॉलेज की बीए तीसरे वर्ष की छात्रा निकिता ने दूसरा स्थान प्राप्त किया व ई-सर्टिफिकेट के साथ नकद राशि प्राप्त की। कॉलेज की प्राचार्या डॉ. आरती गर्ग ने छात्रा व प्राध्यापकवर्ग को बधाई दी। अंत में छात्रा को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मौके पर स्टाफ से अरुणा, मोनिका गुगलानी, अलका गोयल व आरती चावला उपस्थित रही।

### इंडस पब्लिक स्कूल में समर कैंप का हुआ समापन



**रोहतक।** दिल्ली रोड स्थित इंडस पब्लिक स्कूल में शनिवार को पिछले 10 दिनों से चल रहे समर कैंप का समापन हुआ। इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों के माता-पिता को आमंत्रित किया गया। विद्यालय की चेयरपर्सन डॉ. एकता सिंधु द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। सभी प्रतिभागियों ने इन समर कैंप के दिनों में जो कुछ सीखा व अभ्यास किया उसको मंच पर प्रत्यक्ष रूप से आमंत्रित किया गया। विद्यार्थियों ने नाटक, नृत्य, संगीत, कुकिंग, स्केटिंग, आर्ट एवं क्राफ्ट में अपने हुनर का प्रदर्शन कर खूब तालियां बटोरीं, अभिभावक भी प्रस्तुति देखकर गदगद हो गए। विद्यालय की चेयरपर्वन डॉ. एकता सिंधु ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ इस तरह के शिविरों में भाग लेने से मनोबल बढ़ता है व प्रतिभा उभर कर सामने आती है, इसलिए अपनी रूचि के अनुसार क्रियात्मक गतिविधियों में भाग लेना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में निदेशक प्रधानाचार्य इंद्रनील गुप्ता ने सभी अभिभावकों व अध्यापकों का आभार व्यक्त किया।

# घर में लगी आग से दो बच्चे झुलसे, अस्पताल में भर्ती


आग से झुलसे बच्चों का अस्पताल में हालचाल जानते राजीव जैन।

**पायनियर समाचार सेवा।** सोनीपत

**बस** अड्डे के समीप सुनील उर्फ सन्नी के घर में लगी आग की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया और हर सम्भव मदद का भरोसा दिया।

राजीव जैन सिविल हस्पताल में पीड़ित परिवार के बच्चों का हालचाल जानने भी पहुंचे। वहीं नगर निगम मेयर निखिल मदान वार्ड नम्बर-2 में बस स्टैंड के सामने स्थानीय निवासी सन्नी के घर में घरेलू गैस चूल्हे से लगी आग की घटना का मौके पर निगम पार्षद सुरेन्द्र नैय्यर के साथ पहुंच कर जायज़ा लिया। फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने समय रहते तुरंत आग पर काबू पाया। दुर्घटना में आग से झुलसे दो बच्चे एवं उनकी माता उपचाराधीन है।

# भाजपा सरकार से हर वर्ग दुखी : अर्जुन सिंह

### अर्जुन सिंह ने हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के तहत किया जन संवाद स्थापित

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र


ग्रामीणों के साथ जनसंवाद करते कांग्रेस के नेता अर्जुन सिंह।

**अखिल** भारतीय कांग्रेस पार्टी द्वारा संचालित हाथ से हाथ जोडो अभियान के तहत कांग्रेस के नेता अर्जुन सिंह हल्का शाहाबाद के गांव कल्साना में जन संवाद स्थापित किया। अर्जुन सिंह ने कहा कि गांव वासियों का एक ही मत अब बीजेपी की सरकार देश और प्रदेश में हार कर रहेगी और कांग्रेस की सरकार प्रदेश के साथ-साथ केंद्र में भी बनेगी।

कहा कि आज भाजपा सरकार से आमजन, गरीब किसान और साथ ही साथ खिलाड़ी वर्ग भी दुखी है, जिसके चलते भाजपा सरकार को जनता बाहर का रास्ता दिखाएगी और भारतीय जनता पार्टी को हार का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा शोषण करने वालों को संरक्षण दे रही है। देश को मेडल दिला कर नाम रोशन करने वाली बेटियां आज न्याय के लिए भाजपा सरकार से गुहार लगा रही हैं, लेकिन भाजपा बेटी बचाओ के स्थान पर बेटियों का शोषण करने वालों का साथ देकर उन्हें भरपूर संरक्षण दे रही है। उन्होंने कहा कि इससे बड़ी शर्मनाक बात भाजपा के लिए नहीं हो सकती कि देश का मान बढ़ाने वाले उन बेटियों को ही न्याय नहीं दिया जा रहा। जिन बेटियों ने अपना पसीना बहा कर देश का गौरव बढ़ाया था। भाजपा दो चेहरे वाले लोगों की पार्टी है। भाजपा की दोगली नीतियों के कारण ही आज प्रदेश ही नहीं पूरा देश भी अंधकार की ओर जा रहा है। भाजपा की आम जन विरोधी नीतियों के चलते देश आज उसी दौर में पहुंच चुका है जहां से कांग्रेस आजादी के बाद भारत देश को विकास के मार्ग पर लेकर चली थी। पूरे देश में आज भय, भ्रष्टाचार, भुखमरी, बेरोजगारी का आलम है। देश के युवाओं के सामने बेरोजगारी के इस कदर हालात बन गए हैं कि उन्हें देश छोड़ने को मजबूर होना पड़ रहा है। युवा प्रतिभाओं का भारी संख्या में पलायन आने वाले समय में देश के लिए बहुत भारी पड़ने वाला है। उन्होंने कहा कि भाजपा से हर वर्ग का व्यक्ति अजीज हो चुका है। आने वाले समय में प्रदेश की जनता इसका हिसाब जरूर चुकता करेगी। कहा कि कांग्रेस की सरकार आने पर 100 गज के प्लाट, 300 यूनिट बिजली फ्री, 6 हजार पेंशन व लोगों को सिलेंडर 500 रुपए में दिया जायेगा।

# पानी की एक-एक बूंद बचाना हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी

**पायनियर समाचार सेवा।** सोनीपत

### नागरिकों को समय रहते जल संरक्षण के लिए सचेत होना जरूरी

**उपायुक्त** ललित सिवाच ने जिलावासियों का आह्वान किया कि पानी की एक-एक बूंद बचाना हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी है। जल संरक्षण का विषय जहां भविष्य के जीवन से जुड़ा है, वहीं जल संसाधनों और प्रभावी जल प्रबंधन के बिना विकास संभव नहीं है।

उपायुक्त ने कहा कि समय रहते जल संरक्षण को लेकर सचेत होने और पानी बचाने का संकल्प लेना जरूरी है। जल संरक्षण करने और लोगों के घर द्वार पर स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से ही हरियाणा सरकार ने जल जीवन मिशन के तहत हर घर जल योजना को भी क्रियान्वित किया है। उन्होंने कहा कि जल प्रबंधन करके हम आने वाली पीढियों के लिए जल संचय करने में अपना योगदान दे सकेंगे। उपायुक्त सिवाच ने कहा कि जल एक ऐसा दुर्लभ प्राकृतिक संसाधन है, जो सिर्फ कृषि कार्यों के लिए ही नहीं बल्कि पृथ्वी पर जीवन के लिए भी बेहद महत्वपूर्ण है। लेकिन चिंतनीय स्थिति यह है कि जल की कमी का संकट न केवल भारत बल्कि दुनिया के लगभग सभी देशों की एक विकट समस्या बन चुका है। उन्होंने कहा कि लोगों को जल का महत्व बताना होगा।

# माकपा ने महिला पहलवानों के आंदोलन को दिया समर्थन

**पायनियर समाचार सेवा।** भिवानी

**भारत** की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के जिला सचिवमंडल ने संयुक्त किसान मोर्चा और अन्य संगठनों द्वारा देश की मशहूर पहलवान बेटियों के आंदोलन के समर्थन में पांच जून को सभी जगह पर कुश्ती फैडरेशन के पूर्व अध्यक्ष और यौन शोषण के आरोपी बृजभूषण शरण सिंह के पुतले जलाने के आह्वान का पूरा समर्थन किया।

पार्टी के जिला सचिव कामरेड ओमप्रकाश ने कहा कि अखबारों में छपी पहलवान बेटियों द्वारा दायर की गई एफआइआर की सूचनाएं रोंगटे खड़े कर देने वाली हैं। इन रिपोर्टों से अंदाजा लगाया जा सकता है कि ये बेटियां इतने लम्बे समय तक किस मानसिक अवसाद से गुजरी हैं। आज भी न्याय के लिए वे अडिग रहकर संघर्ष कर रही हैं। उन्होंने केन्द्र सरकार, भाजपा, आरएसएस और उसके सहयोगी संगठनों पर आरोप लगाते हुए कहा कि ये सभी दुराचारी के बचाव में खड़े हैं और पीड़िताओं को ही बदनाम करने, जातिवादी भावनाएं फैलाने के चिरपरिचित हथकंडे अपना रहे हैं।

# शिव मंदिर में मूर्तियों को किया खंडित

**सोनीपत।** सरदारों वाली गली में स्थित सर्वजातीय शिव मंदिर में मूर्तियों के खंडित करने की सूचना मिलने पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता राजीव जैन मौके पर पहुंचे। शहर थानाध्यक्ष देवेन्द्र शर्मा को सूचना दी।

थानाध्यक्ष पुलिस कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। राजीव जैन ने शिव परिवार समेत सभी मूर्तियों को खंडित करने की निंदा करते हुए कहा कि मंदिर पर आंच नहीं आने देंगे और हर हाल में मंदिर यहीं स्थापित रहेगा।

# डियाजियो इंडिया ने अपने बी ए हैशटैग प्लेनेटहीरो अभियान का विस्तार किया

**पायनियर समाचार सेवा।** रोहतक

देश की अग्रणी बेवरेज एल्कोहल कंपनी, डियाजियो इंडिया ने मैकडॉवेल और सिग्नेचर सहित अपने कई स्पिरिट्स ब्रांड्स से चरणबद्ध रूप से मोनो कार्टन हटाने के अगले चरण की घोषणा की। बी ए हैशटैग प्लेनेटहीरो अभियान में उपभोक्ताओं को संलग्न कर कचरे को कम करने और डियाजियो के 10 वर्षीय ईएसजी एक्शन प्लान, सोसायटी 2030: स्पिरिट ऑफ प्रोग्रेस में योगदान दिया जाएगा, ताकि एक ज्यादा समावेशी और सस्टेनेबल विश्व का निर्माण हो सके।

जिसमें इसके अपने कार्यों द्वारा जीरो वेस्ट टू लैंडफिल का लक्ष्य शामिल है। बीए हैशटैग प्लेनेटहीरो देश के कई राज्यों में सक्रिय है और यह प्रतिवर्ष 10,000 टन पेपर की बचत कर 7,000 टन कार्बन उत्सर्जन में कमी लाएगा। इस कार्बन-लैस अनुभव की ओर परिवर्तन डियाजियो इंडिया के लोकप्रिय ब्रांड्स जैसे वैट 69, ब्लैक डॉग, ब्लैक एंड व्हाइट आदि में देखा जा सकता है, और अब यह मैकडॉवेल नं. 1, सिग्नेचर, और डीएसपी ब्लैक में भी दिखाई देगा। इस अभियान का उद्देश्य विचारशील अभियान चलाना है, जिससे कंपनी अपने सस्टेनेबल बाय डिजाइन के नैरेटिव के अनुरूप काम करे। डियाजियो इंडिया का उद्देश्य उच्च क्वालिटी के उत्पाद प्रदान करना है और इसने टूटने और बिखरने की संभावना को खत्म करने के लिए सुरक्षा के अतिरिक्त उपाय किए हैं। दीपिका वैरियर, चीफ मार्केटिंग ऑफिसर, डियाजियो इंडिया ने कहा, ''बी ए हैशटैग प्लेनेटहीरो हमारे ब्रांड्स और उपभोक्ताओं के लिए एक सस्टेनेबल और पर्यावरणप्रेमी भविष्य की ओर एक पहल है। हमारे उपभोक्ताओं की पसंद की ओर झुकाव रखते हुए बी ए हैशटैग प्लेनेटहीरो डिज़ाईन में सस्टेनेबल बनने की हमारी प्रतिबद्धता की ओर एक कदम है और हमारे उपभोक्ताओं द्वारा बुद्धिमत्तापूर्ण चुने गए विकल्पों के अनुरूप है।इससे पहले साल 2022 में डियाजियो ने पूरे विश्व में अपने प्रीमियम स्कॉच पोर्टफोलियो से मोनो कार्टन हटाने की घोषणा की थी, जिनमें जॉनी वॉकर ब्लैक लेबल ब्लेंडेड स्कॉच व्हिस्की, जॉनी वॉकर रेड लेबल ब्लेंडेड स्कॉच व्हिस्की, बुकानन ब्लेंडेड स्कॉच व्हिस्की और बेल्स ओरिजनल ब्लेंडेड स्कॉच व्हिस्की शामिल हैं।

# आइस मेक रेफ्रिजरेशन का शुद्ध लाभ बढ़ा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**आइस** मेक रेफ्रिजरेशन, भारत में अभिनव कूलिंग समाधानों के प्रमुख आपूर्तिकर्ता और 50 से अधिक रेफ्रिजरेशन उपकरणों के निर्माता, ने वित्तीय वर्ष 2023 में मजबूत वित्तीय प्रदर्शन दर्ज किया है।


कंपनी का समेकित शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 2022 के 7.32 करोड़ रुपये की तुलना में मार्च 2023 को समाप्त वित्तीय वर्ष में 184.05% बढ़कर 20.80 करोड़ रुपये हो गया है। कंपनी का समेकित राजस्व 51.50% बढ़कर 313.32 करोड़ रुपये हो गया, जबकि मार्च 2022 को समाप्त वित्त वर्ष के दौरान यह 206.80 करोड़ रुपये था। मार्च 2023 (क्यू 23) को समाप्त तिमाही के लिए, कंपनी का समेकित शुद्ध लाभ मार्च 2022 (क्यू 22) को समाप्त पिछली तिमाही के 5.53 करोड़ रुपये की तुलना में 56.02% बढ़कर 8.63 करोड़ रुपये हो गया है। वहीं कंपनी का इसी अवधि का तिमाही राजस्व 47.93% बढ़कर 114.28 करोड़ रुपये हो गया है , जबकि मार्च 2022 (क्यू 22) को समाप्त पिछली तिमाही के दौरान यह 77.25 करोड़ रुपये था। आइस मेक रेफ्रिजरेशन लिमिटेड के सीएमडी चंद्रकांत पटेल ने कहा, वैश्विक अर्थव्यवस्था मुद्रास्फीति के दबाव से गुजर रही है, इसके बावजूद कंपनी का वार्षिक शुद्ध लाभ पहली बार दोहरे अंकों में पहुंच गया और वार्षिक राजस्व भी 300 करो ? रुपये के पार कर दो महत्वपूर्ण वित्तीय उपलब्धि हासिल करने में हम सफल रहे। मजबूत दीर्घकालिक विकास के अवसरों को देखते हुए, भारत की अर्थव्यवस्था एक मजबूत स्थिति में है।

# राष्ट्रपति पुरस्कार विजेता कत्थक नृत्यांगना सुरभि विदेशी धरती पर बढ़ाएंगी जिले का मान

### सुरभि काठपाल पांच अगस्त को थाईलैंड होंगी रवाना

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र

**कुरुक्षेत्र** की बेटी राष्ट्रपति पुरस्कार विजेता सुरभि 2019 में एक बार कुरुक्षेत्र का नाम अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चमकने के बाद एक बार फिर से विदेश में जाकर भारत का मान बढ़ाने के लिए तैयार है। नृत्यांगना सुरभि 5 अगस्त को थाइलैंड जाएगी। सुरभि काठपाल कुरुक्षेत्र के एक माध्यम परिवार की बेटी है, जो गुरु संतोष कुमार सांवरिया और डॉ मीनाक्षी कौशिक की शिष्या है। सुरभि कई बार कुरुक्षेत्र का नाम नेशनल और इंटरनेशनल स्तर पर रोशन कर चुकी है। सुरभि वर्ष 2019 में हुई 17वीं अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता की विजेता रह चुकी है। बातचीत करते हुए सुरभि ने बताया कि वह आज जिस मुकाम पर है, यह केवल उनके पिता तुल्य डांस गुरु संतोष कुमार सांवरिया और डॉ मीनाक्षी कौशिक के आशीर्वाद का ही फल है। परिवार में माता वर्षा, पिता त्रिलोक, बड़ी बहन दीपिका और छोटे भाई हर्षित के साथ यदि किसी ने इस फील्ड में अंतर्मन से सपोर्ट किया है।


नृत्यांगना सुरभि काठपाल।

### डांस में अब तक 402 पुरस्कारों पर जमाया कब्जा

**सुरभि** काठपाल ने बताया कि बचपन से ही उसे नृत्य में दिलचस्पी होने लगी थी। महज तीन साल की अवस्था में ही सुरभि को नृत्य के प्रति लगाव हो गया था। इसके बाद बचपन में प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेते-लेते कक्षा 12वीं और इसके बाद कॉलेज स्तर तक डांस में 402 पुरस्कारों पर कब्जा जमाया। समय के साथ शौक बढ़ता गया और आज गुरुजनों, परिजनों और शुभचिंतकों की दुआ से नेशनल के बाद इंटरनेशनल लेवल पर नृत्य प्रस्तुति देने का मौका मिल रहा है। थाईलैंड में 6 अगस्त से शुरू हो रहे डांस के महाकुंभ में तीन देशों के 180 कलाकार शामिल होंगे। भारत से 60 कलाकार जाएंगे।

# 1177 लाख से तैयार होने वाली आठ तीर्थ परियोजनाओं का हुआ शिलान्यास

## मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा, धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र विश्व में है प्रसिद्ध तीर्थ

पायनियर समाचार सेवा। करनाल

**मुख्यमंत्री** मनोहर लाल ने स्थानीय लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह के परिसर से कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड द्वारा करनाल जिला में करीब 1177 लाख रूपये की लागत से तैयार की जाने वाली 8 तीर्थ परियोजनाओं का शिलान्यास करके एक बड़ी सौगात दी है। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र विश्व में प्रसिद्ध तीर्थ है, यहां पर भगवान श्रीकृष्ण ने मानवता की भलाई के लिए गीता का उपदेश दिया था।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड केवल कुरुक्षेत्र जिला के तीर्थों का ही देखभाल करता था, लेकिन जब से भाजपा की सरकार बनी है, कुरुक्षेत्र में गीता जयंती का स्वरूप बदलकर अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर मनाई जाने लगी, तब से लेकर कुरुक्षेत्र प्रसिद्ध तीर्थ के अंतर्गत 48 कोस की परिधि में स्थापित 164 तीर्थों के महत्व को समझते हुए कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड द्वारा जीर्णोद्वार किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड द्वारा तीर्थ परिक्रमा को विकसित करने का भी निर्णय लिया जा रहा है ताकि लोगों की आस्था के केन्द्र तीर्थों पर गांव के लोगों के साथ-साथ बाहर के लोग भी दर्शन के लिए आए, इससे पर्यटकों की संख्या बढ़ेगी और लोगों को रोजगार भी मिलेगा। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के साथ-साथ स्थानीय लोगों का भी दायित्व बनता है कि वह तीर्थों का रख-रखाव सही तरीके से रखने में अपना सहयोग दें।

इसके लिए ग्रामीणों द्वारा गांव स्तर पर एक समिति बनाई जाए। मौके पर नीलोखेड़ी के विधायक धर्मपाल गोंदर, भाजपा के प्रदेश महामंत्री एडवोकेट वेदपाल, जिलाध्यक्ष योगेन्द्र राणा, मेयर रेनू बाला गुप्ता, मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि संजय बठला तथा प्रशासन की ओर से उपायुक्त अनीश यादव, पुलिस अधीक्षक शंशाक कुमार सावन सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।



करनाल के असन्ध में धनक्षेत्र तीर्थ के पार्किंग, मेनगेट व महिमा पट का शिलान्यास करते मुख्यमंत्री मनोहर लाल।

### तीर्थो के विकसित होने से गांवों में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे

कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के मानद सचिव मदन मोहन छाबड़ा ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल का आभार प्रकट करते हुए करनाल जिला की आठ परियोजनाओं के शिलान्यास कार्यक्रम में उपस्थित संबंधित गांवों के लोगों को बधाई और शुभकामनाएं दीं। कहा कि इन तीर्थों के विकसित होने से गांवों में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। उन्होंने बताया कि धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र के अंतर्गत 48 कोस की परिधि में कुरुक्षेत्र, करनाल, कैथल, पानीपत व जींद जिला आता है। जिसमें लगभग 164 तीर्थ स्थापित है। इनमें से प्रथम चरण के तहत 50 तीर्थों का कार्य पूरा हो चुका है, 50 तीर्थों का कार्य प्रगति पर है तथा 64 तीर्थों का प्रपोजल तैयार किया जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि 7 तीर्थों की परिक्रमा को विकसित करने का निर्णय लिया गया है, इससे इन तीर्थों के प्रति जहां लोगों की धार्मिक आस्था बढ़ेगी तथा लोग बुराईयों से भी दूर रहेंगे।

### इन 8 तीर्थ परियोजनाओं का हुआ शिलान्यास

**मुख्यमंत्री** मनोहर लाल ने करनाल दौरे के दौरान निसिंग ब्लॉक के गांव बालू में 86.89 लाख रूपये की लागत से पृथ्वी तीर्थ, गांव औंगद में 112.11 लाख रूपये की लागत से रघुवेन्द्र दशरथ तीर्थ, निसिंग ग्रामीण में 159.31 लाख रूपये की लागत से मिश्रक तीर्थ, असंध में 40 लाख रुपये की लागत से धनक्षेत्र तीर्थ, गांव अंजनथली में 229.77 लाख रूपये की लागत से अंजनी तीर्थ, गांव पतनपुरी में 231. 29 लाख रूपये की लागत से प्रोक्षांत तीर्थ, गांव सीतामाई में 134.52 लाख रूपये की लागत से वेदवती तीर्थ तथा गांव बस्तली में 183. 06 लाख रूपये की लागत से व्यास स्थल तीर्थ के कार्य का शिलान्यास किया।

### राजकीय बहुतकनीकी संस्थान शेरगढ़ में 9 जून से दाखिला शुरू

**कैथल।** राजकीय बहुतकनीकी संस्थान शेरगढ़ में 9 जून से दाखिला प्रक्रिया शुरू हो रही है। संस्थान के मीडिया प्रभारी सोहन शर्मा ने बताया कि तकनीकी निदेशालय ने पत्र जारी करके दाखिले की प्रक्रिया की अधिसूचना जारी की है एवं दाखिले के लिए आवेदन शुरू हो चुके हैं।

कोई भी विद्यार्थी जिसने 10वीं और 12 वीं (मेडिकल या नॉन मेडिकल) या आईटीआई किसी भी ट्रेड से पास की है, उनको संस्थान की क्रमशः प्रथम एवं द्वितीय वर्ष में दाखिला मिलेगा। राजकीय बहुतकनीकी संस्थान कैथल जिले का एक उत्कृष्ट शिक्षण संस्थान है जो निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। संस्थान में मुख्य रूप से अभियंत्रिकी की पांच शाखाएं हैं जिनमें विद्युत अभियंत्रिकी, कंप्यूटर अभियंत्रिकी, सिविल अभियंत्रिकी, मैकेनिकल अभियंत्रिकी एवं कृषि अभियंत्रिकी शामिल हैं। संस्थान में इन सभी ब्रांचों की 300 सीटें हैं। विभाग ने पूरी प्रक्रिया का सरल बना दिया है, पूरी प्रक्रिया ऑन लाईन है। छात्र आवेदन से पहले सभी जरूरी दस्तावेज अपने पास रखें और जब सीट अलाट हो जाए तब संस्थान में रिपोर्ट करें। संस्थान के प्रधानाचार्य संजय कुमार मुदगिल ने बताया कि दाखिले की प्रक्रिया 9 जून से शुरू हो जाएगी।

# जीवन शैली से जुड़ी बीमारियों से बचाव के लिए चलाएं साइकिल : उपायुक्त

## कहा, साइकिल चलाना स्वास्थ्य व पर्यावरण दोनों के लिए लाभकारी

### समय की बचत व सुविधा के चलते साइकिल का प्रचलन हुआ कम

पायनियर समाचार सेवा। रोहतक



**उपायुक्त** अजय कुमार ने जिला के नागरिकों से साइकिल का अधिक से अधिक प्रयोग करने का आह्वान किया है। विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर उन्होंने कहा कि साइकिल चलाना हमारे जीवन में बेहद महत्व रखता है।

अजय कुमार ने बताया कि साइकिल से केवल सफर ही नहीं बल्कि स्वस्थ शरीर व पर्यावरण को भी संरक्षण मिलता है। उन्होंने कहा कि साइकिल के प्रयोग से जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों से बचा जा सकता है। भारत में जीवनशैली से जुड़ी बीमारियां बढ़ रही है और इससे युवा वर्ग भी प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा कि कई शोध में पाया गया है कि यदि कोई रोजाना आधा घंटा साइकिल चलाता है तो वह दिल की बीमारी, मोटापे, मधुमेह व मानसिक बीमारी से बचा रहेगा। उन्होंने कहा कि साइकिल पर्यावरण के लिए बहुत अच्छा साधन है। उपायुक्त ने कहा कि डीजल-पेट्रोल का दोहन कम होने के साथ ही शहर का प्रदूषण स्तर भी बहुत कम होता है। उन्होंने कहा कि साइकिल को बढ़ावा देने से पैदल यात्री सड़कों पर मोटर वाहनों की तुलना में बहुत ज्यादा सुरक्षित रहते हैं। उन्होंने कहा कि समाज के सभी लोगों के बीच साइकिल को बढ़ावा देने एवं उनके मानसिक और शारीरिक कल्याण को मजबूत करना भी साइकिल दिवस के पीछे की महत्वपूर्ण वजह है।

उपायुक्त अजय कुमार ने कहा कि दरअसल, साल 1990 तक साइकिल का दौर बहुत अच्छा था। लेकिन धीरे-धीरे इसका महत्व घटता चला गया। दोबारा साइकिल के महत्व को बताने के लिए विश्व साइकिल दिवस को मनाने पर विचार किया गया तथा इस दिन की घोषणा कर दी गई। उन्होंने कहा कि विश्व साइकिल दिवस को मनाने की शुरुआत साल 2018 में हुई थी। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने अप्रैल 2018 में विश्व साइकिल दिवस मनाने का फैसला लिया था। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने इसके लिए 3 जून का दिन तय किया था। तब से अब तक भारत समेत कई देश विश्व साइकिल दिवस प्रत्येक साल 3 जून को मनाते हैं। लोगों ने समय की बचत एवं सुविधा के लिए साइकिल चलाना कम कर दिया। साइकिल के उपयोग एवं जरूरत के बारे में बच्चों और अन्य लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से इस दिन की शुरुआत हुई।

# हरियाणा के डीजीपी पीके अग्रवाल का कार्यकाल डेढ़ माह बढ़ाया

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

**हरियाणा** के डीजीपी पीके अग्रवाल का कार्यकाल डेढ़ माह बढ़ा दिया गया है। अब 30 जून को रिटायर होने जा रहे अग्रवाल 15 अगस्त तक पद पर बने रहेंगे। सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले के अनुसार राज्य के डीजीपी का कार्यकाल न्यूनतम दो वर्ष तय है, भले रिटायरमेंट किसी भी समय हो।

वर्ष 1988 बैच के आईपीएस अधिकारी पीके अग्रवाल के सेवा विस्तार के साथ ही हरियाणा सरकार ने नए डीजीपी के चयन के लिए 8 सीनियर आईपीएस अफसरों का पैनल तैयार किया है। इस पैनल को जल्द ही केंद्रीय लोकसेवा आयोग के पास भेजा जाएगा। लोक सेवा आयोग की तरफ से 8 नामों में से 3 नाम का पैनल वापस राज्य सरकार के पास पहुंचेगा, इन 3 नामों में से किसी एक आईपीएस अधिकारी को प्रदेश सरकार पुलिस महानिदेशक के पद पर नियुक्त करेगी।

राज्य सरकार की तरफ से तैयार

### नए डीजीपी चयन के लिए आठ आईपीएस का पैनल तैयार

इस पैनल में एडीजीपी रैंक के 4 पुलिस अधिकारियों के नाम शामिल किए गए हैं। इसकी वजह यह है कि उनकी सेवा 30 साल से ऊपर हो चुकी हैं। 30 साल की सर्विस वाले आईपीएस अधिकारी हरियाणा डीजीपी पद के दावेदार होते है।

हरियाणा सरकार की तरफ से तैयार पैनल में डीजीपी रैंक के आईपीएस अधिकारी डॉ आर सी मिश्रा, जेल महानिदेशक मोहम्मद अकील, एंटी करप्शन ब्यूरो के महानिदेशक शत्रुजीत कपूर और डीजीपी होमगार्ड देशराज सिंह के नाम शामिल है। वहीं एडीजीपी रैंक के आईपीएस अधिकारियों में ओपी सिंह, आलोक कुमार राय, एसके जैन और अजय सिंघल के नाम पैनल में जोड़े गए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### लिटल हार्ट्स के प्रांगण में समर कैम्प का आयोजन



**भिवानी।** लिटल हार्ट्स पब्लिक स्कूल में विद्यालय के चेयरमैन त्रिलोक चन्द गोयल की अध्यक्षता में भव्य समर कैम्प का शुभारम्भ किया गया। विद्यालय के एमडी पवन गोयल व भावना गोयल ने अवगत करवाया कि विद्यालय द्वारा आयोजित इस समर कैम्प में विभिन्न गतिविधियां नृत्य, संगीत, आर्ट एंड क्राफ्ट, रोबोटिक्स, योगा, कुकिंग विदआउट फायर, सिलाई व तुरपाइ, स्टोरी टैलिंग, बैडमिंटन, बास्केट बाल, टबल टेनिस, खो-खो व इंडोर गेम्स आदि कक्षाओं का आयोजन किया गया, जिसमें चौथी से आठवीं कक्षा के लगभग 850 विद्यार्थियों ने अपनी-अपनी रूचि के अनुसार बढ़-चढ़ कर भाग लिया। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को जीवन में आत्मनिर्भर बनने के गुर सिखाये। विद्यालय के प्रबंधक सतीश गोयल, प्रबंधक सीमा गोयल, निदेशिका ऐश्वर्या सिंघल, निदेशक राम सिंघल, राहुल गोयल, विनय गोयल व निश्चल गोयल ने बच्चों को विद्यार्थी जीवन में समय के महत्व को बताते हुए समय का सदुपयोग करने के लिए व गृह कार्यों में अपने माता-पिता का सहयोग करने के लिए प्रेरित किया।

### रक्तदान कर बचाई एक दिन के बच्चे की जान



**भिवानी।** रक्त ही एकमात्र ऐसा जीवनदायिनी पदार्थ है, जिसका निर्माण किसी फैक्ट्री या कारखाने में नहीं किया जा सकता। रक्त की पूर्ति केवल रक्तदान करने से ही पूरी हो सकती है। इसलिए हमें रक्तदान करना चाहिए और लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक करना चाहिए। आज भिवानी के एक निजी अस्पताल में दाखिल एक दिन के बच्चे के लिए ए-नेगेटिव फ्रेश ब्लड की जरूरत हुई तो परिजनों को कहीं से भी ब्लड नहीं मिला तो फिर उन्होंने भिवानी के रक्तवीर राजेश डुडेजा को सूचना दी। उन्होंने तुरंत ही सक्रिय रक्तदाता गुलशन रोहिला को बुलाकर ब्लड बैंक में रक्तदान करवाया व बच्चे की जान बचाई। रक्तवीर राजेश डुडेजा ने बताया कि रक्त दान सबसे बड़ा दान है, इसलिए हर एक व्यक्ति को आने जीवन मे रक्तदान जरूर करना चाहिए। उन्होंने कहा कि युवाओं में सेवा भाव की भावना से ही समाज और राष्ट्र का भला हो सकता है। युवाओं को स्वयं रक्तदान के लिए जागरूक होने के साथ-साथ समाज को भी जागरूक करने के लिए आगे आना होगा।

### जरुरतमंद कन्या की शादी में किया सहयोग



**कुरुक्षेत्र।** सर्व समाज कल्याण सेवा समिति ने गांव दिनारपुर में एक जरुरतमंद बेटी की शादी में जरुरत का सामान देकर मदद की। संस्था के प्रदेशाध्यक्ष रामेश्वर सैनी ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि गांव दिनारपुर में एक बेटी के विवाह में सामान की जरुरत है। इस अवसर पर संस्था के सदस्यों के सहयोग से सामान जुटाया गया। इस मौके पर संस्था के प्रदेश अध्यक्ष रामेश्वर सैनी, शाहाबाद के अध्यक्ष मदनलाल कश्यप, प्रभारी सविता मदान, सह प्रभारी पूनम, सचिव नरेश शर्मा, उपाध्यक्ष रणवीर सिंह, फूल सिंह, महिला सह सचिव हरमीत कौर मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### योग रखता है जीवन को सुरक्षित

# हर व्यक्ति को प्रतिदिन समय निकालकर करना चाहिए योग, योग है तो निरोग है : डॉ. शिव कुमार सैनी

पायनियर समाचार सेवा। यमुनानगर



**आयुष** विभाग व हरियाणा योग आयोग के दिशा निर्देश में सूर्य नमस्कार के वर्ल्ड चैम्पियन संदीप आर्य ने 9वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस प्रोटोकॉल का अभ्यास मुकन्द लाल जिला नागरिक अस्पताल के आयुष विभाग में नर्सिंग सिस्टर, विद्यार्थी व अन्य स्टॉफ सदस्यों को करवाया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि योग को अपनी दिनचर्या में जोड़े और प्रतिदिन कम से कम आधा घण्टा योग प्राणायाम करने का समय निकाले।

उन्होंने बताया कि शरीर में लगभग 600 करोड़ सैल्स कोशिकाओं का भोजन प्राण वायु है। प्राण वायु के अभाव में प्राणी बीमार पड़ जाता है इसलिए प्राणायाम जीवन की प्रथम व अंतिम अनिवार्यता है। जीवन में प्राण के अभाव के कारण ही रोग, शौक, दुख तथा भौतिक उन्नति से पिछड़ता है। सामान्य से सामान्य कार्य करने के लिए भी हमें इसी प्राण ऊ र्जा की आवश्यकता होती है जो हमें नियमित योग आसन, प्राणायाम व ध्यान से प्राप्त होती है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को स्वस्थ व सुखी जीवन जीने के लिए योग को अनिवार्य रूप से जीवन में अपनाना चाहिए। इसके अलावा हरियाणा योग आयोग के जिला नोडल अधिकारी व आयुष विभाग के योग विशेषज्ञ डॉ. शिव कुमार सैनी ने बताया कि वर्ल्ड चैंपियन संदीप आर्य के आने से सभी योग साधको में बड़ा उत्साह देखने को मिला और उनसे प्रेरणा ले करके जीवन में योग व सूर्य नमस्कार को अपनाने का संकल्प लिया। जिले में लगभग 10 हजार विद्यार्थियों व आमजन को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के प्रोटोकॉल का अभ्यास करवाया। जिसमें मुख्य रूप से सिविल सर्जन कार्यालय यमुनानगर के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तेजली, स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल सैक्टर-17 हुड्डा, राजकीय हाई स्कूल लेबर कॉलोनी आईटीआई, राजकीय महिला आईटीआई यमुनानगर, जिंदल पार्क यमुनानगर, तेजली खेल परिसर में प्रशिक्षण दिया गया।

### रेल अंडरपास महापंचायत धरने को मिला जनसमर्थन

**भिवानी।** दिनोद रोड की खस्ताहाल स्थिति के सुधारीकरण की मांग को लेकर दिनोद रोड़ हनुमान मंदिर के पास रेल अंडरपास महापंचायत श्रीजीतूवाला के नेतृत्व में जारी क्षेत्रवासियों के धरने को लेकर अब जनसमर्थन मिलने लगा है तथा क्षेत्रवासियों की आवाज बुलंद होती जा रही है।

इसी कड़ी में धरने के तीसरे दिन आज शनिवार को रेजीडेंट वेलफेयर एसोसिएशन सेवा नगर एवं कालीमाई मंदिर के महंत बाबा जगन्नाथ धरने को समर्थन देने पहुंचे। धरने की अध्यक्षता कृष्ण कुमार परमार ने की।

# पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह में ऑन लाइन बुक कर सकते हैं कमरे : डीसी

पायनियर समाचार सेवा। कैथल



डीसी जगदीश शर्मा।

**डीसी** जगदीश शर्मा ने कहा कि लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृहों में कमरों की बुकिंग के लिए पोर्टल की शुरुआत की गई है। अब सभी विश्राम गृहों में सरकारी अधिकारियों कर्मचारियों के साथ-साथ निजी लोग भी कमरों की ऑन लाइन बुकिंग कर सकते है।

डीसी ने कहा कि ऑन लाइन रेस्ट हाउस बुकिंग पोर्टल के माध्यम से अब आवेदक कमरे की उपलब्धता देख सकते हैं, कमरा बुक कर सकते हैं, बुकिंग राशि का ऑन लाइन भुगतान कर सकते हैं, बुकिंग रद्द कर सकते हैं। इसके लिए आवेदक को बुकिंग के समय ही पूरी राशि का भुगतान ऑन लाइन करना होगा। सरकार द्वारा जारी नियमों के अनुसार चेक-इन करने के 24 घंटे के अंदर बुकिंग रद्द करने पर बुकिंग राशि की 20 प्रतिशत राशि की कटौती होगी। जबकि चेक-इन करने के 24 घंटे से कम समय पर बुकिंग रद्द करने पर कोई रिफंड नहीं दिया जाएगा इस पोर्टल के माध्यम से अब प्राइवेट व्यक्ति भी इन रेस्ट हाउस में ऑनलाइन कमरा बुक करवा सकते हैं। इनके लिए कुछ शर्तें रखी गई हैं, जिनमें बुकिंग के 15 दिन पहले खाली कमरों के 25 प्रतिशत कमरे बुक करवा सकते हैं। बुकिंग के 7 दिन पहले तक खाली कमरों के 50 प्रतिशत कमरे बुक करवा सकते हैं और बुकिंग के 3 दिन पहले तक खाली कमरों के 75 प्रतिशत कमरे बुक करवा सकते हैं। लेकिन बुकिंग की तारीख से 3 दिन पहले प्राइवेट लोगों के लिए कमरों की बुकिंग नहीं होगी।

### चेन छीन कर भागते दो युवकों को किया काबू

**कैथल।** शनिवार सुबह कैथल पुलिस के एचसी देवी व होमगार्ड बलवान सिंह ने एक महिला के गले से चेन छीनकर भाग रहे दो चैन स्नैचरों को पीछा करके काबू कर लिया।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि हुडा सेक्टर 19 कैथल में बाइक पर सवार 2 युवकों ने एक महिला के गले से चैन छीन ली तथा मौके से फरार हो गए। उसी समय वहां से अपने किसी काम से स्कूटी पर गुजर रहे थाना शहर पुलिस के एचसी देवी सिंह व होमगार्ड बलवान सिंह ने महिला का शोर सुना। शोर सुनते ही उन्होंने तुरंत अपनी स्कूटी पर उक्त बाइक का पीछा किया गया तथा अंबाला बाईपास नाका के पास से बाइक पर सवार दोनों युवकों को काबू कर लिया। युवकों की पहचान रवि व सोनू निवासी पानीपत के रूप में हुई। महिला से छीनी गई चैन उनके कब्जे से बरामद की गई। दोनों आरोपियों को थाना सिविल लाईन पुलिस के हवाले कर दिया गया तथा आगामी कार्रवाई के दौरान एसआई राजकुमार द्वारा दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया।

## स्वयंसेवकों को फर्स्ट एड की दी ट्रेनिंग

**कुरुक्षेत्र।** उपायुक्त एवं रेडक्रॉस शाखा के प्रधान शांतनु शर्मा के मार्गदर्शन में रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा प्रोफेशनल फर्स्ट एड ट्रेनिंग तथा होम नर्सिंग की ट्रेनिंग करवाई जा रही है। इस ट्रेनिंग को 18 वर्ष की आयु उपरांत कोई भी नागरिक कर सकता है। भारत ही नहीं विदेशों में भी इस ट्रेनिंग कोर्स का बहुत महत्व है। मई 2023 बैच के प्राथमिक सहायता ट्रेनिंग कोर्स के विद्यार्थियों को रेडक्रॉस की फर्स्ट एड लेक्चरर किरण कश्यप ने महत्वपूर्ण गतिविधियों की जानकारी दी।

लेक्चरर किरण कश्यप ने प्रशिक्षणार्थियों को जानकारी देते हुए कहा कि घायल व्यक्ति को डॉक्टर के पास ले जाने से पूर्व हमें प्राथमिक सहायता मौके पर उपलब्ध करवाना होता है ताकि घायल की जान बचाई जा सके या उसकी बिगड़ती स्थिति में सुधार लाया जा सके। बेहोश व्यक्ति की सांस न चल रही हो तो सीपीआर विधि का प्रयोग कर उसकी जान बचाए, हड्डी टूट की पहचान कर किसी कपड़े से बांध कर उस अंग को हिलने से बचाए, दौरा पड़ना, आग से जल जाना रोगी को अस्पताल ले जाने की विधियों आदि, विषयों पर विस्तार से प्रैक्टिकल माध्यम से सिखाया। रेडक्रास सोसायटी के सचिव डा. सुनील कुमार ने कहा कि हरियाणा राज्य शाखा चंडीगढ़ के निर्देशानुसार सेंट जॉन एंबुलेंस जिला शाखा द्वारा 30 बच्चों का एक बैच तैयार किया जाता है।

### फोन छीनने के दो आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** रोहतक पुलिस ने नशा करने का लालच देकर युवक से मोबाइल फोन छीनने की वारदात को हल करते हुए वारदात में शामिल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की।

प्रभारी थाना शहर रोहतक निरीक्षक शमशेर सिंह ने बताया कि गांव डकोली जिला जींदकपुर मोहाली पंजाब निवासी रवि की शिकायत के आधार पर अभियोग अंकित कर जांच शुरु की गई। प्रारंभिक जांच मे सामने आया कि 12 मई को रवि गाडी पर ड्राइवर करके कच्चा बेरी रोड रोहतक आया हुआ।

# मडाम ने ग्रोथ के लिए 27 प्रतिशत राजस्व वृद्धि का लक्ष्य रखा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**महिलाओं** के लीडिंग फैशन ब्रांड मडाम ने वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए, अपनी मजबूत वार्षिक ग्रोथ और भविष्य के विस्तार के लिए अपनी की योजनाओं की उत्साह के साथ घोषणा की। 370 करो? के मौजूदा वार्षिक कारोबार के साथ कंपनी ने प्रतियोगिता से भरी फैशन इंडस्ट्री में अपनी पहचान एक मजबूत प्लेयर के रूप में दर्ज करायी है।

अनुमानित टर्नओवर के साथ कंपनी 2023-24 में 470 करोड़ वृद्धि के लिए तैयार है। यह अनुमानित वृद्धि 100 करोड़, कंपनी की मजबूत व्यावसायिक रणनीतियों और अपने कस्टमर्स को लाजवाब फैशन का अनुभव कराने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

कंपनी रिटेल सेक्टर में अपनी फ्यूचर ग्रोथ को बढाने के लिए भारत के दक्षिण और पश्चिम क्षेत्रों पर फोकस कर रही है। 2023-24 वित्तीय वर्ष में कंपनी की योजना इन क्षेत्रों के 8 प्रमुख शहरों में लगभग 12 स्टोर्स खोलने की है। इस विस्तार के बाद एक्सक्लूसिव स्टैंड-अलोन स्टोर्स की कुल संख्या 200 हो जाएगी। इस विस्तार के साथ मडाम की एक लीडिंग फैशन ब्रांड के रूप में स्थिति और मजबूत हो जाएगी। जैन अमर ग्रुप के कार्यकारी निदेशक, अखिल जैन ने कहा, हम मडाम की भविष्य की योजनाओं, संभावनाओं और भविष्य में विकास के अवसरों को लेकर उत्साहित हैं।

उत्कृष्टता के लिए हमारी अटूट प्रतिबद्धता, रिटेल को मजबूत करना और हमारी ई-कॉमर्स उपस्थिति को मजबूत करने जैसे हमारे महत्वकांक्षी लक्ष्यों को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। आगे उन्होंने कहा – 8 प्रतिशत टर्नओवर पर ई-कॉमर्स के 10-12 प्रतिशत ब?ने की उम्मीद है जो खुद ई-कॉमर्स स्पेस में एक ट्रेंड सेंटर है।

# लाइनपार क्षेत्र में पेयजल किल्लत का होगा समाधान : मेयर

## महलाना रोड वाटर वर्क्स पाइप लाइन से सेक्टर-23 के नवनिर्मित बूस्टर की पाइप लाइन को जोड़ने का कार्य पूरा

### मेयर निखिल मदान ने महलाना रोड वाटर वर्क्स और सेक्टर 23 बूस्टर की पाइप लाइन कार्य को देखा

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत

**मेयर** निखिल मदान शुक्रवार रात को महलाना रोड पहुंचे, जहां उन्होंने नगर निगम द्वारा महलाना रोड वाटर वर्क्स और सेक्टर 23 बूस्टर की पाइप लाइन को जोड़ने के कार्य का निरीक्षण किया। मेयर निखिल मदान ने कहा कि इस कार्य के चलते नगर निगम के लाइन पार क्षेत्र में पिछले कई दिनों से पेयजल किल्लत चल रही थी। आज यह कार्य पूरा हो गया है और कल सुबह से ही नगर निगम के लाइनपार क्षेत्र में सुचारू रूप से पेयजल आपूर्ति की जाएगी। जिसे एक-दो दिन में पूर्व की तरह सामान्य हालत में लाया जाएगा। गत दिवस भी यह लाइन जोड़ी गई थी, लेकिन लीकेज होने के कारण दोबारा से लाइन को जोड़ने का कार्य शुरू किया गया था।

अब इस पाइप लाइन के जुड़ने के बाद लाइन पार क्षेत्र के लोगों को अधिक समय और पर्याप्त मात्रा में पेयजल आपूर्ति की जाएगी। मेयर निखिल मदान ने कहा कि गर्मियों के मौसम में क्षेत्र वासियों को पेयजल किल्लत का सामना ना करना पड़े इसके लिए अधिकारियों को स्पष्ट दिशा निर्देश दिए गए हैं और लाइनपार क्षेत्र की हर गली में पानी पहुंचाने के लिए आवश्यक जगह पर नई वाल्व भी लगाई जा रही हैं। पेयजल आपूर्ति से संबंधित शिकायत मिलने पर वह स्वयं मौके पर जाकर मुआयना कर रहे हैं और आगे भी पेयजल आपूर्ति को सुचारू रूप से चलाने के लिए सभी जरूरी कदम उठाए जाएंगे। इस अवसर पर निगम पार्षद नवीन तंवर एवं निगम के कनिष्ठ अभियंता विकास कुमार, सुपरवाइजर नरेंद्र कुमार भी मौजूद रहे।



मौके पर खड़े होकर पेयजल लाइन को जुड़वाते मेयर निखिल मदान।

# क्षत-विक्षत शवों के बीच चीख रहे थे जख्मी...

**ओडिशा** के बालासोर में शुक्रवार शाम को शालीमार-चेन्नई सेंट्रल कोरोमंडल एक्सप्रेस पटरी से उतर गई। हादसे में अबतक करीब तीन सौ लोगों की जान चली गई है। जबकि एक हजार के करीब लोग जख्मी हैं। ऐसे में मृतकों की संख्या और बढ़ने की आशंका है। इस बीच हादसे में बचे एक यात्री ने घटनास्थल का सोशलप मीडिया पर जो मंजर बयां किया है वह दिल दहलाने वाला है। हादसे के बाद कई परिवार बिखर गए। खून के सैलाब के बीच लोगों की चीख-पुकार ही सुनाई दे रही थी। चारों तरह खून से सने क्षत-विक्षत और अंगविहीन शव ही दिख रहे थे।

घायल हालत में बिलख रहे थे अपनों के शवों पर



हर ओर सुनाई दे रहीं थी मदद के लिए आवाज

## घायलों के लिए नायक बनकर मदद करने पहुंचे स्थानीय लोग



**एजेंसी। बालासोराहावड़ा**

**ओडिशा** के बालासोर जिले में शुक्रवार शाम हुए भयानक रेल हादसे की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोग घायलों की मदद करने के लिए तत्काल दुर्घटनास्थल पर पहुंच गए। ओडिशा के बालासोर जिले में शुक्रवार शाम कोरोमंडल एक्सप्रेस और बेंगलुरु-हावड़ा एक्सप्रेस ट्रेन के पटरी से उतरने तथा एक मालगाड़ी से टकराने से जुड़े रेल हादसे में मृतक संख्या शनिवार को बढ़कर तीन सौ के करीब पहुंच गई।

रणजीत गिरि, बिप्रदा बाग, आशा बेहरा और अशोक बेरा घायलों को बचाने के लिए सबसे पहले पहुंचने वाले लोगों में से हैं। ये सभी बालासोर जिले के बाहानगा बाजार स्टेशन इलाके के निवासी हैं, जहां हादसा हुआ। गिरि ने कहा, मैं शाम करीब सात बजे अपने मित्रों के साथ पास ही चाय की एक दुकान पर था। मैंने अचानक जोरदार आवाज और उसके बाद लोगों के चीखने की आवाज सुनी। हम घटनास्थल की ओर दौड़े और हमने जो देखा, उसे देखकर हमारे रौंगटे खड़े हो गए। समय बर्बाद किए बिना हम घायलों को बचाने में जुट गए। हमने पुलिस एवं रेलवे अधिकारियों को भी हादसे की जानकारी दी। बाग ने कहा, हमने कम से कम 50 घायलों को बचाया और यात्रियों को अपने वाहनों से स्थानीय अस्पतालों में पहुंचाया। हादसे में जीवित बचे कुछ लोग अपने प्रियजनों को ढूंढ़ रहे थे, लेकिन बहुत अंधेरा होने के कारण हम उनकी मदद नहीं कर सके। अशोक बेरा (60) रक्तदान करने के लिए अस्पताल गए। उन्होंने कहा, मैं रक्तदान करने पहुंचा, लेकिन मेरी आयु के कारण मुझे इसकी अनुमति नहीं दी गई। इसके बाद मैंने अपने बेटों और संबंधियों से अस्पताल पहुंचकर रक्तदान करने को कहा। बेरा को हादसे में जीवित बचे यात्रियों से बात करते और उनकी फोन पर उनके रिश्तेदारों से बात करने में मदद करते देखा गया।

## राहत एवं बचाव कार्य में वायुसेना के विमान जुटे

**कोलकाता।** ओडिशा के बाहानगा में दुर्घटनाग्रस्त हुई तीन ट्रेन के घायल यात्रियों के राहत एवं बचाव कार्य में सेना की टुकड़ियां को तैनात किया गया है और वायुसेना के विमान भी राहत कार्य में जुटे हैं। एक रक्षा अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि घटनास्थल पर मौजूद रेलवे अधिकारियों के समन्वय से अभियान चलाया जा रहा है।

रक्षा अधिकारी ने कहा, पूर्वी कमान ने एंबुलेंस और सहायता सेवाओं के अलावा सेना की चिकित्सा और इंजीनियरिंग टीम को तैनात किया है। अधिकारी ने बताया कि पश्चिम बंगाल में बैरकपुर और पानागढ़ स्थित सेना के प्रतिष्ठानों



से रेल आपदा स्थल तक इंजीनियरिंग और चिकित्सा कर्मियों सहित सैन्य टुकड़ियों को दुर्घटना स्थल पर भेजा गया है। उन्होंने कहा कि घायल यात्रियों को निकालने के लिए दो एमआई17 तैनात किए गए हैं।

## तमिलनाडु सरकार ने राहत कार्य में समन्वय के लिए मंत्रियों का प्रतिनिधिमंडल ओडिशा भेजा

**एजेंसी। चेन्नई**

**तमिलनाडु** सरकार ने ओडिशा से फंसे और घायल यात्रियों की वापसी सुनिश्चित करने की व्यवस्था की है और दुर्घटना स्थल पर बचाव एवं राहत कार्यों में समन्वय के लिए राज्य के मंत्रियों और अधिकारियों का एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भेजा गया है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने शनिवार को यह जानकारी दी।

एक अधिकारी ने कहा कि लगभग 250 यात्री भद्रक से एक विशेष ट्रेन में सवार हुए हैं और वे रविवार सुबह डॉ. एमजीआर चेन्नई सेंट्रल स्टेशन पहुंचेंगे। उन्होंने बताया कि शालीमार-कोरोमंडल एक्सप्रेस, बेंगलुरु-हावड़ा सुपरफास्ट एक्सप्रेस और एक मालगाड़ी की संलिप्तता वाले हादसे में घायल हुए तमिलनाडु के करीब 55 यात्रियों को भी राज्य लाया जा रहा है। चेपॉक के एझिलागाम में स्थापित नियंत्रण कक्ष का दौरा करने के बाद मुख्यमंत्री ने शनिवार को कहा कि मंत्री उदयनिधि स्टालिन और एस एस शिवशंकर राजस्व और परिवहन विभाग के सचिवों के साथ पहले ही ओडिशा के लिए रवाना हो चुके हैं।

## ट्रेन हादसे को लेकर कई सवाल उठते हैं सुरक्षा हो सर्वोच्च प्राथमिकता: कांग्रेस

**एजेंसी। नई दिल्ली**

**कांग्रेस** ने ओडिशा के बालासोर जिले में हुए भीषण रेल हादसे पर दुख जताते हुए शनिवार को कहा कि यह दुर्घटना इस बात को सोचने के लिए बाध्य करती है कि रेलवे में सुरक्षा हमेशा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

पार्टी ने स्थिति का जायजा लेने के लिए अपने दो वरिष्ठ नेताओं-अधीर रंजन चौधरी और ए चेल्ला कुमार को घटनास्थल पर भेजा है। कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने ट्वीट किया, कांग्रेस अध्यक्ष मलिकार्जुन खरगे जी ने लोकसभा में पार्टी के नेता अधीर रंजन चौधरी, पार्टी के उड़ीसा प्रभारी ए चेल्ला कुमार को तत्काल घटनास्थल पर भेजा है। दोनों नेता हालात का जायजा लेंगे और कांग्रेस एवं इसके अग्रिम संगठनों की ओर से किए जा रहे राहत संबंधी प्रयासों की निगरानी करेंगे। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि इस दुर्घटना को लेकर कई सवाल उठाने की जरूरत है, लेकिन उनकी पार्टी इन सवालों को रविवार को उठाएगी।

रमेश ने ट्वीट किया, ओडिशा में हुआ रेल हादसा वाकई बहुत दर्दनाक है। यह अत्यंत दुख का विषय है। यह हादसा इस बात पर सोचने के लिए बाध्य करता है कि रेल नेटवर्क के कामकाज में सुरक्षा हमेशा सर्वोच्च प्राथमिकता क्यों होनी चाहिए। ऐसे कई सवाल हैं जिन्हें उठाने की ज़रूरत है, लेकिन आज नहीं कल उठाएंगे।

## बेंगलुरु-हावड़ा ट्रेन के आरक्षित डिब्बे से कोई यात्री हताहत नहीं हुआ: अधिकारी

**बेंगलुरु।** ओडिशा में हुए भीषण ट्रेन हादसे में शामिल बेंगलुरु-हावड़ा सुपरफास्ट एक्सप्रेस के आरक्षित डिब्बे का कोई यात्री दुर्घटना में हताहत नहीं हुआ है जबकि सामान्य डिब्बे (जीएस) में बैठे कुछ यात्री घायल हुए हैं। रेलवे के अधिकारियों ने यह जानकारी दी।अधिकारियों ने बताया कि हादसे के बाद राहत कार्य जारी है। इस दुर्घटना में बेंगलुरु-हावड़ा सुपरफास्ट एक्सप्रेस, शालीमार-चेन्नई सेंट्रल कोरोमंडल एक्सप्रेस और एक मालगाड़ी शामिल थी।दक्षिण पश्चिम रेलवे (एसडब्ल्यूआर) के अधिकारियों ने यहां बताया कि ऐसा अनुमान है कि सर एम. विश्वेसरैया टर्मिनल (एसएमवीबी), बेंगलुरु से बेंगलुरु-हावड़ा सुपरफास्ट एक्सप्रेस में आरक्षित श्रेणी के 994 यात्री और अनारक्षित श्रेणी के करीब 300 यात्री सवार हुए।

## ओडिशा ट्रेन दुर्घटना सदी का सबसे बड़ा रेल हादसा: ममता

**एजेंसी। कोलकाता**




**पश्चिम** बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को कहा कि ओडिशा के बालासोर में हुई भीषण ट्रेन दुर्घटना इस सदी का सबसे बड़ा रेल हादसा है और सच्चाई का पता लगाने के लिए उचित जांच की आवश्यकता है। रेल मंत्री के तौर पर दो बार सेवाएं दे चुकीं बनर्जी बचाव अभियान का जायजा लेने के लिए शनिवार दोपहर दुर्घटनास्थल पहुंचीं। उन्होंने वहां पहले से मौजूद रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों से बात की।

बनर्जी ने कहा, यह इस सदी का सबसे बड़ा ट्रेन हादसा है और इसकी उचित जांच की जानी चाहिए। उन्होंने कहा, इसके पीछे जरूर कुछ होगा। सच्चाई सामने आनी ही चाहिए। रेलगाड़ियों को टकराने से रोकने की प्रणाली ने काम क्यों नहीं किया। बनर्जी ने हादसे में मारे गए पश्चिम बंगाल के यात्रियों के परिवारों को पांच-पांच लाख का मुआवजा देने की घोषणा की है।

उन्होंने रेलवे और ओडिशा सरकार को भी पूरी मदद मुहैया कराने की पेशकश की। उन्होंने कहा, हमने 70 एंबुलेंस, 40 चिकित्सक और नर्स घायलों की मदद के लिए पहले ही भेज दिए हैं। रेलवे ने मृतकों के परिजनों के लिए 10-10 लाख रुपये, गंभीर रूप से घायलों के लिए दो-दो लाख रुपये और मामूली रूप से घायलों के लिए पचास-पचास हजार रुपये की अनुग्रह राशि की घोषणा की है।

## सोनिया ने यात्रियों की मौत पर शोक व्यक्त किया



**नई दिल्ली।** कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने ओडिशा के बालासोर जिले में हुए भीषण रेल हादसे में कई यात्रियों की मौत होने पर शनिवार को दुख जताया और पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट की। उन्होंने एक संक्षिप्त बयान में कहा, उड़ीसा में भीषण ट्रेन हादसे से बहुत दुखी हूं। सभी पीड़ित परिवारों के प्रति गहरी सहानुभूति और संवेदनाएं व्यक्त करती हूं। ओडिशा के बालासोर जिले में शुक्रवार शाम कोरोमंडल एक्सप्रेस और बेंगलुरु-हावड़ा एक्सप्रेस ट्रेन के पटरी से उतरने और एक मालगाड़ी से टकराने से जुड़े रेल हादसे में मृतक संख्या शनिवार को बढ़कर तीन सौ के करीब हो गई। हादसे में सैकड़ों लोग घायल भी हुए हैं।

## शिंदे और फडणवीस ने रेल हादसे पर शोक जताया



**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने ओडिशा में हुए भीषण रेल हादसे पर शोक व्यक्त किया। ट्वीट किया, ओडिशा के बालासोर में हुए भीषण रेल हादसे से मुझे गहरा दुख हुआ है। मैं महाराष्ट्र की ओर से हादसे में जान गंवाने वाले लोगों और शोकसंतप्त परिवारों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने भी इस रेल हादसे पर शोक व्यक्त किया।

## बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जताया दुख



**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने ओडिशा के बालासोर जिले में शुक्रवार को हुए भीषण ट्रेन हादसे पर दुख व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा, ओडिशा के बालासोर में हुए दुखद हादसे से मन आहत है। मैं पीड़ित परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं। दुख की इस घड़ी में, मेरी संवेदनाएं शोकाकुल परिवारों के साथ हैं। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। बिहार विधानसभा के अध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी ने भी शोकसंतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की।

## जीवित बचे 250 यात्री विशेष ट्रेन से चेन्नई रवाना

**विजयवाड़ा।** ओडिशा में हुई रेल दुर्घटना में जीवित बचे 250 यात्री चेन्नई जाने वाली विशेष ट्रेन में रवाना हो गए हैं। रेलवे के एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। बाहानगा बाजार में दुर्घटना स्थल पर फंसे हुए यात्रियों को लाने के लिए भद्रक से चेन्नई तक के लिए ट्रेन शुरू की गई है और यह रात साढ़े नौ बजे विजयवाड़ा पहुंचेगी, जहां नौ यात्री उतरेंगे।



दक्षिण मध्य रेलवे (एससीआर) जोन के विजयवाड़ा रेलवे डिवीजन के एक अधिकारी ने शनिवार को बताया कि प्रारंभिक सूचना के अनुसार, भेरमपुर में चार, विशाखापत्तनम में 41, राजामहेंद्रवरम में एक, ताडेपेल्लिगुडेम में दो और चेन्नई में 133 यात्री उतरेंगे।

अधिकारी ने कहा कि ट्रेन के रविवार को चेन्नई मध्य रेलवे स्टेशन पहुंचने की उम्मीद है। इस बीच, रेलवे ने कहा कि कोरोमंडल एक्सप्रेस में आंध्र प्रदेश जाने वाले 178 यात्री सवार थे। यह ट्रेन पश्चिम बंगाल के शालीमार से चली थी और इसे तमिलनाडु के चेन्नई जाना था, लेकिन शुक्रवार रात यह ओडिशा के बहानागा बाजार में दुर्घटनाग्रस्त हो गई। रेलवे ने बताया कि इन 178 यात्रियों में से 110 को विशाखापत्तनम, 26 को राजामहेंद्रवरम, एक को ताडेपल्लीगुडेम, दो को इलुरू, जबकि 39 को विजयवाड़ा में उतरना था।



## पीड़ितों के परिवारों की मदद के लिए एक महीने का वेतन दान करें सांसद: वरुण गांधी



**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद वरुण गांधी ने शनिवार को अपने साथी सांसदों से ओडिशा में ट्रेन दुर्घटना के पीड़ितों के परिवारों की मदद के लिए एक महीने का वेतन दान करने का शनिवार को आग्रह किया। गांधी ने कहा कि पहले उन्हें सहारा मिलना चाहिए और फिर न्याय। भाजपा सांसद ने ट्वीट किया, उड़ीसा की रेल दुर्घटना हृदय विदारक है। जो परिवार इस हादसे से टूटे हैं, हमें उनके साथ चट्टान की तरह खड़ा होना होगा। मेरा सभी साथी सांसदों से निवेदन है कि हम सभी अपनी तनख्वाह का एक हिस्सा शोक संतप्त परिजनों के नाम कर उनकी मदद के लिए आगे आएं। पहले उन्हें सहारा मिले, फिर न्याय।




## रेल हादसे के बाद विपक्ष ने शुरू की रेल मंत्री के इस्तीफे की मांग

**एजेंसी। नई दिल्ली**

**ओडिशा** में ट्रिपल ट्रेन हादसे में मरने वालों की संख्या दुर्घटना के 15 घंटे बाद तीन सौ के करीब गई है, जबकि घायल होने वालों की संख्या हजार के करीब है। विपक्ष इस मामले में अब सरकार पर हमलावर हो गई है। विपक्ष ने मामले में रेल मंत्री के इस्तीफे की मांग की है। बता दें रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव हादसे की जांच के लिए एक उच्चस्तरीय समिति का गठन करने का आदेश दे दिया है।

विपक्ष के नेताओं ने हादसे के लिए जिम्मेदार सिग्नल फेल्योर के लिए आरोप लगाने शुरू कर दिए हैं। तृणमूल कांग्रेस के प्रवक्ता साकेत गोखले ने कहा कि सिग्नल फेल होने से इतना बड़ा हादसा विश्वास से परे और आश्चर्यजनक है। हादसे ने कुछ गंभीर सवाल खड़े किए हैं जिनका जवाब दिया जाना चाहिए। अभी तक



यह पता नहीं चल पाया है कि तीनों ट्रेनें एक-दूसरे पर कैसे ढेर हो गईं। शुरुआती खबरों में कहा गया है कि डाउन लाइन पर बेंगलुरु-हावड़ा ट्रेन शाम 6.55 बजे पटरी से उतर गई और कोरोमंडल शाम सात बजे अप लाइन पर पटरी से उतर गई। कोरोमंडल के पटरी से उतरे डिब्बे पहले बेंगलुरु-हावड़ा और फिर मालगाड़ी से टकरा गए। दूसरी ओर कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने रेल दुर्घटना को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि बहुत लोगों की इस दुर्घटना में मृत्यु हो चुकी है। इस दर्दनाक हादसे ने सभी को रूला दिया...कहा जाता है कि हम ट्रेन में कवच लगा रहे हैं, इससे सारे हादसे रुक जाएंगे। कहां है कवच? तीन ट्रेन टकरा गई, कहां है कवच?

अश्विनी वैष्णव के इस्तीफे की मांग मजबूत होने पर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता अजित पवार ने कहा कि जब पहले इस तरह की दुर्घटनाएं होती थीं तो रेल मंत्री इस्तीफा दे देते थे। पवार ने कहा, लेकिन इस मामले में कोई बोलने को तैयार नहीं है। भाकपा नेता बिनय विश्वम ने कहा कि सरकार का ध्यान केवल लक्जरी ट्रेनों पर है जबकि आम लोगों के लिए ट्रेनें और पटरियां उपेक्षित हैं। बिनॉय ने ट्वीट किया, सरकार केवल लक्जरी ट्रेनों पर ध्यान केंद्रित करती है। उड़ीसा में हुई मौतें इसी का परिणाम हैं। रेल मंत्री को इस्तीफा दे देना चाहिए।

### हादसे पर प्रधानमंत्री मोदी व रेल मंत्री से कई सवाल बनते हैं : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने ओडिशा के बालासोर जिले में हुए भीषण रेल हादसे पर दुख जताते हुए शनिवार को कहा कि इस दुर्घटना से यह बात भी उजागर हुई है कि रेलवे में सुरक्षा हमेशा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। मुख्य विपक्षी दल ने यह भी कहा कि इस हादसे को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से कई सवाल बनते हैं, लेकिन फिलहाल पहली प्राथमिकता राहत और बचाव कार्य की है। पार्टी ने स्थिति का जायजा लेने के लिए अपने दो वरिष्ठ नेताओं अधीर रंजन चौधरी और ए चेल्ला कुमार को घटनास्थल पर भेजा है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पार्टी के सभी नेताओं को निर्देश दिया है कि वह अपने स्तर पर हर संभव मदद करें। खड़गे ने ट्वीट किया, ओडिशा में हुई भयावह रेल दुर्घटना एक राष्ट्रीय त्रासदी से कम नहीं है। मैंने समूचे कांग्रेस पार्टी संगठन को इस मौके पर निर्देशित किया है कि इस आपदा में पीड़ितों की यथासंभव मदद की जाए। विभिन्न राज्यों के कांग्रेस नेता घटना स्थल पर पहुंच गए हैं या शीघ्र बालासोर पहुंच जाएंगे।

# बिना रजिस्ट्री के फ्लैट का कब्जा देने वाले बिल्डरों पर होगी कार्रवाई

- 25 परियोजनाओं का सर्वे कर चुका है ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



**ग्रेटर** नोएडा में बिना रजिस्ट्री के फ्लैट खरीदारों को कब्जा देने वाले बिल्डरों के खिलाफ प्राधिकरण कड़ी कार्रवाई की तैयारी कर रहा है। ग्रेनो प्राधिकरण ऐसे बिल्डरों को शीघ्र ही नोटिस जारी करने जा रहा है।

सीईओ ऋतु माहेश्वरी ने बिल्डर विभाग की समीक्षा बैठक में इस बाबत निर्देश दे दिए हैं। ग्रेटर नोएडा में ऐसे कई बिल्डर प्रोजेक्ट हैं, जिनमें रजिस्ट्री के बिना ही खरीदार रहने लगे हैं। प्राधिकरण का बकाया जमा न होने के कारण ऑक्यूपेंसी सर्टिफिकेट नहीं ले पा रहे हैं। जब तक प्राधिकरण का बकाया रहेगा और ऑक्यूपेंसी सर्टिफिकेट नहीं मिल जाता, तब तक फ्लैटों की रजिस्ट्री नहीं हो सकेगी। बिना रजिस्ट्री के फ्लैट खरीदार भले ही रहने लगे हैं, लेकिन उनको मालिकाना हक तब तक नहीं मिलेगा, जब तक फ्लैटों की रजिस्ट्री नहीं हो जाती। बिल्डर खरीदारों को अनधिकृत तरीके से पजेशन देकर अपना पल्ला झाड़ ले रहे हैं।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के ओएसडी सौम्य श्रीवास्तव ने बताया कि फ्लैट के लिए अपनी गाढ़ी कमाई लगाने वाले खरीदारों को इस आने वाली मुसीबत से बचाने के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण क्यूरी एंड ब्राउन से प्रोजेक्टवार सर्वे करा है।

एजेंसी अब तक 25 परियोजनाओं का सर्वे कर चुकी है। इनमें से कुछ प्रोजेक्टों में खरीदार बिना रजिस्ट्री के बिना ही रह रहे हैं। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की सीईओ ऋतु माहेश्वरी के समक्ष रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। सीईओ ने बिल्डर विभाग को ऐसे सभी प्रोजेक्टों के बिल्डरों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही सीईओ ने प्राधिकरण की बकाया धनराशि न देने और प्रोजेक्टों को पूरा न करने वाले बिल्डरों के आवंटन निरस्त करने के निर्देश दिए हैं।

यानी जिन बिल्डरों ने अभी तक प्रोजेक्ट को नहीं बनाया है, उनके आवंटन अब निरस्त कर दिए जाएंगे। खाली एरिया को प्राधिकरण अपने कब्जे में ले लेगा।

## मायावती के भाई को मिली जान से मारने की धमकी, मची खलबली

**नोएडा।** थाना बाबूगढ़ क्षेत्र में प्रापर्टी व्यापार के लेन-देन में 30 लाख रुपये का फर्जी बैंक चेक देने का आरोप लगा कुछ आरोपियों ने क्षेत्र के गांव सिमरौली के व पूर्व मुख्यमंत्री मायावती के ममेरे भाई को हत्या की धमकी दी है, पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है, पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

तहरीर में गांव सिमरौली के अनिल ने बताया कि वह पूर्व मुख्यमंत्री के सगे मामा का पुत्र हैं, कुछ दिन पहले उसने थाना देहात क्षेत्र में रहने वाले कुछ लोगों के साथ प्रॉपर्टी का व्यापार किया था। 31 मई को उक्त लोग पीड़ित के गांव में पहुंचे, इसके बाद आरोपियों ने पीड़ित के लिए जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते गाली-गलौज शुरू कर दी। उन्होंने कहा कि पीड़ित ने उन्हें 30 लाख का फर्जी बैंक चेक दिया है, अगर पीड़ित ने आरोपियों को 30 लाख नहीं देगा, तो वह उसे और उसके परिवार को मार देगा।

# सरेराह युवतियों से बाइक सवारों ने की छेड़छाड़

- वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल, आरोपियों की पहचान में जुटी पुलिस

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



वीडियो में कैप्चर घटनाक्रम।

**नोएडा** में राह चलते युवतियों से छेड़छाड़ का एक वीडियो इस समय सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। वीडियो में दो लड़के बाइक से आते है और राह चलती युवतियों को बेड टच करते है। युवतियां डरी है।

वीडियो नोएडा पुलिस को टैग कर कार्यवाही की मांग की गई है। ये पूरी घटना थाना सेक्टर-58 क्षेत्र की बताई जा रही है। हालांकि वीडियो कब का है इसकी भी पुष्टि की जा रही है। ये वीडियो 28 सेकेंड का है। जिसमें दो युवतियां सुबह करीब आठ बजे सेक्टर-62 की सड़क पर बातचीत करते हुए जा रही है। कुछ सेकेंड में सामने से बाइक आती है। बाइक पर दो युवक बैठे है। वो युवती की ओर बाइक करते है रुकते है और टच करके भाग जाते है। वहां मौजूद साइकिल सवार ये देखता है। बताया गया कि दोनों युवतियां इस घटना के बाद से डरी हुई है। वो नोएडा की एक कंपनी में काम करती है। पुलिस ने वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने इसका संज्ञान लिया। अब सीसीटीवी फु टेज चेक की जा रही है। बाइक नंबर के जरिए दोनों युवकों को गिरफ्तार करने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं पुलिस ने सुनसान और संवेदनशील इलाकों में पुलिस पेट्रोलिंग को भी बढ़ा दिया है। पुलिस की अपील है कोई भी घटना होने पर तत्काल डायल करें।

# पेट्रोल पंप संचालक से दिनदहाड़े 8 लाख की लूट

- बैंक में पैसा जमा करने जा रहे थे विक्रांत

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली


मौके पर पहुंची पुलिस।

**शालीमार** गार्डन थाना क्षेत्र अंतर्गत ऑयल कारोबारी एवं पेट्रोलपंप के मालिक विक्रांत सिंह से 8 लाख के कैश से भरा बैग लूट लिया। डीसीपी ट्रांस हिंडन विवेकचंद्र यादव एवं एसीपी शालीमार गार्डन ज्ञानप्रकाश राय के अलावा अन्य अधिकारी फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर जांच में जुट गए।

दिनदहाड़े हुई इस वारदात के संदर्भ में एसीपी शालीमार गार्डन ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि राजेंद्र नगर में बुद्धा पार्क के पास पेट्रोलपंप स्वामी विक्रांत सिंह निवासी सैक्टर.2 राजेंद्र निवासी विक्रांत सिंह के साथ लाखों की लूट हो गई है। पेट्रोलपंप स्वामी विक्रांत सिंह ने बताया कि उनका पेट्रोलपंप शक्तिखंड दो इंदिरापुरम में स्थित है। वह बैंक में आठ लाख की रकम जमा करवाने के लिये अपने घर राजेंद्रनगर सैक्टर दो से निकले थे। जब वह बुद्धा पार्क के पास पहुंचे तो वहां पर तेज गति से से आये बाइक सवार ने अपनी मोटरसाइकिल उनकी गाड़ी के आगे अड़ा दी। उसी समय कार में सवार होकर आये बदमाशों ने उनकी गाड़ी में रखा वह थैला उड़ा लिया जिसमें आठ लाख रुपए रखे हुए थे। राय ने बताया कि पेट्रोलपंप स्वामी विक्रांत सिंह की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

## सुरक्षा गार्ड ने 22वीं मंजिल से कूदकर की आत्महत्या

**नोएडा।** सेक्टर-113 थाना क्षेत्र के सेक्टर 120 स्थित सोसाइटी में सुरक्षा गार्ड के रूप में कार्यरत एक व्यक्ति ने शनिवार सुबह सोसाइटी की 22वीं मंजिल से कूदकर कथित रूप से आत्महत्या कर ली।

पुलिस ने यह जानकारी दी। सेक्टर 113 के थाना प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि सेक्टर 120 स्थित आरजी रेजिडेंसी सोसाइटी में सुरक्षा गार्ड ओमवीर सिंह (28) ने सोसाइटी की ऊपरी मंजिल पर जाकर वहां से छलांग लगा दी। इस घटना में उसकी मौत हो गई।

थाना प्रभारी ने बताया कि घटना की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।


गाजियाबाद नगर निगम कार्यालय में पार्षदों ने बरसात के समय में नालों की सफाई एवं नाले के ऊपर हो रहे अतिक्रमण के बारे में मेयर सुनीता दयाल को अवगत कराया। समस्याओं की जानकारी लेने के बाद मेयर ने जल्द कार्यवाही कर जलभराव की समस्याओं का समाधान कराने का आश्वासन दिया।

## संक्षिप्त समाचार


उद्यमियों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने हेतु आज एसीईओ आनंद वर्धन की अध्यक्षता में उद्योग सहायक समिति के साथ बैठक की गई।

### ग्रेनो प्राधिकरण में उद्योग सहायक समिति की बैठक

**नोएडा।** उद्योग सहायक समिति की बैठक ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के बोर्ड रूम में संपन्न हुई। प्राधिकरण के एसीईओ आनंद वर्धन की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में बड़ी संख्या में उद्यमी शामिल हुए। उद्यमियों ने अपनी समस्याओं से एसीईओ को अवगत कराया। उद्यमियों ने बताया कि ग्रेटर नोएडा में सरकारी एक्सपो सेंटर नहीं है, जिसमें वे अपने उत्पादों को प्रदर्शित नहीं कर पाते। सरकारी एक्सपो सेंटर बनने से यहां के उत्पादों को वैश्विक पहचान मिलने में मदद मिलेगी। बैठक में उद्यमियों ने टेस्टिंग लेबोरेटरी बनाने की भी मांग उठाई। श्रमिकों के लिए ईएसआई अस्पताल का निर्माण, ट्रांसपोर्ट नगर व औद्योगिक सेक्टरों में कैंटीन और क्रेच स्कूल की सुविधा देने की भी मांग की। उद्यमियों ने कहा कि उद्योगों के लिए जल्द ही भूखंडों की स्कीम लाई जाए।

### सम्पूर्ण समाधान दिवस में सुनीं शिकायतें

**गाजियाबाद।** माह के पहले शनिवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान तहसील सदर का समाधान दिवस नेहरू नगर स्थित सामुदायिक भवन में आयोजित हुआ। समाधान दिवस के दौरान दर्जनों शिकायतें दर्ज हुई। एसडीएम सदर विनय सिंह ने फरियादियों की शिकायतें सुनी जिनका मौके पर निस्तारण किया गया। अन्य शिकायतों को सम्बंधित विभागों को प्रेषित कर एक सप्ताह में कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### पांच जून को होगा व्यापारी सम्मेलन

**गाजियाबाद।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा पांच जून को हिन्दी भवन में व्यापारी सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन की तैयारी को लेकर डायमंड पैलेस में भाजपा नेताओं व व्यापारी संगठन के प्रतिनिधियों के बीच वार्ता हुई। जिसमें व्यापारी सम्मेलन को लेकर चर्चा की गई। शहर विधायक अतुल गर्ग के नेतृत्व में इस बैठक का आयोजन किया गया। विधायक अतुल गर्ग ने व्यापारियों को अधिक से अधिक संख्या में इस सम्मेलन में शामिल होने का आहवाहन किया। इस दौरान महानगर उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष गोपीचंद, महामंत्री अशोक चावला के नेतृत्व में विभिन्न व्यापार मंडलों ने भाग लिया।

### बैंककर्मियों और वकीलों में मारपीट

**गाजियाबाद।** अंबेडकर रोड पर स्थित पंजाब नेशनल बैंक के कर्मचारियों और वकीलों के बीच झगड़ा हो गया। दोनों पक्ष आपस में बुरी तरह से भिड़ गये। इस घटना की सूचना मिलते ही कई थानों की पुलिस व दो एसीपी के साथ डीसीपी सिटी जोन निपुण अग्रवाल मौके पर पहुंच गये। उसके बाद पुलिस ने दोनों पक्षों को अलग-अलग करके माहौल को शांत किया। इस संदर्भ में डीसीपी सिटी जोन निपुण अग्रवाल ने बताया कि किसी वित्तीय मामले को लेकर कोई अधिवक्ता पीएनबी की शाखा में पहुंचे थे। किसी बात पर उनकी बैंककर्मी से बहस हो गई। जो बाद में मारपीट में बदल गई। इसी बीच वकील ने उक्त घटना की सूचना अपने साथी अधिवक्ताओं को दे दी। उसके बाद वकीलों ने बैंक कर्मचारियों के साथ मारपीट की। वकील उसी समय शांत हुए कि जब डीसीपी निपुण अग्रवाल ने उन्हें उचित एवं निष्पक्ष कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस दौरान अंबेडकर रोड सेलेकर चौधरी मोड़ तक जांच लग गया। अग्रवाल ने बताया कि पुलिस ने एहतियातन शांति भंग करने के मामले में कई को हिरासत में ले लिया है। बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष नाह सिंह यादव ने कहा कि अधिवक्ताओं के साथ बैंक कर्मचारियों ने न केवल अभद्रता की थी बल्कि उनसे हाथापाई भी की थी।

# अवैध रूप से रह रहे 23 विदेशी नागरिक गिरफ्तार

- पुलिस द्वारा पकड़े गए लोगों में 15 पुरुष और आठ महिलाएं शामिल

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा




**गौतमबुद्ध** नगर जिला पुलिस ने भारत में अवैध रूप से रह रहे 23 विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। इनमें 15 पुरुष और आठ महिलाएं हैं। पुलिस के एक अधिकारी ने शनिवार को बताया कि शुक्रवार रात को थाना सूरजपुर क्षेत्र से गिरफ्तार किए गए नाइजारियाई नागरिक वीजा अवधि खत्म होने के बावजूद भारत में अवैध रूप से रह रहे थे।

थाना सूरजपुर के प्रभारी निरीक्षक अवधेश प्रताप सिंह ने बताया, बीती रात को पुलिस को सूचना मिली कि थाना क्षेत्र में स्थित एक सोसाइटी में कुछ विदेशी नागरिक अवैध रूप से निवास कर रहे हैं। इस सूचना पर थाना पुलिस ने क्षेत्रीय अधिसूचना विभाग के अधिकारियों के साथ वहां पर छापेमारी की। उन्होंने बताया कि इस दौरान नाईजीरिया की आठ महिलाओं समेत 23 नागरिक पकड़े गए तथा ज्यादातर लोगों के वीजा की अवधि खत्म हो गई थी जबकि कुछ लोग पासपोर्ट और वीजा भी नहीं दिखा पाए। उन्होंने बताया कि उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि हाल में ग्रेटर नोएडा पुलिस ने अवैध रूप से मादक पदार्थ बनाकर देश विदेश में बेचने वाले दक्षिण अफ्रीका के 13 नागरिकों को गिरफ्तार कर उनके पास से 450 करोड़ रुपये कीमत का मादक पदार्थ और इन्हें बनाने में उपयोग होने वाला कच्चा माल और उपकरण बरामद किया था।

सिंह के मुताबिक, इसके बाद गौतमबुद्ध नगर पुलिस ने विदेशी नागरिकों के सत्यापन के लिए एक विशेष अभियान शुरू किया है। जांच के दौरान पुलिस को पता चला है कि ज्यादातर नाइजीरियाई युवक-युवतियां अध्ययन वीजा पर भारत आए थे तथा अवधि खत्म होने के बाद वे भारत में रहकर आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त हो गए हैं।

# घर से स्कूल के लिए निकली तीन बच्चियां संदिग्ध परिस्थितियों में लापता

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

**मोदीनगर** में निवाड़ी थानाक्षेत्र के गांव सारा से संदिग्ध परिस्थितियों में कॉलेज गई तीन किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। परिजनों ने अनहोनी की आशंका जताते हुए थाने में तहरीर दी है।

गांव सारा निवासी एक व्यक्ति की 13 वर्षीय पुत्री कक्षा छह, 11 वर्षीय पुत्री कक्षा छह व 12 वर्षीय कक्षा सात की छात्रा हैं जो लापता हुई हैं। शुक्रवार को तीनों छात्रा गांव स्थित चमेली देवी इंटर कॉलेज पढ़ने गई थी। छुट्टी होने के बाद भी छात्रा घर नहीं पहुंची। जब वह देर शाम तक घर नहीं पहुंची तो परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। काफी तलाश करने के बाद भी जब वह नहीं मिली तो परिजनों ने गुरुवार शाम को निवाड़ी थाने में तहरीर दी है।

पुलिस ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर छात्राओं की तलाश शुरू कर दी। एसपी रितेश त्रिपाठी ने बताया कि छात्राओं को तलाशने के लिए पुलिस की चार टीमों को लगाया गया है। जल्द ही किशोरियों को बरामद कर लिया जाएगा।

## खून में लथपथ मिली अज्ञात महिला की मौत

**नोएडा।** बिसरख थाना क्षेत्र में गौर सिटी के पास देर रात लहूलुहान तथा बेहोशी की अवस्था में मिली महिला की अस्पताल में मौत हो गई। महिला को उपचार के लिए नोएडा के जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया था, जहां उसने अंतिम सांस ली।

पुलिस को संदेह है कि महिला को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। पुलिस मौत का कारणों का पता लगाने के लिए शव का पोस्टमार्टम करवा रही है। पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह की मीडिया प्रभारी ने बताया कि थाना बीती रात एक महिला लहूलुहान व बेहोशी की हालत में मिली थी।

# निगम के बनाये स्पोर्ट्स प्लाजा में खिलाड़ियों ने दिया ट्रायल

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

**नगर** निगम के हाल में ही तैयार कि गए स्पोर्ट्स प्लाजा में छोटे खिलाड़ियों का ट्रायल कराया गया।

इस दौरान टीएनएम, एनसीजी एकेडमी के बच्चों ने यहां ट्रायल में हिस्सा लिया। इस दौरान नगर आयुक्त और नगर निगम के चीफ इंजीनियर एनके चौधरी आदि मौजूद रहे। नगर आयुक्त डॉ. गौड़ ने ही हाल ही में मुंबई की तर्ज पर इसे तैयार किया है। जहां स्पॉर्टस प्लाजा तैयार किया गया है वहां कभी कूड़ा कचरा डाला जाता था। यहां आसपास गंदगी के ढेर लगे होने के कारण आसपास के लोग भी परेशान रहते थे।

बाकी बची जमीन पर आसपास वाहन खड़े रहते थे। हाल ही में नगर आयुक्त को पता चला था कि यहां स्पॉर्टस प्लाजा बनाया जा सकता है। ऐसा ही एक आरओबी के नीचे स्पॉर्टस प्लाजा न्यू मुंबई में बनाया गया है। इसी तर्ज पर गाजियाबाद में प्लाजा तैयार किया गया ताकि खिलाड़ियों को फायदा मिल सके। इसी के चलते ही गाजियाबाद में नगर निगम द्वारा प्लाजा तैयार किया गया है।

# नेपाल भागने की फिराक में था 50 हजारी मोनू

- बहन से आखिरी बार मिलने आया और मुठभेड़ में मारा गया

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

**गाजियाबाद** में शुक्रवार को पुलिस एनकाउंटर में 50 हजार रुपए का इनामी गैंगस्टर मोनू उर्फ विशाल चौधरी मारा गया। पुलिस सूत्रों का कहना है कि वो नेपाल भागने की तैयारी में था। इसीलिए वह अपनी बहन से मिलने आया था। पुलिस ने उसके सभी मोबाइल नंबर सर्विलांस पर लिए हुए थे। यहीं से पुलिस टीमों को लीड मिली और बहन के घर से दो किलोमीटर दूर ही एनकाउंटर में उसे मार गिराया। फरारी के दौरान मोनू यूपी के अलावा उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान में कई ठिकानों पर छिपता रहा। इस दौरान पुलिस से उसका तीन बार आमना सामना भी हुआ, लेकिन हर बार बचकर भाग निकला। चौथी बार में वो मारा गया। सात साल पहले करीब 2016 में मोनू ने अपने गांव भिकन्नपुर में रंजिश के चलते एक युवक की हत्या कर दी थी। इसी मामले में वो जेल गया। जहां गैंगस्टर शेखर चौधरी के वह संपर्क में आया। शेखर पर करीब 50 से अधिक मुकदमे दर्ज हैं।

कुछ दिन वह जेल से बाहर आ गया। इसके बाद वह गैंगस्टर शेखर चौधरी के लिए काम करने लगा। पिछले दो सालों में तीन मर्डर में उसका नाम आया। लेकिन उसके खिलाफ बोलने की कोई हिम्मत नहीं करता था। तीन मर्डर में नाम आने के बाद मुरादानगर इलाके में मोनू का दबदबा हो गया। लोग उससे डरने लगे। इसके बाद मोनू ने जमीन पर कब्जा करना, विवादित जमीन को कब्जामुक्त कराना और जो जमीन नहीं बेच रहे हैं उन्हें धमकी देकर सस्ती दरों पर जमीन खरीदने का काम करने लगा। जो लोग आसानी से नहीं मानते थे उनकी हत्या कर देता था।

मोनू ने साल.2021 में आयुध फैक्ट्री के कर्मचारी ऋषि, एक अप्रैल 2023 को बिजली ठेकेदार नवीन भारद्वाज और 23 मई 2023 को व्यापारी मुकेश गोयल का मर्डर किया था। तीनों मर्डर रुपयों के विवाद में किए गए थे। मुरादनगर गंगनहर स्थित चितौड़ा गांव के पुल पर शुक्रवार शाम करीब 4 बजे एक मुठभेड़ हुई। पुलिस को खबर थी कि 50 हजार का इनामी मोनू उर्फ विशाल चौधरी अपनी बहन के घर चितौड़ा आया हुआ है और वहां से निकलने वाला है। इस सूचना पर पुलिस टीमों ने घेराबंदी कर दी।

# वीकेंड में पालतु जानवरों ने डॉग पार्क में की मस्ती

- सुबह 6 से 12 तक और शाम को 5 से 10 बजे तक खुलेगा पार्क

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



**प्रदेश** का पहला डॉग पार्क नोएडा में शुक्रवार से खोल दिया गया है। वीकेंड के दिन खासी तादाद में मालिक अपने पालतु जनवारों साथ पहुंचे। इस दौरान डॉग ने खूब मस्ती की। हालांकि इसके संचालन के लिए कंपनी के चयन की प्रक्रिया चल रही है। कंपनी 20 सालों तक पार्क का संचालन करेगी। उसे ही पार्क का अनुरक्षण कार्य भी करना होगा। फिलहाल नोएडा वासी पार्क में अपने पालतू डॉग को घुमा सकते हैं। साथ ही उनका इलाज भी करा सकते हैं। इसके अलावा यहां तमाम सुविधाओं का लाभ भी ले सकते है। पार्क सुबह 6 से 12 बजे तक और शाम को 5 से 10 बजे तक खुलेगा।

ओएसडी वंदना त्रिपाठी ने बताया कि डॉग पार्क का उद्घाटन यूपी दिवस पर किया गया था। कुछ काम बाकी रह गया था, जिसे पूरा करने के बाद अब पार्क को नोएडा वासियों के लिए खोल दिया गया है। प्रदेश का पहला डॉग पार्क नोएडा के सेक्टर-137 में बनाया गया है। पार्क विश्व स्तरीय सुविधाओं से लैस है। पार्क में डॉग के उठने बैठने खाने सोने घूमने नहाने और मनोरंजन के लिए तमाम साधनों को उपलब्ध कराया गया है। इसे 3.85 एकड़ में विकसित किया गया है। 3.86 करोड़ रुपए खर्च किए गए है। संचालन करने वाली कंपनी इसी पार्क से अपना खर्चा निकालेगी। हालांकि उसे पार्क में विज्ञापन का राइट्स या कॉमर्शियल एक्टिविटी करने दिया जाएगा। इसके लिए मंथन किया जा रहा है। देश का पहला प्रमाणित डॉग पार्क तेलंगाना में है। ग्रेटर हैदराबाद में नगर निगम ने इसे बनवाया था। यह पार्क 1.1 करोड़ रुपए की लागत से 1.3 एकड़ क्षेत्र में बनाया गया है। हैदराबाद के पार्क में डाग्स की चिकित्सा संबंधी सेवाओं से लेकर जिम की भी सुविधा है लेकिन अब नोएडा में जो डॉग पार्क बनाया गया है वह अपने आप में एक अनोखा पार्क है। शहर में डॉग को लेकर चल रहा विवाद स्थायी रूप से समाप्त करने पर काम किया जा रहा है। इसके लिए नोएडा प्राधिकरण ने 18 डॉग शैल्टर बनाने निर्णय लिया है। पहले पायलट प्रोजेक्ट की तर्ज पर चार डॉग शैल्टर बना जा चुके है। उसका रिस्पॉन्स देखने के बाद आगे के शैल्टर बनाने की प्रक्रिया को पूरा किया जाएगा। इन डॉग शैल्टर का संचालन व रखरखाव सेक्टर और एओए को ही करना होगा।





# सेलिब्रिटी की तरह पाना चाहती हैं गॉर्जियश लुक, तो ऐसे कैरी करें इवनिंग पार्टी गाउन

**आजकल** पार्टी या किसी फंक्शन के लिए आउटफिट्स में गाउन को काफी पसंद किया जा रहा है। गाउन में आपको कई तरह के डिजाइन और पैटर्न मिल जाएंगे। इसके साथ ही यह आपको मॉर्डन टच देने का काम करते हैं। हालांकि लेटेस्ट पैटर्न और डिजाइन के गाउन को कैरी करते समय हम कई चीजों को लेकर कंफ्यूज हो जाते हैं। वहीं जल्दबाजी में इसकी स्टाइलिंग पर भी ध्यान नहीं देते हैं। जिसके कारण हमारा सारा लुक बेकार हो जाता है।

अगर आपके साथ भी ऐसा होता है तो यह आर्टिकल आपके लिए है। यहां हम आपको कुछ गाउन के डिजाइंस और उसे स्टाइल करने के आसान टिप्स के बारे में बताने जा रहे हैं। इन टिप्स को ध्यान में रखकर आप अपने लुक को स्टाइलिश बना सकती हैं। साथ ही आपको यह भी बताएंगे कि गाउन के साथ आप कैसी ज्वेलरी कैरी कर सकती हैं। बता दें कि यह गाउन इवनिंग पार्टी के लिए बेस्ट हैं। आइए जानते हैं...

## प्रिंसेज गाउन

बता दें कि प्रिंसेस गाउन का चलन हमेशा या यूं कहें कि यह एवरग्रीन रहता है। डिजाइनर गौरी और नैनिका ने इस खूबसूरत प्रिंसेस गाउन को डिजाइन किया है। लेकिन आप इस तरह के गाउन को अपने लिए कस्टमाइज भी करवा सकती हैं। वहीं अगर आप इसे मार्केट से लेना चाहती हैं, तो 2500 रुपये से लेकर 7000 रुपये में आपको ऐसा गाउन मिल जाएगा। अपने लुक को कंप्लीट करने के लिए आप इसके साथ डायमंड स्टाइल ज्वेलरी कैरी कर सकती हैं। वहीं डबल हाई पोनीटेल हेयर स्टाइल आपको अधिक स्टाइलिश बनाएगा।

## प्लेन स्लिट गाउन

**अगर** आप भी पार्टी के लिए प्लेन स्लिट गाउन मार्केट में आसानी से मिल जाएंगे। इसके साथ आप चोकर और स्टोन इयररिंग्स कैरी कर अपने लुक को कंप्लीट कर सकती हैं।

## थाई-हाई स्लिट कट गाउन

**अगर** आप भी इवनिंग पार्टी में बोल्ड और स्टाइलिश लुक पाना चाहती हैं तो थाई-हाई स्लिट कट गाउन आपके ऊपर खूब फबेगा। मार्केट में लगभग 3000 रुपये से लेकर 6000 रुपये तक में इस तरह का गाउन आपको में आसानी से मिल जाएगा। बता दें कि इसके साथ आप मेसी हेयर लुक वाला हेयर स्टाइल बना सकती हैं। वहीं ग्लॉसी न्यूड पिंकिश मेकअप लुक आपकी खूबसूरती में चार चांद लगाने का काम करेगा।



## बॉडीकॉन गाउन

डिजाइनर ब्रांड Eli Bitton द्वारा इस तरह का शिमर और सीक्वेन गाउन डिजाइन किया गया है। यह मार्केट में लगभग 4000 रुपये से लेकर 8000 रुपये तक में आसानी से मिल जाएगा। इस तरह के गाउन के साथ न्यूड मेकअप लुक से आपको परफेक्ट लुक मिलेगा। वहीं आप ओपन स्लीक हेयर स्टाइल चुन सकती हैं।

## ग्लिटरी गाउन

इन ग्लिटरी गाउन को डिजाइनर जेनी ने डिजाइन किया है। इस गाउन में वाणी कपूर बेहज गॉर्जियश लग रही हैं। अगर आप इस गाउन के साथ यदि कोई ज्वेलरी कैरी नहीं भी करेंगी तो भी आपका लुक सबसे हटकर दिखेगा। अपने लुक को कंप्लीट करने के लिए मेसी हेयर स्टाइल चुन सकती हैं।



**अगर आप भी इवनिंग पार्टी में सेलिब्रिटी की तरह लुक पाना चाहती हैं। तो डिजाइनर व स्टाइलिश गाउन को कैरी कर सकती हैं।**



## चाहिए लंबे, घने बाल तो दालचीनी का करें इस्तेमाल

**खूबसूरत**, लंबे और घने बाल देखने में बहुत अच्छे लगते हैं। अमूमन ऐसे बाल पाने के लिए हम बाजार से कई तरह के प्रोडक्ट लेकर आते हैं, जो काफी महंगे होते हैं। लेकिन अगर आप बजट में रहकर अपने बालों की केयर करना चाहते हैं तो आपको अपनी किचन में मौजूद चीजों का इस्तेमाल करना चाहिए। इन्हीं में से एक है दालचीनी। यह आपके खाने को बेमिसाल महक व स्वाद देती है, लेकिन वहीं इसे बालों को लिए भी काफी अच्छा माना जाता है। अगर इसकी मदद से हेयर पैक बनाकर बालों में लगाया जाए तो इससे बाल कुछ ही समय में घने हो जाते हैं। इसमें मौजूद एंटी-ऑक्सिडेंट, एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटी-वायरल गुण बालों व स्कैल्प हेल्थ को बेहतर बनाते हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको दालचीनी की मदद से बनने वाले कुछ हेयर पैक बनाने के बारे में बता रहे हैं-

**दालचीनी और शहद का यह भी प्रयोग**

दालचीनी के साथ शहद और नारियल तेल को मिक्स करके एक बेहतरीन हेयर मास्क तैयार किया जा सकता है।

आवश्यक सामग्री-

- एक चम्मच दालचीनी
- एक चम्मच शहद
- एक चम्मच नारियल तेल

**इस्तेमाल का तरीका**

- सबसे पहले एक बाउल में दालचीनी, शहद और नारियल तेल को मिक्स करें और पेस्ट बना लें।
- अब आप मास्क को स्कैल्प पर लगाएं और फिर हल्के हाथों से मसाज करें।
- करीबन 20 मिनट के लिए मास्क को अपने बालों पर लगा रहने दें।
- अंत में, पानी व माइल्ड शैम्पू की मदद से बालों को क्लीन कर लें।
- आप सप्ताह में एक बार इस मास्क को अपने बालों में लगा सकते हैं।

**दालचीनी और अंडे ये भी उपयोग**

अंडे में मौजूद प्रोटीन आपके बालों को मजबूती प्रदान करता है। आप इसे दालचीनी और नारियल तेल की मदद से मिक्स करके एक मास्क बनाएं।

**आवश्यक सामग्री-**

- एक अंडा
- एक चम्मच नारियल का तेल
- एक चम्मच दालचीनी

**इस्तेमाल का तरीका**

- सबसे पहले अंडा तोड़ लें और उसे फेंट लें।
- अब इसमें नारियल तेल और ताज़ी पिसी हुई दालचीनी डालकर मिक्स कर लें।
- अब इस पेस्ट को अपनी स्कैल्प पर लगाएं और 30 मिनट के लिए ऐसे ही छोड़ दें।
- अंत में, माइल्ड शैम्पू की मदद से बालों को धो लें।

# बजट फैशन

## आप अपनी जेब खाली किए बिना इन पारंपरिक पोशाक विकल्पों के साथ अच्छे दिख सकते हैं।















- **गुलाबो जयपुर द्वारा शिराज सेट**

7,300 रुपये की कीमत वाली इस जॉर्जेट पोशाक में तारी की बारीकियां और गोटा वर्क शामिल है, जो इसे किसी भी उत्सव के अवसर के लिए आदर्श बनाता है। फ्लेयर्ड पैंट्स और कॉन्ट्रास्टिंग ऑर्गेन्जा दुपट्टा इस ट्रेडिशनल लुक में एक खास खूबसूरती जोड़ते हैं। इसके मूल में सुंदर सौंदर्यशास्त्र के साथ, यह थ्री-पीस पोशाक ठाठ, सुरुचिपूर्ण, न्यूनतर और बजट के अनुकूल है।

- **ग्लोबल देसी का कुर्ता-घरारा सेट**

चटक गुलाबी कुड़ाईदार टॉप और मैचिंग घरारा-स्टाइल पैंट के साथ, यह पोशाक, जिसकी कीमत 5,499 रुपये है, पूरी तरह से एक जातीय भावना प्रदर्शित करती है, यह पूर्णतया आसानी के साथ लुक को गहराई प्रदान करती है। हालांकि तीन-चौथाई आस्तीन और एक वी-नेक स्टाइल को बढ़ावा देते हैं, मगर पैंट पर मुद्रित बारीक डिजाइन पहनावे को ठाठ, उत्तम दर्जे का और ट्रेंडी का एक अच्छा मिश्रण बनाते हैं।

- **ऋद्धि मेहरा का चंदेरी कुर्ता-पैंट**

फ्लोरल प्रिंट्स और ट्रेंडी सिल्हूट से सजा, यह फ्यूशिया गुलाबी पहनावा एक ट्रेंडी और फेमिनिन आभा प्रस्तुत करता है। चंदेरी का काम लालित्य का प्रतीक है और पोशाक के लिए एक परिष्कृत आकर्षण पैदा करता है। कॉउचर लेबल भारतीय परिधान में एक नया मोड़ जोड़ने हेतु आलीशान कपड़े, समकालीन पैटर्न और सस्ती विलासिता के संयोजन का उपयोग करता है।

- **राधिका द्वारा सिल्क कफ्तान ड्रेस**

शुद्ध रेशम से बनी 15,000 की बरगंडी कफ्तान पोशाक में प्रेट तत्व शामिल हैं जो पोशाक को आकर्षक रूप देते हैं। थ्रेड टैसल्स और शार्प नेकलाइन पोशाक में मंद ओम्फ और लालित्य जोड़ते हैं, जो प्रत्येक रूप में राजसी और न्यूनतर है।

- **पिंक सिटी द्वारा असिमेट्रिकल कुर्ता और फार्शी पैंट**

14,000 रुपये की कीमत वाला, यह असिमेट्रिकल कुर्ता, वी-आकार की हेमलाइन और टेंपल बार्डर के साथ, एक जीवंत और स्मार्ट वाइब प्रदर्शित करता है। अंतरंग अवसर के लिए यह आदर्श फैशन विकल्प है। जहां बीच में गोटा-वर्क लुक में एक परिभाषित स्पर्श जोड़ता है, वहीं सिल्हूट पोशाक में एक अलौकिक प्रभाव लाता है।

- **नेहा चोपड़ा द्वारा वोम्ब्रे अनारकली सेट**

इस गुलाबी ओम्ब्रे अनारकली सेट में एक गुलाबी चूड़ीदार और एक तितली-मुद्रित दुपट्टा होता है जो भारतीय फैशन में एक शानदार रंगत लाता है। 12,000 रुपये की कीमत वाले इस सेट में अतिसूक्ष्मवाद और क्लासिक अपील के साथ एक प्राकृतिक और शैलीगत स्वभाव है। संगठन की पैलेट पसंद, व्यक्तिवाद और लालित्य की अपनी सुंदर अभिव्यक्ति के साथ, इसे उत्सवी मौसम के लिए एक बेहतर कट बनाती है।

- **अर्चना शाह द्वारा वीआइवरी बॉटनिकल ट्यूनिक**

पुष्प-मुद्रित अंगरखा दर्पण लालित्य और ठाठ आराम को वश में करते हैं। सिल्क बेस और ऑर्गेना ट्रिमिंग के साथ, 14,500 रुपये के इस हाथी दांत के अंगरखा में एक अच्छी तरह से फिट सिल्हूट और आकर्षक डिजाइन हैं। किसी भी पारंपरिक या इंडो-वेस्टर्न के लिए बिल्कुल सही, अंगरखा भारतीय और आधुनिक संवेदनाओं वाला एक सिलेब्रिटी विवाह है।

# आईपीएल और रणजी ट्रॉफी जैसी बल्लेबाजी करना चाहता हूं : रहाणे

## रहाणे ने भारत के अभ्यास सत्र से कहा, मैंने 18-19 महीनों के बाद वापसी की है

एजेंसी। अरुंडेल

**लगभग** 18 महीने बाद भारतीय टीम में वापसी करने वाले सीनियर बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे को बीते हुए समय को लेकर कोई खेद नहीं है और वह आस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में उसी जज्बे के साथ बल्लेबाजी करना चाहते हैं जैसी उन्होंने आईपीएल में की थी। रहाणे ने भारत के अभ्यास सत्र से कहा, मैंने 18-19 महीनों के बाद वापसी की है। अच्छा या बुरा जो कुछ भी हुआ, मैं अपने अतीत के बारे में नहीं सोचना चाहता हूं। मैं नए सिरे से शुरुआत करना चाहता हूं और मैंने



जो कुछ किया उसे जारी रखना चाहता हूं।

उन्होंने कहा, मैंने निजी तौर पर चेन्नई सुपर किंग्स की तरफ से खेलने का पूरा आनंद उठाया क्योंकि पूरे सत्र में मैंने अच्छी बल्लेबाजी की। यहां तक कि आईपीएल से पहले घरेलू सत्र में भी मेरा प्रदर्शन अच्छा रहा और मैं अच्छा महसूस कर रहा हूं। इसलिए यह वापसी मेरे

### अपनी फिटनेस पर बहुत ध्यान दिया

**रहाणे** ने अपने परिवार और दोस्तों का आभार व्यक्त किया जिन्होंने उनके राष्ट्रीय टीम से बाहर होने के दौरान उनका पूरा साथ दिया। उन्होंने कहा, यह वास्तव में मेरे लिए भावनात्मक क्षण था। जब मैं टीम से बाहर किया गया तो मेरे परिवार का समर्थन बहुत मायने रखता था। भारत की तरफ से खेलना मेरे लिए बहुत मायने रखता है और मैंने अपनी फिटनेस पर बहुत ध्यान दिया और घरेलू क्रिकेट में खेलने लगा। मुझे पूरा विश्वास था कि मैं फिर से भारत की तरफ से खेल सकता हूं।

लिए थोड़ा भावनात्मक रही। आईपीएल चैंपियन चेन्नई का हिस्सा रहे रहाणे ने अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के लिए काफी प्रशंसा बटोरी और वह इसी जज्बे के साथ आगे भी बल्लेबाजी करना जारी रखना चाहते हैं। उन्होंने कहा, मैं उसी मानसिकता और जज्बे के साथ बल्लेबाजी करना चाहता हूं जैसा मैंने यहां आने से पहले आईपीएल और रणजी ट्रॉफी में की थी। मैं प्रारूप को लेकर नहीं सोचना चाहता हूं फिर चाहे वह टी-20 हो या टेस्ट मैच। मैं अभी जिस तरह से बल्लेबाजी कर रहा हूं उसमें मैं चीजों को जटिल नहीं बनाना चाहता हूं। मैं चीजों को जितना सरल बना कर रखूंगा उतना ही मेरे लिए बेहतर होगा। भारत की तरफ से अभी तक 82 टेस्ट मैचों में 4931 रन बनाने वाले रहाणे की अगुवाई में भारत ने 2021 में ऑस्ट्रेलिया में श्रृंखला जीती थी। उन्होंने वर्तमान कप्तान रोहित शर्मा के नेतृत्व कौशल की भी तारीफ की। उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि टीम संस्कृति बहुत अच्छी है। रोहित टीम को अच्छी तरह से संभाल रहे हैं और राहुल (मुख्य कोच राहुल द्रविड़) भाई भी वास्तव में टीम को अच्छी तरह से आगे बढ़ा रहे हैं। इससे भी मदद मिलती है और टीम का माहौल शानदार है। हर खिलाड़ी एक दूसरे के साथ का पूरा लुत्फ उठा रहा है।

# पीसीबी एशिया कप की मेजबानी को लेकर श्रीलंका से नाराज

## वनडे श्रृंखला खेलने से किया इनकार

एजेंसी। कराची

**पाकिस्तान** क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) पूरे एशिया कप की मेजबानी करने में दिलचस्पी दिखाने के कारण श्रीलंका क्रिकेट से नाराज है और उसने इस देश में एक दिवसीय द्विपक्षीय श्रृंखला खेलने के प्रस्ताव को नामंजूर कर दिया है। पीसीबी के सूत्रों के अनुसार श्रीलंका ने एशिया कप के पूरे टूर्नामेंट की मेजबानी करने की इच्छा जताई है जिससे इन दोनों देशों के क्रिकेट बोर्ड के रिश्तों में खटास पैदा हो गई है।

सूत्रों ने कहा, इन दोनों देशों के क्रिकेट बोर्ड के बीच खटास पैदा होने का एक उदाहरण पीसीबी का श्रीलंका में अगले महीने एकदिवसीय श्रृंखला खेलने से इनकार करना है। पाकिस्तान को आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के अगले चक्र के तहत इस साल जुलाई में दो टेस्ट मैच खेलने के लिए श्रीलंका का दौरा करना है।

विश्वसनीय सूत्रों ने पुष्टि की कि पीसीबी ने शुरू में कहा था कि वह इस प्रस्ताव पर विचार करेगा लेकिन अब उसने इसे नामंजूर कर दिया है। उन्होंने कहा, यह स्पष्ट संकेत है कि पीसीबी सितंबर में एशिया कप की की मेजबानी करने की श्रीलंका क्रिकेट की पेशकश से खुश नहीं है जबकि इस क्षेत्रीय टूर्नामेंट की मेजबानी करने की बारी पाकिस्तान की है।

# लाबुशेन ने माना, भारतीय गेंदबाजों का सामना करना आसान नहीं होगा

एजेंसी। लंदन

**आस्ट्रेलिया** के प्रमुख टेस्ट बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन ने स्वीकार किया कि सात जून से ओवल में शुरू होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल में भारतीय गेंदबाजों का सामना करना आसान नहीं होगा, लेकिन उन्होंने कहा कि काउंटी क्रिकेट में खेलने के कारण उन्हें इस महत्वपूर्ण मैच और उसके बाद एशेज की तैयारियों में काफी मदद मिली। लाबुशेन ने कहा कि भारत ने भले ही हाल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपनी घरेलू धरती पर स्पिनरों के दम पर बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी जीती थी लेकिन उनके तेज गेंदबाज डब्ल्यूटीसी फाइनल में ड्यूक गेंदों के साथ खतरनाक साबित हो सकते हैं।

**सात जून से ओवल में शुरू होने वाली है विश्व टेस्ट चैंपियनशिप**

भारत ने अपने तेज गेंदबाजी विभाग में मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, उमेश यादव और जयदेव उनादकट को शामिल किया है जबकि ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर भी अंतिम एकादश में जगह बनाने के दावेदार होंगे। लाबुशेन ने कहा, दो महीने पहले हम भारत के खिलाफ खेले थे और वे क्या कर सकते हैं इसको लेकर हमारी राय स्पष्ट है। लेकिन ड्यूक गेंद हाथ में होने से वे (भारतीय तेज गेंदबाज) अपने कौशल का और बेहतर प्रदर्शन करने में सक्षम होंगे।



लाबुशेन हालांकि काउंटी क्रिकेट में खेलने के बाद अच्छा प्रदर्शन करने के प्रति आश्वस्त हैं। उन्होंने काउंटी मैचों में आठ पारियों में दो शतक की मदद से 504 रन बनाए। उन्होंने आईसीसी वेबसाइट से कहा, मैं पिछले पांच साल से यहां आ रहा हूं और मुझे काउंटी क्रिकेट में खेलना पसंद है। इससे काफी मदद मिलती है और फिर इस साल टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल और एशेज होनी है। इसलिए इन मैचों से पहले काउंटी क्रिकेट में खेलने से काफी मदद मिलती है। लाबुशेन ने इसके साथ ही कहा कि तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने के कारण उनकी जिम्मेदारियां बढ़ जाती हैं। उन्होंने कहा, यह स्वाभाविक है कि जो भी ऑस्ट्रेलिया की तरफ से तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करेगा उसकी काफी जिम्मेदारी होगी।

### वॉर्नर डब्ल्यूटीसी फाइनल और एशेज के लिए तैयार दिख रहे हैं: ख्वाजा

**लंदन।** आस्ट्रेलिया के बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा ने कहा कि उनके साथी सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर कड़ी मेहनत कर रहे हैं तथा भारत के डब्ल्यूटीसी फाइनल और इंग्लैंड के खिलाफ एशेज श्रृंखला के लिए तैयार दिख रहे हैं। वॉर्नर इस साल के शुरू में भारत के खिलाफ श्रृंखला में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए थे लेकिन इसके बाद इंडियन प्रीमियर लीग में दिल्ली कैपिटल्स की तरफ से खेलते हुए उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया तथा 14 मैचों में 516 रन बनाए। ख्वाजा ने आईसीसी से कहा, मैंने उसे पिछले दो दिनों से अभ्यास करते हुए देखा और मैं उस पर नजर नहीं लगाना चाहता लेकिन वह बहुत अच्छी स्थिति में दिख रहा है। वॉर्नर को डब्ल्यूटीसी फाइनल और एशेज के पहले दो मैचों के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीम में शामिल किया गया है। चयनकर्ताओं ने विकल्प के तौर पर मार्कस हैरिस और मैट रेनशॉ को भी टीम में रखा है लेकिन ख्वाजा का मानना है कि अगर वॉर्नर को अंतिम एकादश में शामिल किया जाता है तो वह अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे।

### पंजाब विवि ने खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी खेलों में फिर खिताब जीता

**लखनऊ।** पंजाब यूनिवर्सिटी ने एक सत्र के अंतराल बाद खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी खेलों में अपना ओवरआल चैम्पियन का खिताब हासिल किया। वहीं अंतिम दिन तलवारबाजी में क्लीन स्वीप करने के बावजूद अमृतसर की गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी पिछड़ गई।

राष्ट्रीय खेलों के चैम्पियन यश घंगास अंतिम दिन आकर्षण का केंद्र रहे जिन्होंने जूडो में पुरुषों के 100 किग्रा से अधिक वजन वर्ग में चौधरी बंसीलाल यूनिवर्सिटी के लिए स्वर्ण पदक जीता। चंडीगढ़ की पंजाब यूनिवर्सिटी ने कुल 69 पदक अपनी झोली में डाले जिसमें 26 स्वर्ण, 17 रजत और 26 कांस्य पदक शामिल रहे। वहीं गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी 24 स्वर्ण, 27 रजत और 17 कांस्य पदक से दूसरे स्थान पर रही और उसने पहली बार शीर्ष तीन में जगह बनाई। पिछली बार की चैम्पियन कर्नाटक की जैन यूनिवर्सिटी 16 स्वर्ण, 10 रजत और छह कांस्य पदक से तीसरे स्थान पर रही।

# महिला जूनियर एशिया कप में भारत की जीत के साथ आगाज

एजेंसी। नई दिल्ली

**जापान** के काकामीगहारा में चल रहे महिला जूनियर एशिया हॉकी कप में भारतीय टीम ने जीत के साथ आगाज किया है। शनिवार को खेले गए लीग मैच में भारत ने उज्बेकिस्तान को 22-0 से हराया। भारतीय टीम ने 12 गोल दूसरे हाफ और 10 गोल पहले हाफ में किए।

11 जून तक चलने वाले इस टूर्नामेंट 10 टीमें भाग ले रही हैं। भारतीय टीम के साथ ही चार अन्य टीमों को उनकी वर्ल्ड रैंकिंग के आधार पर अंडर -21 हॉकी टूर्नामेंट में सीधा प्रवेश मिला है, जिनमें चीन, कोरिया, जापान और मलेशिया की टीमें शामिल हैं। जबकि बाकी पांच टीमें कजाकिस्तान, हांगकांग, चीनी ताइपे, उज्बेकिस्तान और इंडोनेशिया ने पिछले साल अक्टूबर में कजाकिस्तान में आयोजित महिला



**उज्बेकिस्तान को 22-0 से हराया**

जूनियर कप के जरिए इस टूर्नामेंट में क्वालिफाई किया है।

भारतीय टीम को पूल में मलेशिया, चीनी ताइपे, दक्षिण कोरिया और उज्बेकिस्तान के साथ रखा गया है। वहीं, पूल-बी में जापान, कजाकिस्तान, हांगकांग, इंडोनेशिया और मौजूदा चैंपियन चीन शामिल है। अपने-अपने ग्रुप में आगे रहने वाली टीमें सेमीफाइनल में जाएगी। जबकि तीसरे और चौथे स्थान पर रहने वाली टीमें पांचवीं से आठवीं रैंक के क्लासिफिकेशन के लिए खेलेंगी। दोनों पूल में पांचवें स्थान पर रहने वाली टीमें 9वें और 10वें स्थान के लिए एक दूसरे से भिड़ेंगी।

### कीनिया की धाविका ने महिलाओं के 1500 मीटर दौड़ में नया विश्व रिकॉर्ड बनाया

**फ्लोरेंस।** कीनिया की फेथ किपएगोन ने गोल्डन गाला एथलेटिक्स प्रतियोगिता में महिलाओं की 1,500 मीटर दौड़ नया विश्व रिकॉर्ड बनाया। किपएगोन ने शुक्रवार को डायमंड लीग की इस प्रतियोगिता में तीन मिनट 49.11 सेकेंड का समय लेकर विश्व रिकॉर्ड स्थापित किया। वह इस दौड़ में तीन मिनट 50 सेकेंड से कम का समय निकालने वाली दुनिया की पहली महिला एथलीट बन गई हैं। दो बार के ओलंपिक चैंपियन और दो बार के विश्व चैंपियन



किपएगोन ने इथियोपिया की गेन्जेबे दिबाबा के 2015 में बनाए गए तीन मिनट 50.07 सेकंड के रिकॉर्ड को तोड़ा। किपएगोन का इससे पहले सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन तीन मिनट 50.37 सेकेंड था जो उन्होंने पिछले साल अगस्त में मोनाको में बनाया था।

# दिसंबर से पहले एशियाई कप के वास्तविक लक्ष्य के बारे में नहीं बता सकते: स्टिमक



एजेंसी। भुवनेश्वर

स्टार फुटबॉलर सुनील छेत्री 38 साल की उम्र में भारतीय फुटबॉल टीम में सबसे फिट खिलाड़ियों में शामिल हैं, लेकिन मुख्य कोच इगोर स्टिमक के लिए चिंता का विषय रक्षात्मक पंक्ति में उनसे युवा खिलाड़ियों की फिटनेस है जो अंदर बाहर होते रहते हैं। स्टिमक ने अगले साल कतर में जनवरी-फरवरी में होने वाले एशियाई कप की तैयारी के लिए चार हफ्ते का समय आदर्श बताया लेकिन इस क्रोएशियाई ने कहा कि वह दिसंबर से पहले वास्तविक लक्ष्य तय नहीं कर सकते। भारत को इस टूर्नामेंट में मजबूत आस्ट्रेलिया, सीरिया और उज्बेकिस्तान के साथ रखा गया है। उन्होंने एशियाई कप के बारे में कहा, अभी कोई वास्तविक लक्ष्य नहीं है। हम दिसंबर में इस बारे में बात कर सकते हैं जब हमें पता चलेगा कि हमें कितना समय मिलेगा तभी हम इसके वास्तविक लक्ष्य के बारे में बता सकते हैं।

स्टिमक ने कहा, मैं चरण के बारे में नहीं बता सकता हूं। भारत कभी भी ग्रुप में बेहतर स्थान पर नहीं रहा है इसलिए जो भी हमने हासिल किया है, वही हमारी उपलब्धि रहेगी। भारत 2011 और 2019 में टूर्नामेंट के पिछले दो चरण में ग्रुप चरण में ही बाहर हो गया था। कप्तान छेत्री के बारे में स्टिमक ने कहा कि वह करीब दो दशक तक शीर्ष स्तर फुटबॉल खेलने के बाद भी उनकी टीम के सबसे फिट खिलाड़ियों में शुमार हैं। स्टिमक ने वर्चुअल प्रेस कांफ्रेंस में कहा, सुनील हमेशा ही आदर्श रहा है और वह हर लिहाज से लड़कों और लड़कियों के लिए आदर्श है। वह सिर्फ बात नहीं करता बल्कि वह अपने नतीजों से दिखा भी रहा है। एशियाई कप में अभी आठ महीने बचे हैं और स्टिमक ने कहा कि टीम अपनी फिनिशिंग, पासिंग में सुधार करने की कोशिश करेगी। उन्होंने कहा, एशियाई कप से पहले भारत कुछ टूर्नामेंट मर्डेका कप, इंटरकांटिनेंटल कप खेलेगा।

# जोकोविच संघर्षपूर्ण जीत से फ्रेंच ओपन के चौथे दौर में

## तीन सेट में जीत दर्ज करने के लिए तीन घंटे 36 मिनट का समय लिया

एजेंसी। पेरिस

**नोवाक** जोकोविच ने दर्शकों के एक समूह की नकारात्मक टिप्पणियों के बावजूद अपना धैर्य बनाए रखा और साढ़े तीन घंटे से भी अधिक समय तक चले मैच में जीत दर्ज करके फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के चौथे दौर में प्रवेश किया।

जोकोविच को तीसरे दौर के मैच में 29वीं वरीयता प्राप्त अलेजांद्रो डेविडोविच फोकिना को हराने के लिए काफी पसीना बहाना पड़ा। उन्होंने यह



मैच 7-6 (4), 7-6 (5), 6-2 से जीता। बाइस बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन जोकोविच के करियर में यह पहला अवसर है जबकि उन्होंने किसी ग्रैंड स्लैम प्रतियोगिता में तीन सेट में जीत दर्ज करने के लिए तीन घंटे 36 मिनट का समय लिया। इस बीच दर्शकों के एक वर्ग ने उनकी हाल की राजनीतिक टिप्पणियों के लिए उन पर ताने भी कसे। जोकोविच इससे नाखुश दिखे। उन्होंने बाद में कहा, अधिकतर दर्शक टेनिस का आनंद लेने या किसी खिलाड़ी का समर्थन करने के लिए आते हैं, लेकिन यह कुछेक दर्शक हैं जो आपके हर काम का मजाक उड़ाना चाहते हैं।

# एफआईएच प्रो लीग 2022-23 में भारत ने किया उलटफेर

## ओलिंपिक चैंपियन बेल्जियम को 5-1 से हराया, कप्तान हरमनप्रीत ने किए दो गोल

एजेंसी। नई दिल्ली

**भारतीय** पुरुष हॉकी टीम ने शुक्रवार को लंदन में खेले जा रहे एफआईएच प्रो लीग 2022-23 में ओलिंपिक चैंपियन बेल्जियम को 5-1 से करारी शिकस्त दी। भारतीय टीम ने एफआईएच प्रो लीग में अपने यूरोपीय लेग में लगातार हार के बाद शाानदार वापसी की।

इससे पहले, भारतीय टीम को यूरोपीय लेग के शुरुआती मैच में 26 मई को बेल्जियम से 1-2 से हार मिली और फिर अगले दिन उसे ब्रिटेन से 2-4 से हार का सामना करना पड़ा। इस जीत के बाद भारत एफआईएच प्रो लीग 2022-23 पॉइंट्स टेबल में दूसरे स्थान पर खिसक गया। भारत की ओर से विवेक सागर प्रसाद (पहले मिनट), हरमनप्रीत सिंह (20, 29वें मिनट), अमित रोहिदास ने (28वें मिनट) और दिलप्रीत सिंह ने (60वें मिनट) में गोल किए। जबकि बेल्जियम की तरफ से विलियम घिसलेन ने 45वें मिनट में एकमात्र गोल किया।

एफआईएच प्रो लीग 2022-23 में अबतक खेले गए मुकाबलों में सबसे ज्यादा गोल कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने किया है। उनके नाम 11 मैचों में 15 गोल हैं।

### राफेल नडाल के कूल्हे का ऑपरेशन किया गया

**पेरिस।** राफेल नडाल के बाएं कूल्हे की शुक्रवार रात आर्थेस्कोपिक सर्जरी की गई। इस चोट के कारण उन्हें अपने करियर में पहली बार फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट से बाहर रहना पड़ा। नडाल के प्रवक्ता बेनिटो पेरेज बारबाडिलो ने बताया कि फ्रेंच ओपन में रिकॉर्ड 14 बार चैंपियन रहे इस स्टार खिलाड़ी का बार्सिलोना में ऑपरेशन किया गया। नडाल शनिवार को अपना 37वां जन्मदिन भी मना रहे हैं। स्पेन के इस खिलाड़ी ने 18 जनवरी को ऑस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे दौर में मैकेंज़ी मैकडॉनल्ड हारने के बाद कोई मैच नहीं खेला है। नडाल ने 18 मई को घोषणा की थी कि चोटिल होने के कारण वह अपने पसंदीदा टूर्नामेंट फ्रेंच ओपन में भाग नहीं ले पाएंगे।

# लक्ष्य सेन को थाईलैंड ओपन के सेमीफाइनल में मिली हार

एजेंसी। बैंकॉक

**थाईलैंड** ओपन बैडमिंटन में भारतीय चुनौती समाप्त हो गई जब लक्ष्य सेन पुरुष एकल सेमीफाइनल में शनिवार को थाईलैंड के दूसरी वरीयता प्राप्त कुंलावुत विदितसर्न से हारकर बाहर हो गए। अलमोड़ा के 21 वर्ष के सेन ने पहले गेम में शानदार प्रदर्शन किया लेकिन उस लय को कायम नहीं रख सके और 21-13, 17-21,13.21 से हार गए।

कुंलावुत का सामना अब हांगकांग के आठवीं वरीयता प्राप्त चियुक यिउ ली और फ्रांस के टोमा जूनियर पोपोव के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। लक्ष्य इस सत्र में पहले सेमीफाइनल में पहुंचे थे। इससे पहले इंडोनेशिया मास्टर्स के क्वार्टर फाइनल में हारकर बाहर हो गए थे। इस साल औसत प्रदर्शन के कारण उनकी रैंकिंग छह से गिरकर 23 हो गई। दोनों खिलाड़ियों के बीच पहला गेम बराबरी का रहा लेकिन लक्ष्य ने ब्रेक के समय 11-6 की बढ़त बना ली। ब्रेक के बाद थाई खिलाड़ी ने लगातार चार अंक बनाए और अंतर 11-10 का कर दिया।

लक्ष्य ने सही समय पर शानदार खेल दिखाया और पहला गेम आसानी से जीत लिया।

दूसरे गेम में उन्होंने काफी संघर्ष किया और दस अंक तक मुकाबला बराबरी का रहा। इसके बाद कुंलावुत ने क्रॉसकोर्ट पर स्मैश लगाकर 12-10 से बढ़त बना ली।

# पोल वॉल्ट के एथलीट कोरिया पहुंचे, उपकरण दिल्ली हवाई अड्डे पर अटके

## तकनीकी कारणों से उन्हें उपकरण साथ ले जाने की अनुमति नहीं दी

एजेंसी। नई दिल्ली

**भारत** के पोल वाल्ट के दो एथलीटों का दक्षिण कोरिया के एचियन में रविवार से शुरू हो रही एशियाई अंडर-20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भाग लेना संदिग्ध है क्योंकि दक्षिण कोरिया और एयर इंडिया ने तकनीकी कारणों से उन्हें उपकरण साथ ले जाने की अनुमति नहीं दी। देव कुमार मीणा (पुरुषों के पोल वॉल्ट) और सुनील कुमार को रविवार (कल)को अपनी-अपनी स्पर्धाओं में भाग लेना है लेकिन वह अपने उपकरणों के बिना ही दक्षिण कोरियाई उड़ान से शुक्रवार को सियोल के लिए रवाना हो गए। दक्षिण कोरियाई एयरलाइंस का एयर



इंडिया से गठजोड़ है।

भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) के एक अधिकारी के अनुसार यहां तक कि एयर इंडिया ने भी शुक्रवार को इन खिलाड़ियों के पोल ले जाने से इंकार कर दिया। अधिकारी ने बताया कि एयर इंडिया ने इन दोनों खिलाड़ियों के पांच मीटर लंबे तीन पोल को उनका लंबाई से जुड़े मसलों के कारण ले जाने से इंकार कर दिया। उन्होंने कहा, यह दोनों खिलाड़ी दक्षिण कोरिया पहुंच चुके हैं लेकिन उनके पोल दिल्ली हवाई अड्डे पर लटके हुए हैं। एयर इंडिया ने कहा कि वर्तमान नियमों के अनुसार वह उनके पांच मीटर लंबे पोल को ले जाने की अनुमति नहीं दे सकता। यह बड़ी अजीब स्थिति है कि हमारे खिलाड़ी पिछले साल इसी तरह के पोल के साथ दक्षिण कोरिया के बुसान गए थे।

अधिकारी ने कहा, हम कल दोपहर से इधर-उधर चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन एयर इंडिया मानने को तैयार नहीं है। हम अब फेडएक्स एक्सप्रेस कार्गो से उनके उपकरण कोरिया भेजने की कोशिश कर रहे हैं। भारत का 55 सदस्यीय दल शुक्रवार की शाम को दक्षिण कोरिया के लिए रवाना हुआ लेकिन टीम के साथ जा रहे प्रशिक्षकों से कहा गया कि वह तीन पोल और साथ ही भाला ले जाने की अनुमति नहीं देंगे। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ ने एक ट्रेवल एजेंसी की मदद से एयर इंडिया के जरिए टिकट बुक कराए थे। दो कोच को छोड़कर भारतीय दल दक्षिण कोरिया रवाना हो गया। यह दोनों कोच पोल और भाला ले जाने के लिए रुके रहे। बाद में भाला ले जाने की अनुमति तो दी गई, लेकिन पोल ले जाने की अनुमति नहीं मिली।

### प्रतियोगिता में भारत का 55 सदस्यीय दल भाग लेगा

**अधिकारी** ने कहा, यह दोनों खिलाड़ी बेंगलुरु से घरेलू उड़ान से अपने पोल दिल्ली लेकर आए थे और तब कोई समस्या नहीं हुई थी। इस बार यह मामला अलग क्यों है मैं नहीं जानता। उन्होंने कहा, यह दोनों खिलाड़ी पोल के नहीं पहुंचने पर भी प्रतियोगिता में हिस्सा ले सकते हैं लेकिन अमूमन पोल खिलाड़ी के कद को देखकर तैयार किए जाते हैं। ऐसे में अधिक उनको अपनी साइज के पोल मिल जाते हैं तो वे प्रतिस्पर्धा में भाग ले सकते हैं। अपने साइज के पोल नहीं मिलने पर वे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर पाएंगे। चार से सात जून तक होने वाली इस प्रतियोगिता में भारत का 55 सदस्यीय दल भाग लेगा, जिसमें 45 एथलीट और 10 कोच शामिल हैं।